धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात
रांची, रविवार
13.04.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net वैशाख, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा, संवत् 2082 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 268 khabarmantralive.com

## न्यूज डायरी

### झारखंड को मिलेंगे तीन नये आइपीएस

रांची। यूपीएससी सिविल सर्विस एग्जाम से झारखंड को तीन नये आइपीएस मिलेंगे। एग्जाम 2023 में सेलेक्ट हुए दो सौ अभ्यर्थियों को कैडर अलॉट कर दिया गया है। झारखंड को इस बैच से तीन नये आईपीएस मिलेंगे, जिसमें से एक को होम कैडर मिला है। ऑल इंडिया 617 रैंकवाले अंकित सिन्हा को होम कैडर झारखंड मिला है। वहीं आल इंडिया 89 रैंक बिहार की साक्षी जुमार को झारखंड कैडर मिला है। वहीं 611 रैंक तमिलनाडु के राजकुमार जयाराजू को झारखंड कैडर मिला है। झारखंड के (92 रैंक) प्रखर कुमार को गुजरात कैडर आवंटित हुआ है।

### सीबीआइ को हर मामले की जांच देना सही नहीं

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि हर मामले की जांच सीबीआइ को सौंप देना उचित नहीं है। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि हाईकोर्ट को केवल उन मामलों में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने का निर्देश देना चाहिए, जहां प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता हो कि सीबीआई से जांच कराने की आवश्यकता है। सीबीआई जांच का निर्देश नियमित तरीके से या कुछ अस्पष्ट आरोपों के आधार पर नहीं दिया जाना चाहिए। न्यायालय ने कहा, बिना किसी निश्चित निष्कर्ष के अगर और मगर जैसे तर्क सीबीआई जैसी एजेंसी को जांच का निर्देश देने के लिए पर्याप्त नहीं है।

### वक्फ बिल के विरोध में प्रदर्शन में पूर्व मंत्री भी

गढ़वा। जिला मुख्यालय में शनिवार को वक्फ संशोधन बिल के विरोध में एक बड़ा आंदोलन देखने को मिला। अल्पसंख्यक अधिकार मंच के बैनर तले मुस्लिम समुदाय के हजारों लोग सड़कों पर उतरे और नारों के साथ जुलूस निकालते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ नाराजगी जाहिर की। प्रदर्शन में पूर्व मंत्री मिथलेश ठाकुर ने भी भाग लिया। प्रदर्शनकारी मझिआंव मोड़ से टाउन हॉल मैदान तक मार्च किये।

### वक्फ बिल के खिलाफ हिंसा में तीन की मौत

कोलकाता। वक्फ कानून को लेकर पश्चिम बंगाल के कई जगहों पर हिंसक प्रदर्शन हुए। पुलिस प्रशासन का कहना है कि स्थिति नियंत्रण में है। राज्य के मुर्शिदाबाद के कई इलाकों में विरोध प्रदर्शन हुआ। हिंसक प्रदर्शन के दौरान तीन लोगों के मारे जाने की खबर है। कई पुलिस कर्मी घायल हैं। वहीं, सुती, समसेरगंज में एक सरकारी वाहन सहित कई अन्य गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया गया। पुलिस पर बम फेंके और गोलीबारी की।

### सतुआनी 14 और जुड़ शीतल पर्व 15 को

रांची। पूरे राज्य भर में 14 अप्रैल को सतुआनी पर्व मनाया जायेगा। इस दिन लोग दिन में सतु, हाथ का पंखा, मिट्टी का घड़ा, आम का टिकोला, गुड़, बेल और मीठे फल का सेवन करते हैं एवं दान करते हैं। वहीं 15 अप्रैल को मिथिला का लोक पर्व जुड़ शीतल मनाया जायेगा।

## राज्य विधानसभाओं से पारित विधेयकों पर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

# तीन महीने के भीतर राष्ट्रपति भी अपना फैसला सुनायें

एजेंसी

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों के संबंध में बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने पहली बार राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों पर निर्णय लेने के लिए राष्ट्रपति को तीन महीने की अवधि तय कर दी। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस अवधि से अधिक देरी होने पर उचित कारण बताये जाने चाहिए और संबंधित राज्य को इसकी जानकारी दी जानी चाहिए। न्यायमूर्ति पारदीवाला ने कहा, निष्क्रियता के परिणाम गंभीर प्रकृति के हैं और संविधान के संघीय ढांचे के लिए हानिकारक हैं। इसलिए अनुच्छेद 201 के तहत राष्ट्रपति की ओर से अनावश्यक देरी की कोई गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। पीठ ने कहा, हालांकि हम इस तथ्य से परिचित हैं कि अनुच्छेद 201 के तहत अपनी शक्तियों का निर्वहन करते हुए, राष्ट्रपति से विधेयक पर 'विचार' करने की अपेक्षा की जाती है। इस तरह के 'विचार' को सख्त समय सीमा में बांधना कठिन हो सकता है, फिर भी यह राष्ट्रपति की ओर से निष्क्रियता को उचित ठहराने का आधार नहीं हो सकता है। पीठ ने कहा कि तीन महीने के भीतर निर्णय महत्वपूर्ण है, क्योंकि संविधान के अनुच्छेद 201 के तहत राष्ट्रपति के निर्णय के लिए कोई समय सीमा निर्धारित नहीं की गयी है।

### निष्क्रियता संघीय ढांचे के लिए हानिकारक | अनावश्यक देरी की गुंजाइश नहीं होनी चाहिए

#### केंद्र-राज्य संबंध अहम कारण

पीठ ने कहा कि सरकारिया आयोग ने पाया कि राष्ट्रपति के विचार के लिए आरक्षित विधेयकों के शीघ्र निपटान में देरी केंद्र-राज्य संबंधों में तनाव का एक प्रमुख कारण है। पीठ ने कहा कि उसने भी यह भी सिफारिश की है कि अनुच्छेद 201 के तहत संदर्भों के निपटान की सुविधा के लिए निश्चित समय सीमा अपनायी जानी चाहिए। पीठ ने कहा कि अनुच्छेद 201 में समय सीमा निर्धारित करने का सुझाव पुंछी आयोग ने भी दिया था। 1983 में सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति आर एस सरकारिया की अध्यक्षता में सरकारिया आयोग का गठन किया गया था। इसका उद्देश्य संघ और राज्यों के बीच मौजूदा व्यवस्थाओं के कामकाज की समीक्षा करना था। पुंछी आयोग भी केंद्र-राज्य संबंधों पर था और 2007 में भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एम एम पुंछी के नेतृत्व में इसकी स्थापना की गयी थी।



**अनिवार्य मंजूरी बाध्यता नहीं :** पीठ ने कहा, 'अनुच्छेद 201 के तहत किसी विधेयक को अनिवार्य रूप से मंजूरी देने के लिए राष्ट्रपति पर कोई बाध्यता नहीं है। यदि राज्यपाल अपने विवेक से कार्य करता हुए किसी विधेयक को राष्ट्रपति के विचार के लिए आरक्षित कर देता है, तो इसके राज्य विधानसभा द्वारा विधेयक को पारित करना निरर्थक हो जायेगा, यदि राष्ट्रपति उस विधेयक को अपने पास लंबित रखते हैं या ऐसे विधेयक को मंजूरी देने से मना कर देते हैं।

#### राष्ट्रपति अपवाद नहीं

पीठ ने अपने 415 पन्नों के फैसले में कहा, 'राष्ट्रपति इस डिफॉल्ट नियम का अपवाद नहीं है जो हमारे पूरे संविधान में व्याप्त है। ऐसी बेलगाम शक्तियां इन संवैधानिक पदों में से किसी में भी नहीं रह सकतीं। न्यायमूर्ति पारदीवाला ने कहा कि बिना किसी औचित्य या आवश्यकता के अनुच्छेद 201 के तहत संदर्भ पर निर्णय लेने में राष्ट्रपति की ओर से की गयी देरी, इस बुनियादी संवैधानिक सिद्धांत के विरुद्ध होगी कि शक्ति का प्रयोग मनमाना और स्वेच्छाचारी नहीं होना चाहिए।

#### क्या था मामला

यह फैसला तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि से जुड़े एक मामले के संबंध में आया। अदालत ने तमिलनाडु के राज्यपाल की कार्रवाई को अवैध और गलत घोषित किया। राज्यपाल आर एन रवि द्वारा 10 विधेयकों को नवंबर 2023 में राष्ट्रपति के विचार के लिए भेजा गया जबकि राज्य विधानसभा उन पर पहले ही पुनर्विचार कर चुकी थी। न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने कहा कि राज्यपाल के पास किसी विधेयक पर 'पूर्ण वीटो' का प्रयोग करने का अधिकार नहीं है, 'हमें कोई कारण नहीं दिखता कि यही मानक अनुच्छेद 201 के तहत राष्ट्रपति पर भी लागू क्यों नहीं होगा।

## झारखंड का लोकतंत्र है बेहद मजबूत : ज्ञानेश कुमार

# ईवीएम से चुनाव पूरी तरह सुरक्षित

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची, रामगढ़। भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार झारखंड दौरे के दूसरे दिन शनिवार को रामगढ़ पहुंचे। यहां उन्होंने झारखंड के लोकतंत्र की सराहना की। उन्होंने कहा कि झारखंड प्रदेश में लोकतंत्र बेहद मजबूत है। यहां सभी मतदाताओं का नाम वोटर लिस्ट में शामिल है और वे बढ़-चढ़कर लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा लेते हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि भारत का ईवीएम पूरी तरह से सुरक्षित है। ईवीएम से होने वाला चुनाव भी पूरी तरीके से सुरक्षित है। ना तो कोई इसे हैक कर सकता है और ना ही कोई सवाल खड़ा कर सकता है। रामगढ़ पहुंच उन्होंने सबसे पहले रजरप्पा स्थित प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां छिन्नमस्तिका मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना और हवन किया।

**जोहार से किया संबोधन :** झारखंड के मतदाताओं को जोहार शब्द से संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यहां की डेमोक्रेसी काफी अच्छी है। बेहतर मतदाताओं से मिलने का सौभाग्य मुझे मिला है। उनके साथ झारखंड के मुख्य निर्वाचन आयुक्त के रवि, सहायक निर्वाचन आयुक्त डॉ नेहा, रामगढ़ डीसी चंदन कुमार, एसपी अजय कुमार और निर्वाचन कार्य से जुटे अधिकारी मौजूद थे।

**झारखंड आकर गर्व की अनुभूति :** पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि झारखंड की देवभूमि पर आकर यहां के लोकतांत्रिक उत्साह को देखकर गर्व महसूस हो रहा है। वॉलंटियर्स के साथ संवाद कर यह स्पष्ट हुआ कि झारखंड में लोकतंत्र की नींव मजबूत है। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि 18 वर्ष की आयु पूरी होते ही अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराना सुनिश्चित करें।

#### मां छिन्नमस्तिका मंदिर में हवन पूजन



मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने रजरप्पा स्थित प्रसिद्ध मां छिन्नमस्तिका मंदिर में सपरिवार पूजा-अर्चना की और मां का आशीर्वाद लिया। इस दौरान वे मंदिर में आयोजित हवन कार्यक्रम में भी शामिल हुए। मुख्य चुनाव आयुक्त की यह यात्रा धार्मिक और व्यक्तिगत थी। उनकी उपस्थिति को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम थे। सभी ने विधिवत पूजा-पाठ कर मां छिन्नमस्तिका से क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न होने की कामना की।

**वॉलिंटियर्स और बीएलओ के साथ की वार्ता :** मुख्य चुनाव आयुक्त ने रजरप्पा सीसीएल गेस्ट हाउस में चुनाव के दौरान काम करने वाले वॉलिंटियर्स और बूथ लेवल ऑफिसर के साथ वार्ता की। उन्होंने कहा कि सभी के सुझाव और कार्यों में कोई कमी नहीं रही है। यही वजह है कि झारखंड में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव बेहद सफल रहे हैं। यहां मतदान का प्रतिशत भी काफी अच्छा रहा है। मां छिन्नमस्तिका की पूजा के बाद सीसीएल गेस्ट हाउस में एक्सपीरियंस शेयरिंग कार्यक्रम में भाग लिया। वॉलिंटियर्स ने अपने चुनावी अनुभव साझा किये। मुख्य चुनाव आयुक्त ने गंभीरता से चर्चा की और उनकी सराहना की।

# चाईबासा में धमाका, एक जवान शहीद, एक घायल

## जगुआर के शहीद कांस्टेबल सुनील धान खूंटी के निवासी थे

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड के चाईबासा जिले में पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ और आइइडी ब्लास्ट में झारखंड जगुआर के कांस्टेबल सुनील धान शहीद हो गये। वहीं मुठभेड़ में कोबरा का एक जवान घायल भी हुआ है। दोनों घायल जवानों को एयरलिफ्ट कर रांची लाया गया था, लेकिन इलाज के क्रम में सुनील वीरगति को प्राप्त हो गये। वह मूल रूप से खूंटी के रहनेवाले थे। ब्लास्ट के बाद नक्सलियों की तरफ से पुलिस पर फायरिंग भी की गयी। सुरक्षाबलों ने इसका करारा जवाब दिया है। इलाके में कोबरा और झारखंड जगुआर के जवानों के द्वारा अभी भी अभियान जारी है।

**जराइकेला में हुआ ब्लास्ट :** झारखंड पुलिस मुख्यालय की तरफ से दी गयी जानकारी के अनुसार,नक्सलियों ने जराइकेला के जंगली क्षेत्र में पहले से ही आइइडी जमीन के अंदर छिपा रखा था। शनिवार को सर्च अभियान पर निकले जवान आईईडी में ब्लास्ट की चपेट में आ गये। ब्लास्ट में 203 कोबरा बटालियन के आरओ विष्णु सैनी और झारखंड जगुआर के कांस्टेबल सुनील धान गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनों जवानों को हेलीकॉप्टर के माध्यम से तत्काल एयरलिफ्ट कर रांची भेजा लाया गया। इलाज के क्रम में घायल सुनील धान ने दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार नक्सलियों के द्वारा दो बार आईईडी ब्लास्ट किया गया, ब्लास्ट में ही सुनील को गंभीर चोट लगी थी।

#### एक माह में दो शहीद



शहीद कांस्टेबल सुनील धान की फाइल फोटो व घायल को ले जाती टीम।

चाईबासा में एक महीने के भीतर नक्सलियों के आईईडी ब्लास्ट में दो जवान शहीद हो चुके हैं। 22 मार्च 2025 को चाईबासा में ही नक्सलियों से लोहा लेते हुए सीआरपीएफ के सब इंस्पेक्टर सुनील मंडल वीरगति को प्राप्त हुए थे। वह भी अपनी टीम के साथ सर्च अभियान पर थे। चाईबासा के छोटानागरा थाना क्षेत्र के जंगली क्षेत्र में आईईडी की चपेट में आ गये थे। उनके साथ एक अन्य जवान जीडी पार्थ घायल हो गए थे। आनन-फानन में दोनों को हेलीकॉप्टर से रांची लाया गया था। डॉक्टरों ने सब इंस्पेक्टर सुनील कुमार मंडल को अस्पताल में मृत घोषित कर दिया था।

## झामुमो अधिवेशन की तैयारी



14 अप्रैल को बाबा साहेब आंबेडकर जयंती के शुभ अवसर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा का दो दिवसीय 13वां महाधिवेशन रांची के खेलगांव में शुरू होने जा रहा है। महाधिवेशन को लेकर चल रही तैयारियों का सीएम ने शनिवार को जायजा लिया और अधिकारियों को कई निर्देश दिये।

## 14 को सीएम तपोवन मंदिर की आधारशिला रखेंगे

रांची। ऐतिहासिक तपोवन मंदिर का मंदिर का शिलान्यास 14 अप्रैल को होगा। नये रूप में बनने वाले इस तपोवन मंदिर की आधारशिला मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रखने जा रहे हैं। शिला पूजन कार्यक्रम में सीएम अपनी धर्मपत्नी कल्पना सोरेन के साथ मौजूद रहेंगे। करीब 100 करोड़ की लागत से बन रहा यह ऐतिहासिक मंदिर अगले तीन वर्षों में नये रूप में दिखेगा। मंदिर में वही संगमरमर लगेगा जो ताजमहल में लगा है। महंत ओमप्रकाश शरण के अनुसार इस मौके पर अयोध्या से रामाश्रय शरण सहित बड़ी संख्या में महात्मा मौजूद रहेंगे। शिला पूजन दिन के 11 बजे से दिन के 2 बजे तक होगा। अयोध्या से आये महंत रामनरेश शर्मा ने कहा कि यह ठाकुर जी की कृपा है जिसके कारण भव्य मंदिर बनाने का संकल्प लिया।

# टीएसपीसी के दो सब जोनल कमांडर समेत छह गिरफ्तार


खबर मन्त्र संवाददाता

लातेहार। जिला पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के दो सबजोनल कमांडर समेत छह उग्रवादियों को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार उग्रवादियों में नारायण भोक्ता उर्फ आदित (हेसाबार, बालूमाथ) सबजोनल कमांडर आलोक यादव उर्फ अमरेश यादव (बारा, पांकी, पलामू), एरिया कमांडर अमित दुबे उर्फ छोटे बाबा (पथरई,लेस्लीगंज), महेंद्र ठाकुर व इमरान अंसारी (दोनों बरैनी, चतरा), संजय उरांव उर्फ भगत (अलौदिया, चंदवा) का रहने वाला है। लातेहार पुलिस की यह बड़ी सफलता मानी जा रही है। एसपी कुमार गौरव ने प्रेस वार्ता में बताया कि गिरफ्तार नक्सलियों के पास से चार राइफल, एक ऑटोमेटिक रिवॉल्वर, 1102 राउंड गोली, तीन पाउच, दो वर्दी, दो बाइक और नक्सली पर्चा बरामद किया है। उन्होंने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि बालूमाथ थाना क्षेत्र के हेसाबार-भांग जंगल में टीएसपीसी के नक्सली किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। इसी सूचना पर बालूमाथ एसडीपीओ के नेतृत्व में टीम ने जंगल में घेर कर सभी को गिरफ्तार कर लिया। एसपी ने बताया कि ये सभी उग्रवादी पहले जेल जा चुके हैं। जेल से छूटने के बाद फिर से टीएसपीसी संगठन को सक्रिय कर रहे थे। लातेहार, गढ़वा, पलामू और चतरा जिले के व्यवसायियों और ठेकेदारों से जबरन वसूली कर रहे थे। पिछले चार-पांच महीने से यह पूरी टीम सक्रिय थी। गिरफ्तार सभी उग्रवादियों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं।

# भारत के आसमान में आज दिखेगा पिंक मून

एजेंसी

■ यह एक माइक्रोमून होगा, जो सामान्य से छोटा दिखायी देगा



हैदराबाद। भारतीय आकाश को देखने वाले लोग एक शांतिपूर्ण और खूबसूरत खगोलीय नजारे के लिए तैयार रहें। यह खगोलीय घटना रविवार की सुबह अपने चरम पर पहुंचेगी। पूरा देश आसमान में गुलाबी चांद को देखेगा। खास बात यह है कि लोग इस खगोलीय घटना को अपने घरों, बालकनी और छतों से देख सकते हैं।

**कहां और कब दिखेगा पिंक मून :** खबरों के अनुसार अनुसार, यह अनोखा खगोलीय घटना भारत में रविवार, 13 अप्रैल, को सुबह 5:52 बजे देखी जा सकती है। इच्छुक आकाशदर्शी वेबसाइट पर जाकर अपने क्षेत्र के लिए समय की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। गुलाबी चंद्रमा को पूरे भारत में लोग देख सकते हैं। पिंक मून को देखने का पूरा अनुभव पाने शहरी क्षेत्र के लोग ऊंची इमारतों या खुली छतों पर जा कर इसको देख सकेंगे। वहीं ग्रामीण क्षेत्र के लोग खगोलीय घटना को देखने के लिए एक आदर्श स्थान होगा।





## नेशनल हेराल्ड केस में प्रवर्तन निदेशालय का बड़ा एक्शन

# कुर्क संपत्तियों पर कब्जा लेने का इडी ने जारी किया नोटिस

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने 661 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति पर कब्जे के लिए नोटिस जारी किया है। इडी ने इन संपत्तियों को उसने कांग्रेस नियंत्रित एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) के खिलाफ धन शोधन मामले की जांच में कुर्क किया था। संघीय जांच एजेंसी ने बयान में कहा कि उसने दिल्ली में आइटीओ स्थित हेराल्ड हाउस, मुंबई के बांद्रा इलाके में स्थित परिसर और लखनऊ में विशेश्वर नाथ मार्ग स्थित एजेएल बिल्डिंग पर ये नोटिस चस्पा किये हैं। नोटिस में परिसर खाली करने या मुंबई की संपत्ति के मामले में किराये को इडी को सौंपने के लिए कहा गया है। धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धारा (8) और नियम 5(1) के तहत यह कार्रवाई की गयी है, जो इडी की ओर से कुर्क की गई और अथॉरिटी से पुष्टि की गई संपत्तियों पर कब्जे की प्रक्रिया का प्रावधान करता है। इन अचल संपत्तियों को ईडी ने नवंबर 2023 में कुर्क किया था। प्रवर्तन निदेशालय का मनी लॉन्ड्रिंग का यह मामला एजेएल और यंग इंडियन के खिलाफ है। नेशनल हेराल्ड एजेएल की ओर से प्रकाशित किया जाता है और इसका स्वामित्व यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड के पास है।

#### ...आखिर सोनिया और राहुल गांधी का कैसे आया नाम

कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी यंग इंडियन के प्रमुख शेयरधारक हैं। उनमें प्रत्येक के पास 38 प्रतिशत शेयर हैं। इडी का आरोप है कि यंग इंडियन और एजेएल की संपत्तियों का इस्तेमाल 18 करोड़ रुपये के फर्जी दान, 38 करोड़ रुपये के फर्जी अग्रिम किराये और 29 करोड़ रुपये के फर्जी विज्ञापनों के रूप में अपराध की आय अर्जित करने के लिए किया गया। बता दें कि नेशनल हेराल्ड अखबार 1938 में प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने शुरू किया था। एजेएल की ओर से यह प्रकाशित होता था। 2010 में YIL नामक कंपनी बनी, जिसमें सोनिया और राहुल गांधी की 38-38 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। आरोप है कि IL ने AJL की 90 करोड़ रुपये की देनदारी को मात्र 50 लाख रुपये में हासिल कर लिया और AJL की संपत्तियां (जिनकी कीमत करोड़ों में थी) पर नियंत्रण कर लिया।



# देशभर में यूपीआइ लेनदेन में दिक्कत

एजेंसी

नयी दिल्ली। यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) के जरिए आज शनिवार को डिजिटल पेमेंट करने में देशभर के लाखों लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। तकनीकी खराबी के कारण कई यूजर्स न तो खरीदारी कर पाए और न ही बिल भुगतान या अन्य ऑनलाइन लेनदेन कर सके। इस समस्या की पुष्टि एनपीसीआई (भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम) ने की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर बताया कि तकनीकी परेशानी के कारण यूपीआई सेवा बाधित हुई है और इसे ठीक करने का काम जारी है। ऑनलाइन आउटेज ट्रैकर डाउन डिटेक्टर के अनुसार दोपहर 1 बजे तक 2,358 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें 81 प्रतिशत पेमेंट फेल होने और 17 प्रतिशत फंड ट्रांसफर से जुड़ी रहीं।

## झारखंड में एक जून से लागू हो नयी उत्पाद नीति !

**रांची।** झारखंड में नयी उत्पाद नीति एक जून से लागू होगी। नयी उत्पाद नीति के ड्राफ्ट को विभागीय मंत्री की सहमति के बाद राजस्व पर्षद, वित्त विभाग और विधि विभाग के पास भेजा गया है। जानकारी के अनुसार, वित्त विभाग ने प्रस्तावित नीति के कुछ बिंदुओं पर उत्पाद विभाग से जानकारी मांगी है। उत्पाद नीति को संबंधित विभागों से स्वीकृति मिलने के बाद कैबिनेट की स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा। विभागीय सूत्रों का कहना है झारखंड में नयी उत्पाद नीति को लेकर तेजी से काम चल रहा है। नयी उत्पाद नीति के तहत खुदरा शराब दुकानों का आवंटन ई लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। इसके लिए एनआईसी द्वारा एक सॉफ्टवेयर तैयार किया गया है, जिसका परीक्षण विभागीय स्तर पर किया जा रहा है। नयी उत्पाद नीति लागू होने के बाद झारखंड में शराब की कीमतें कम होने की संभावना है। इससे राज्य के लोगों को शराब खरीदने में राहत मिल सकती है। वर्तमान में झारखंड में विभिन्न प्रकार की शराब की कीमतें अलग-अलग हैं। जैसे कि व्हिस्की, रम, बीयर आदि। नई उत्पाद नीति लागू होने के बाद इन कीमतों में बदलाव हो सकता है।

### बाबूलाल का बैक टू बैक ट्वीट, शिक्षा व्यवस्था से शराब घोटाला तक खड़े किये सवाल

# सरकार ने झारखंड की पूरी शिक्षा व्यवस्था को ही भाड़े पर लगा दिया है

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को बैक टू बैक ट्वीट कर सरकार पर निशाना साधा है। शिक्षा व्यवस्था से लेकर शराब घोटाला तक के सवाल खड़े किए हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि राज्य सरकार ने झारखंड की पूरी शिक्षा व्यवस्था को ही भाड़े पर लगा दिया है। स्थायी शिक्षकों के हजारों रिक्त पद खत्म कर अब विद्यालयों में किराये के शिक्षक से काम चलाया जा रहा है। झारखंड की शिक्षा व्यवस्था को व्यवस्था गर्त में धकेलने और छात्रों के भविष्य के साथ क्रूर मजाक करने का पाप कर रही है झारखंड की सरकार!

नेता प्रतिपक्ष ने कहा है कि छत्तीसगढ़ शराब घोटाले के आरोपियों ने झामुमो-कांग्रेस विधायकों के रायपुर दौरे का पूरा प्रबंध किया था। छत्तीसगढ़ के शराब सिंडिकेट को ही झारखंड में कारोबार का जिम्मा सौंपा था। इसी का नतीजा है कि 450 करोड़ रुपए के घोटाले के रूप में सामने आ



चुका है। वर्तमान सरकार ने सत्ता का दुरुपयोग कर अपने भ्रष्ट अधिकारियों को बचाने की भरसक कोशिश की लेकिन अब सीबीआई जल्द ही झारखंड के राजस्व को नुकसान पहुंचाने वालों का चेहरा बेनकाब करेगी। उन्होंने लिखा है कि झारखंड में 108 एम्बुलेंस सेवा पूरी तरह चरमरा चुकी है। बोकारो और गिरिडीह में समय पर वेतन न मिलने के कारण एम्बुलेंस कर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं, जिससे दोनों ज़िलों की स्वास्थ्य व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई है। मरीज निजी एम्बुलेंस चालकों को मनमानी फीस देने या निजी वाहनों से अस्पताल पहुंचने को मजबूर हैं।

बाबूलाल ने सिका है कि विभागीय मंत्री ने पुराने एमओयू को रद्द कर एम्बुलेंस संचालन की ज़िम्मेदारी अपने करीबी सम्मान फाउंडेशन को सौंप दी है। उन्होंने सीएम से कहा है कि मामले का संज्ञान लेकर तत्काल एम्बुलेंस कर्मियों का वेतन भुगतान सुनिश्चित कर लापरवाह एजेंसी पर सख्त कारवाई करें, ताकि मरीजों को असुविधा का सामना न करना पड़े। नेता प्रतिपक्ष ने सवाल उठाते हुए कहा कि जल, जंगल और जमीन की सुरक्षा के नाम पर आखिरकार वर्तमान सरकार कर क्या रही है? 1990 के दशक में जिस कझिया नदी से गोड्डा जिले में सिंचाई परियोजना और पेयजल आपूर्ति योजना संचालित होती थी, वर्तमान में अवैध बालू खनन के कारण न केवल यह योजनाएं समाप्त हो गईं, बल्कि आसपास के इलाकों में जल स्रोत नीचे चले गए और नदी का अस्तित्व खतरे में है। जितना भी बालू बचा है, दिन-रात नदी के इलाके में उसका अवैध उत्खनन और परिवहन जारी है।

## झारखंड में धान खरीद की तिथि 30 तक बढ़ी

**रांची।** राज्य सरकार ने खरीफ विपणन मौसम 2025-26 के लिए धान खरीद की अंतिम तिथि 15 दिन बढ़ा दी है। अब किसान 30 अप्रैल तक अपनी फसल बेच सकेंगे। खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। सरकार का कहना है कि धान खरीद की समय सीमा बढ़ने से अधिक किसान धान खरीद का लाभ उठा सकेंगे। इससे किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए अधिक समय मिलेगा और वे अपनी उपज का बेहतर मूल्य प्राप्त कर सकेंगे।

# वीएलडब्ल्यू अब 90 प्रतिशत कार्य कृषि विभाग का करेंगे : शिल्पी नेहा तिर्की

### जन सेवक का नाम बदलने को लेकर भी अधिकारियों को दिया गया है दिशा निर्देश

#### राज्य स्तरीय जन सेवक समागम में शामिल हुई कृषि मंत्री

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के वीएलडब्ल्यू अब 90 प्रतिशत कार्य कृषि , पशुपालन एवं सहकारिता विभाग का करेंगे। पंचायती राज विभाग सहित दूसरे विभाग में अब वीएलडब्ल्यू की भूमिका ना के बराबर रहेगी। राजधानी के लालगुटुवा में राज्य स्तरीय जन सेवक समागम को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने ये घोषणा की है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि वीएलडब्ल्यू की नियुक्ति कृषि विभाग के द्वारा की गई है, जबकि वो काम पंचायती राज विभाग सहित दूसरे विभाग में कर रहे है। आज इस समागम में वीएलडब्ल्यू के द्वारा कृषि विभाग के लिए काम किए जाने की ललक



देख कर अच्छा लगा। मंत्री पद संभालने बाद से ही वीएलडब्ल्यू से संबंधित जानकारी लगातार मिलती रही है। हैरान करने वाली बात ये है कि राज्य के वीएलडब्ल्यू को भी ये जानकारी नहीं है कि वीएलडब्ल्यू का काम क्या है? मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने समागम को संबोधित करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में आने या आपके किसी भी प्रतिनिधि से मिलने से पहले मैंने ठोस कदम उठाया है। विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान मैंने राज्य भर के वीएलडब्ल्यू का 90 प्रतिशत कार्य कृषि विभाग का करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही जन सेवक का नाम बदलकर कृषि के साथ जोड़ने को भी कहा है। विभाग से संबंधित योजनाओं की समय_ समय पर जानकारी देने के उद्देश्य से साल में 2 प्रशिक्षण कार्यक्रम करने का निर्देश दिया गया है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि प्रोन्नति सहित दूसरी मांग को भी विभाग गंभीरता से लेगी। उन्होंने कहा कि जब वीएलडब्ल्यू विभाग की योजनाओं से जुड़ेंगे, तो काम की रफ्तार बढ़ेगी। नियुक्ति किसी विभाग में और स्थापना किसी और विभाग में, ऐसा करने से काम पर प्रभाव पड़ता है। पंचायती राज विभाग से वीएलडब्ल्यू का स्थापना वापस लेने के लिए विभागीय पत्रकार किया गया है।

मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने राज्य भर के वीएलडब्ल्यू को आगाह करते हुए कहा कि आने वाले समय ऐसा कुछ ना करे की सरकार के काम पर ऊंगली उठ सके। अपने काम के दम पर पहचान बनाना होगा। राज्य स्तरीय जन सेवक समागम में मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। समागम में जन सेवक संघ के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार, प्रांतीय महामंत्री लोकेश कुमार, प्रांतीय कोषाध्यक्ष लव कुमार पासवान, प्रांतीय वरीय उपाध्यक्ष रामनाथ यादव, प्रांतीय मुख्य समन्वयक संतोष कुमार, मुख्य सचेतक धर्मेंद्र देव, मीडिया प्रभारी ओम प्रकाश, प्रवक्ता उपेन्द्र कुमार सिंह, महिला अध्यक्ष कीर्ति रानी खलखो मौजूद थी।

## देवघर के श्री मंगलधाम भूमि पूजनोत्सव में शामिल हुए राज्यपाल



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार शनिवार को देवघर में हनुमान जयंती के मौके पर सेवा फाउंडेशन, देवघर द्वारा आयोजितश्री मंगलधाम के भूमि पूजनोत्सव में शामिल हुए। इस अवसर पर राज्यपाल ने भगवान हनुमान को न केवल शक्ति और भक्ति का प्रतीक, बल्कि निःस्वार्थ सेवा, आत्मसंयम और कर्तव्यपरायणता का आदर्श बताया। उन्होंने कहा कि यह पावन दिन हम सभी को अपने कर्तव्यों का पालन पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ करने का संकल्प दिलाता है। राज्यपाल ने कहा कि देवघर केवल एक धार्मिक तीर्थ नहीं, बल्कि श्रद्धा, आस्था और आध्यात्म की दिव्य भूमि है। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र एक समृद्ध धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन केंद्र के रूप में विख्यात है। उन्होंने विश्वास जताया कि आधारभूत संरचना के सशक्त विकास के माध्यम से देवघर को राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर भी विशिष्ट स्थान दिलाया जा सकता है।

राज्यपाल ने कहा कि यह हर्ष का विषय है कि सेवा फाउंडेशन, देवघर शिक्षा, स्वास्थ्य एवं कौशल विकास के क्षेत्र में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समाज के वंचित वर्गों की सेवा से बड़ा कोई पुण्य कार्य नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि ऐसे सेवाभाव युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेंगे और श्री मंगलधाम श्रद्धा और सेवा का संगम स्थल बनकर मानव कल्याण की भावना को निरंतर प्रज्वलित करता रहेगा। राज्यपाल ने सभी उपस्थित लोगों से आग्रह किया कि वे परोपकार, संयम और सेवा के पथ पर अग्रसर हों।


## AFFIDAVIT

BEFORE, NOTARY PUBLIC, MEDININAGAR (DALTONGANJ) PALAMAU



I, SANTOSH KUMAR, S/O RAM BACHAN MEHTA, aged about 44 Years, resident of Village BHAJANIYA, P.O. & P.S.- MOHAMMADGANJ, District – Palamau, Jharkhand, do hereby solemnly affirm and declare as follows : -

1. That, in my service documents and education Certificate of my daughter`s name is SRISHTI, But in Adhar No – 9369 8031 3017 her name is wrongly Miss. SRISHTI, So her actual name is SRISHTI.
2. That this Affidavit is for correction of name of my above daughter`s adhar card as SRISHTI.
3. That above contents is true to the best of my Knowledge and belief.

Santosh kumar
DEPONENT

The above names is identified by me and he has signed in my Presence.
Dewesh kumar dubey
ADVOCATE

That above named deponent is identified by Sri Dewesh kumar dubey ADVOCATE, has solemnly affirm before me that the content of this affidavit are true and correct to the best of her Knowledge and belief.

Ashok Kumar Tiwari
NOTARY PUBLIC AT MEDININAGAR, PALAMAU
Book No. XIV Serial No. 2051
Date 12.04.2025

## AFFIDAVIT

I Anita Devi D/O Prabhu Ganjhu, W/O Tilak Ganjhu] DOB 12.02.1999, by faith Hindu, Occupation House wife, Nationality Indian, Permannent R/O At: Topa Pindra, PO : Topa, PS:Mandu, Dist : Ramgarh (Jharkhand), Present R/O At: Manatu, PO: Manatu, PS: Keredari, Dist: Hazaribag (Jharkhand) Pin: 825321, do hereby affirm and declare as follows:

1.That before marriage name has been mentioned as ANITA KUMARI D/O Prabhu Ganjhu in my bank pass Book of Bank of India, Topa Branch, bearind A/C No: 486810510000987

2. That after marriage my name has been mentioned as ANITA DEVI W/O Tilak Ganjhu in my Aadhar Card, bearing No : 370093302273, Voter I D Card, bearing MKJ7644073 & PAN card, bearing No: EVZPD3803A

3. That ANITA KUMARI and ANITA DEVI both name same and single lady i.e. myself

4.That above statements are true and correct in the best of my knowledge.


# रघुवर दास ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** ओड़ीशा के राज्यपाल का पद छोड़कर राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने झारखंड के कार्यकर्ताओं में जोश भरना शुरू कर दिया है। शनिवार को उन्होंने खिजरी विधानसभा के सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन में कार्यकताओं में जोश भरा। उन्होंने कहा कि भाजपा एक विचारधारा की पार्टी है, न कि परिवार की। कार्यकताओं से आग्रह किया कि वे राज्य सरकार की कमियों को जनता तक ले जाएं। उन्हें समझाएं कि कैसे राज्य सरकार उनके अधिकारों का हनन कर रही है।

**कार्यकताओं में बसता है भाजपा का मन और आत्मा**

रघुवर दास ने कहा कि भाजपा का मन और आत्मा कार्यकताओं में बसता है और पार्टी को कार्यकर्ता



ही मजबूती प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि बिना हार और जीत की चिंता किए जनता को जोड़ने का काम कार्यकर्ता करता है। अब कार्यकताओं की जिम्मेदारी है कि वे गांव-गांव में जाकर जन जागरूकता अभियान चलाएं और लोगों को सरकार की कमियों के बारे में बतायें।

#### भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं ब्लॉक के अधिकारी

रघुवर दास ने राज्य की कानून व्यवस्था, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि राज्य के हर ब्लॉक के अधिकारी भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं और ट्रांसफर-पोस्टिंग उद्योग बन गया है। राज्य सरकार की तुष्टिकरण नीति के कारण सनातन धर्म को मानने वाली जनता अपना पर्व त्योहार भी खुलकर नहीं मना सकती है।

**भाजपा की सरकार बनाने के लिए गांवों तक जायें :** रघुवर दास ने कार्यकताओं से कहा कि वे भाजपा की सरकार बनाने के लिए गांवों तक जाएं और लोगों को सरकार की कमियों के बारे में बताएं। उन्होंने कहा कि अगली सरकार भाजपा की बनाने के लिए कार्यकताओं को गांव की ओर जाना ही होगा।

## राज्यपाल ने बाबा मंदिर में की पूजा राज्यवासियों की समृद्धि की प्रार्थना की



**रांची।** राज्यपाल संतोष गंगवार शनिवार को देवघर पहुंचे। यहां उन्होंने विश्वप्रसिद्ध बाबा बैद्यनाथधाम में विधिवत पूजा-अर्चना की तथा राज्य के सभी नागरिकों के सुख, समृद्धि एवं कल्याण की कामना की। इससे पूर्व तीर्थ पुरोहितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ राज्यपाल महोदय को संकल्प कराया गया। तत्पश्चात उन्होंने बाबा बैद्यनाथ का जलाभिषेक व आराधना की। पूजन के उपरांत देवघर के डीसी विशाल सागर ने राज्यपाल को स्मृतिचिन्ह भेंट की।

## राज्यपाल ने पूर्व मंत्री बादल पत्रलेख के दिवंगत पिता को दी श्रद्धांजलि



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार शनिवार को देवघर जिले के कुशमाहा स्थित पूर्व मंत्री बादल पत्रलेख के पैतृक आवास पहुंचे। वहां उन्होंने बादल पत्रलेख के पिता स्व. हरिशंकर पत्रलेख की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। राज्यपाल ने दिवंगत आत्मा की चिरशांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की तथा शोकाकुल परिवारजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त की।


## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
## जिला गव्य विकास कार्यालय, कोडरमा
### आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत गव्य प्रक्षेत्र के वित्तीय वर्ष 2024–25 में चयनित लाभुकों को सूचित किया जाता है कि योजना की अनुदान राशि उनके Escrow Account में डी0बी0टी0 कर दिया गया है। अतः योजना के क्रियान्वयन हेतु उन सभी चयनित लाभुक जिन्हें अनुदान राशि डी0बी0टी0 की गई है, को सूचित किया जाता है कि योजनांतर्गत लाभुक अंशदान की राशि अपने संबंधित बैंक के Escrow Account में 10 दिनों के अन्दर जमा करना सुनिश्चित करेंगें तथा जमा की गई लाभुक अंशदान की राशि की जमा पर्ची संबंधित प्रखण्ड पशुपालन कार्यालय/जिला गव्य विकास कार्यालय, कोडरमा में जमा करना सुनिश्चित करेंगें ताकि योजना का क्रियान्वयन शीघ्र हो सके।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी,
कोडरमा।

PR 350243 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(25-26)D

## कार्यालय अंचल अधिकारी, कर्रा।
### प्रेस विज्ञप्ति
### खास सूचना
दाखिल–खारिज अपील वाद सं0 54/23–24

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि न्यायालय, भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, खूँटी ऑनलाईन दाखिल–खारिज अपील वाद सं0 54/23–24 में पारित आदेश के आलोक में सुनवाई की तिथि 16.04.2025 को 11:30 बजे पूर्वाह्न में निर्धारित की गई है, जिसमें श्री अभिनन्दन कुमार, पिता– अशोक कुमार, ग्राम– इन्द्रपुरी रोड नं0 1, रातु रोड, सुखदेव नगर, रांची (2) मृत्युंजय कुमार पिता– गोरखनाथ सिंह, ग्राम– सैदपुर, दिघवारा, सारन, जिला– सारन, बिहार (3) ईश्वर साहु एवं शंकर साहु पिता– स्व0 सूरज साहु, ग्राम– गड़के, थाना– कर्रा, जिला– खूँटी (4) प्रभाकर कुमार, पिता– अनिल कुमार सिंह पता– बी–3–521, एच0ई0सी0 कॉलोनी बस स्टैण्ड सेक्टर–9 धुर्वा, जिला– रांची की उपस्थिति अनिवार्य है।

अतः निदेश है कि निर्धारित तिथि को अंचल कार्यालय, कर्रा में उपस्थित होना सुनिश्चित करें अन्यथा आपकी अनुपस्थिति को यह समझा जाएगा कि आपको उक्त वाद में कोई रूचि नहीं है तथा एकतरफा निर्णय लिया जाएगा।

अंचल अधिकारी,
कर्रा।

PR 350226 District(25-26)D


## झारखंड में पहली बार अन्नदाताओं के लिए किसान समृद्धि योजना की शुरूआत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के किसानों की समृद्धि की दिशा में झारखंड सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। कृषि, पशुपालन और सहकारिता विभाग ने पहली बार अन्नदाताओं के लिए किसान समृद्धि योजना की शुरूआत की है। इस योजना के तहत राज्य के किसानों को सौर सिंचाई इकाइयों पर 90% तक सब्सिडी मिलती है। योजना का उद्देश्य सौर ऊर्जा से चलने वाली सिंचाई प्रणालियों को बढ़ावा देना है। साथ ही पारंपरिक जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता कम करके कृषि लागत को कम करना है। कृषि विभाग के अधिकारियों के अनुसार, इस योजना में किसानों को 5 एचपी क्षमता के सोलर पंप सेट उपलब्ध कराये जा रहे हैं, जो औसतन 5 एकड़ तक की भूमि की सिंचाई करने में सक्षम हैं। बिजली की अनियमितता और डीजल के बढ़ते दामों से परेशान किसानों को इससे बड़ी राहत मिलेगी।

#### किसान समृद्धि योजना से सौर सिंचाई पर 90% सब्सिडी, मिलेगी राहत

सौर ऊर्जा से चलने वाले ये पंप खेतों में दिन के समय बिना किसी रुकावट के सिंचाई की सुविधा देंगे। इस योजना का लाभ उठाने के लिए किसान को झारखंड का निवासी होना आवश्यक है। साथ ही उसके पास खेती योग्य भूमि होनी चाहिए। एक परिवार से केवल एक व्यक्ति को योजना का लाभ मिलेगा। आवेदन के लिए भूमि रसीद, वंशावली शपथ पत्र, आधार कार्ड, बैंक खाता विवरण और आधार से लिंक मोबाइल नंबर की आवश्यकता होगी। किसानों को पहले ग्राम सभा से अनुमोदन प्राप्त करना होगा। इसके बाद उन्हें नजदीकी प्रज्ञा केंद्र जाकर आवेदन जमा करना होगा। वहीं से ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया पूरी की जायेगी। योजना की निगरानी और स्वीकृति कृषि विभाग द्वारा की जायेगी।

## राज्य स्तरीय कांग्रेस कनेक्ट सेंटर के प्रभारी बने सुनीत शर्मा

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने सुनीत शर्मा को राज्य स्तरीय कनेक्ट सेंटर( साथी केंद्र) का प्रभारी नियुक्त किया है। इस आशय की जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि राज्य के कार्यकताओं से सीधा संवाद स्थापित करने तथा राष्ट्रीय नेतृत्व तक संगठन की जानकारी को पहुंचाने के लिए कनेक्ट केंद्र की स्थापना झारखंड में केंद्रीय नेतृत्व के द्वारा की गई है। कनेक्ट केंद्र के सफल संचालन हेतु राज्य के प्रभारी द्वारा कनेक्ट सेंटर का संचालन करने वाले राष्ट्रीय पदाधिकारी को सहयोग किया जाएगा। कनेक्ट सेंटर के माध्यम से यहां एक ओर कार्यकर्ता सीधा केंद्रीय नेतृत्व से जुड़ेंगे। वहीं केंद्रीय नेतृत्व भी जमीनी स्तर के कार्यकताओं से जरूरी सूचनाओं और जानकारी प्राप्त कर उसी अनुसार कार्यक्रम तय कर सकती है और कार्यक्रमों का क्रियान्वयन कराएगी। कनेक्ट सेंटर के माध्यम से कार्यकर्ता सीधे संगठन के संदर्भ में अपने बातों को रख सकेंगे ।

## झारखंड से एयर एंबुलेंस सेवा के लिए टेंडर की प्रक्रिया शुरू

#### इच्छुक एजेंसियां 12 अप्रैल से 5 मई तक जमा कर सकती हैं टेंडर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड सरकार ने गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के लिए एयर एंबुलेंस सेवा शुरू की है। अब सरकार ने एक और कदम बढ़ाते हुए एक एयर एंबुलेंस लीज पर लेने की प्रक्रिया शुरू की है। इसके लिए टेंडर भी जारी कर दिया गया है।

**क्या है टेंडर की प्रक्रिया :** टेंडर की प्रक्रिया में शामिल होने को इच्छुक एजेंसियां 12 अप्रैल से 5 मई तक टेंडर जमा कर सकती हैं। 7 मई को टेक्निकल बिड खोले जाएंगे। टेंडर में भाग लेने के लिए ईएमडी के तौर पर 7 लाख रुपये और टेंडर डॉक्यूमेंट फीस के तौर पर 5000 रुपये जमा करने होंगे। ऑनलाइन मोड में ही ईएमडी और टेंडर फीस जमा करनी होगी।

**एयर एंबुलेंस सेवा के लाभ :**



**एयर एंबुलेंस शुल्क**

रांची से दिल्ली : 3.3 लाख
रांची से मुंबई : 4.4 लाख
रांची से चेन्नई : 3.85 लाख
रांची से कोलकाता : 1.10 लाख

गंभीर मरीजों को आपात स्थिति में बेहतर चिकित्सीय सेवा उपलब्ध कराने के लिए एयर एंबुलेंस सेवा मुहैया कराई जा रही है। अब तक 94 जरूरतमंद मरीजों को बेहतर इलाज के लिए अन्य राज्यों में भेजा गया है। रांची से दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और कोलकाता के लिए एयर एंबुलेंस सुविधा उपलब्ध है।

## बिरसानगर : विधायक पूर्णिमा साहू ने छह विकास योजनाओं का किया शिलान्यास

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** विकास की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए विधायक पूर्णिमा साहू ने शनिवार को बिरसानगर मंडल क्षेत्र में विधायक निधि से स्वीकृत 34 लाख रुपये से अधिक राशि की विभिन्न विकास योजनाओं का विधिवत शिलान्यास किया। समारोह के दौरान जिन योजनाओं का शिलान्यास किया गया, उनमें बिरसानगर जोन-6 में तमाडिया सरकारी स्कूल से बागची दुकान होते हुए बुधराम खालकों के सामने वाला नाला तक नाली निर्माण कार्य शामिल है, जिसकी लागत 11,17,695 रुपये है। जोन-5 के हरि मंदिर क्षेत्र में सड़क एवं नाली निर्माण के लिए 5,09,825 रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। जोन-4 में सड़क मरम्मत कार्य हेतु 3,45,155 रुपये खर्च किए जाएंगे, जबकि जोन-1 में इंडियन गैस गोदाम के सामने सड़क की मरम्मत का कार्य 4,08,815 रुपये की लागत से किया जाएगा। जोन-2 ए में मुकेश के घर से शर्मा जी के घर तक नई सड़क का निर्माण 5,29,450 रुपये की लागत से होगा। वहीं जोन-1 बी में जयदीप डे के घर से अशोक खामरूई के घर तक तथा मनीराम के घर से ईचा गुद्ध के घर तक नाली निर्माण कार्य 5,06,225 रुपये की लागत से संपन्न होगा। समारोह में क्षेत्र के नागरिकों और भाजपा कार्यकर्ता उत्साहित दिखे। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि गुंजन यादव, मंडल अध्यक्ष बबलू गोप समेत बड़ी संख्या में महिलाएं एवं आमजन उपस्थित रहे। वहीं, शिलान्यास के दौरान क्षेत्र की अन्य आवश्यकताओं को भी चिन्हित किया गया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि क्षेत्र के हर गली और मोहल्ले तक मूलभूत सुविधाएं जैसे सड़क, नाली आदि सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता है।

## ब्रम्हर्षि विकास मंच का दो दिवसीय सामूहिक उपनयन संस्कार-2025 आज से

## 10 बटुकों का होगा उपनयन संस्कार, समारोह स्थल सज-धज कर तैयार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** ब्रह्मर्षि विकास मंच, जमशेदपुर के द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 7 वां सामूहिक उपनयन संस्कार आगामी 13 एवं 14 अप्रैल को अमल संघ मैदान सिदगोड़ा में आयोजित किया जा रहा है। आयोजन स्थल पर मड़वा का मंडप के साथ साथ अन्य पंडाल को भी अंतिम रूप दिया जा रहा है। ज्ञात हो कि मंच द्वारा लगातार 6 बार सफलता पूर्वक इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा चुका है। सामूहिक उपनयन हुलासगंज, बिहार के सुप्रसिद्ध आचार्य डॉ रंगेश शर्मा एवं उनके 5 सदस्यीय विद्वान आचार्य के द्वारा संपन्न कराया जाएगा। इस वर्ष कुल 10 बटुकों का उपनयन मंच द्वारा कराया जा रहा है। उपनयन का सारा खर्च कमिटी द्वारा वहन की जाएगी। बरूआ के परिवार को किसी भी प्रकार का कोई भी खर्च नहीं करना पड़ेगा। बरूआ के वस्त्र से लेकर पूजन सामग्री में उपयोग होने वाले सभी सामग्री, बरूआ के परिवार के सभी सदस्यों का ठहरने से लेकर नाश्ता एवं भोजन की व्यवस्था कमिटी के द्वारा की जाएगी। कार्यक्रम के प्रथम दिन 13 अप्रैल को (अपराह्न 12 बजे मंडपाछादन, दोपहर 2 बजे से सत्यनारायण भगवान का पूजन एवं कलश स्थापना, अपरान्ह 3 बजे मटकोर, अपरान्ह 4 बजे हल्दी, संध्या 6 बजे से संस्कार पर प्रवचन एवं रात्रि 8 बजे से भतखई होगी)। कार्यक्रम के दूसरे दिन 14 अप्रैल को (प्रातः 8 बजे से मुंडन एवं उपनयन , संध्या 5 बजे से संस्कार पर प्रवचन एवं 7 बजे से सम्मान समारोह एवं रात्रि भोज का आयोजन किया जाएगा)। कार्यक्रम के प्रथम दिन मुख्य अतिथि के रूप में चतरा के सांसद कालीचरण सिंह उपस्थित रहेंगे। दूसरे दिन सम्मान समारोह के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रवीन्द्र राय, विशिष्ट अतिथि के रूप में गंगा मेमोरियल अस्पताल के प्रबंधक डॉ नागेन्द्र सिंह उपस्थित रहेंगे। सामूहिक उपनयन का मूल उद्देश्य समाज को धर्म एवं संस्कार से जोड़ना, फिजूलखर्ची एवं दिखावेपन को समाप्त करना एवं उस पैसे को शिक्षा एवं जरूरत के खर्च करने के लिए प्रेरित करना है।



अमल संघ मैदान,सिदगोड़ा में बन कर तैयार पंडाल।

## स्पीड न्यूज

### सरायकेला में छऊ महोत्सव का समापन आज



सरायकेला। 11 से 13 अप्रैल तक आयोजित होने वाले राजकीय चैत्र पर्व सह छऊ महोत्सव के द्वितीय दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन अपर डीसी सरायकेला–खरसावां जयवर्धन कुमार के कर कमलों द्वारा अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति मे किया गया।

### रामनगर,शंकोसाई में चैता महोत्सव का आयोजन आज

जमशेदपुर। चैता महोत्सव के अवसर पर एक भव्य आयोजन राम नगर, संकोसाई, रोड नंबर 1, जमशेदपुर में दिनांक 13 अप्रैल 2025 को रात 9 बजे से किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, कांग्रेस पूर्वी सिंहभूम के जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी और पटमदा डीएसपी बैचेनदेव कुजूर उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के आयोजक राजू नेता ने बताया कि चैता महोत्सव एक पारंपरिक अवसर है जो प्रकृति की सुंदरता और जीवन की नई शुरूआत का जश्न मनाने के लिए मनाया जाता है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में आप सभी सादर आमंत्रित हैं।

### कान्वाई चालकों ने बुकिंग रोकी

जमशेदपुर। टाटा मोटर्स के चेसिस यार्ड में शनिवार को कानवाई चालकों ने अपने हक अधिकार के लिए सभी चालकों ने मिलकर दस बजे से लेकर एक बजे तक बुकिंग रोक दिया। फस्ट पार्टी इंश्योरेंस पॉलिसी एवं वेतन बढ़ोतरी एक अप्रेल से लम्बित है इसी के खिलाफ कान्वाई चालकों ने बुकिंग रोकी। काफी जद्दोजहद के बाद टी टी सी ए प्रबन्धन ने कहा कि पन्द्रह मई को समस्याओं का समाधान हो जाएगा । यह मामला को देखते हुए निबंधन रद युनियन के महामंत्री जयनारायण सिंह ने माइक से बोला कि पन्द्रह मई तक समझोता नहीं होने पर हम भी आप सभी के साथ मजबूती से खड़े होकर बुकिंग रोक दिया जाएगा।

### सुरभि शाखा ने जम्मू अखाड़ा में मनाया हनुमान जन्मोत्सव



जमशेदपुर। मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर दीप उत्सव मनाया। साथ ही शरबत, चना, गुड़ का वितरण किया गया। कार्यक्रम सीताराम डेरा स्थित हनुमान मंदिर जम्मू अखाड़ा में हुआ। आज का कार्यक्रम सांवरमल अग्रवाल घाटशिला के सौजन्य से किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष ज्योति अग्रवाल, ममता अग्रवाल सुमन झाझरिया, श्रुति, मेघा जैन एवं जम्मू अखाड़ा के कार्यकर्ता बंटी अग्रवाल के द्वारा संपन्न हुआ।

### बाबा साहेब की जयंती मनायेगा एससी, एसटी, ओबीसी माइनोरिटी समिति

जमशेदपुर। जमशेदपुर केंद्रीय मुखी समाज के उपाध्यक्ष सह डॉ अम्बेडकर एसी एसटी ओबीसी माइनॉरिटी वेलफेयर समिति के प्रवक्ता शम्भु मुखी डूंगरी ने एक प्रेस विज्ञप्ती जारी कर कहा कि 14 अप्रैल को डॉ अम्बेडकर के 134वी जन्म जयंती के अवसर पर पुरे शहर के विभिन्न क्षेत्रो पर बड़े घूमधाम से जयंती मनाया जायेगा। इस मौके पर एग्रीको ट्रांसपोर्ट मैदान पर सुबह 9 बजे विभिन्न क्षेत्रो के अम्बेडकरवादी एकत्रित हो कर विशाल बाइक रैली निकलेगे। डॉ अम्बेडकर के आदम गत प्रतिमा पर माल्यार्पण पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांसुमन अर्पित किया जायेगा।

## अर्का जैन विवि में 60 छात्रों का बंपर कैंपस प्लेसमेंट

### हिताची की ग्लोबललॉजिक टेक्नोलॉजीज ने छात्रों को किया लॉक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** गम्हरिया स्थित अर्का जैन विश्वविद्यालय में गुड़गांव स्थित ग्लोबल लॉजिक टेक्नोलॉजी कंपनी की ओर से कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव चलाया गया। इसमें यूनिवर्सिटी में विभिन्न पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत अंतिम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया. विभिन्न चरणों की चयन प्रक्रिया के पश्चात कंपनी में विश्वविद्यालय के 60 छात्र-छात्राओं का अंतिम रूप से चयन हुआ, जो एक रिकॉर्ड होने के साथ ही विश्वविद्यालय परिवार समेत लौहनगरी के लिए गौरव का विषय है। विश्वविद्यालय में ग्लोबल लॉजिक टेक्नोलोजी द्वारा एसोसिएट विश्लेषक पद के लिए कैंपस ड्राइव चलाया गया। इसमें विश्वविद्यालय के बीबीए, बीकॉम, बीसीए, बीए-अंग्रेजी और बीएससी-बायो टेक्नोलॉजी के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। बताया गया है कि चयनित छात्र-छात्राओं को 2.2 से 3 लाख रुपये प्रतिवर्ष के पैकेज पर लॉक किया गया है, जिनका जॉब लोकेशन गुड़गांव होगा।

**इन छात्र-छात्राओं का हुआ चयन**

ऋषभ रमण शर्मा, संदीप दे, सचिन शर्मा, अनुष्का, प्रीति कुमारी श्यामल, दीप रचित, महिमा कुमारी, मनीषा कुमारी वर्णवाल, स्वाति श्रीवास्तव, अंजिल शर्मा, विशाल साह, नयन कुमार, अनुभव कुमार, सौरव प्रकाश, रिया कुमारी, अनामिका सिंह, सुधा पुनीत साई ईश्रवर, अंकित कुमार, आदित्य पाथाडिया, अभिषेक कुमार शर्मा, सानिया गुप्ता, राहुल कुमार, रितिक्षा, सृष्टिका कुमारी, निशा कुमारी, रतन प्रसाद, पुष्पांजलि सिंह सरदार, अनुष्का साह, निकिता कुमारी, निखिल कुमार सिंह, विश्वरूप दास, साहिल केशरी, जसमीत कौर, मोमिता शेखर, राज शर्मा, कुमारी मेघा, रितिक विश्वकर्मा, कुमार शांतनु, मनीषा चौधरी, पायल कुमारी, जागृति दास, आयुष राज, नेहा कुमारी, अनिक पात्रा, अभिमन्यु कुमार सिंह, शिवम तिवारी, ईशाब्रमन, दीपशिखा, श्रेया यागिनी, आदित्य जॉन सुबर्नो, श्रुति कुमारी, विक्रांत सिंह, अदिति मैती, प्रियंका मंडल, जया दास, देवाशीष महतो, अभिषेक कुमार सिंह, अमन, सुखमति सरदार, आयुष कुमार।

**वर्ष 2021 में हिटाची ने किया था कंपनी का अधिग्रहण**

बता दें कि ग्लोबल लॉजिक डिजिटल उत्पाद इंजीनियरिंग सेवाओं में अग्रणी कंपनी है। यह कंपनी अपने ग्राहकों को आधुनिक दुनिया के लिए नवीन उत्पादों, प्लेटफार्मों और डिजिटल अनुभवों को डिजाइन करने और बनाने में मदद करती है। 20 से अधिक वर्षों से ग्लोबल लॉजिक ने अद्भुत उत्पाद बनाने और लोगों, उत्पादों और व्यावसायिक अवसरों के बीच संबंधों को जोड़ने के लिए हर प्रमुख उद्योग के व्यवसायों के साथ साझेदारी की है। वर्ष 2021 में ग्लोबल लॉजिक का हिताची लिमिटेड ने अधिग्रहण किया था। 15 देशों में कंपनी में 28,000 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं जबकि 500 से अधिक सक्रिय ग्राहक, 70 से अधिक निजी लेबल ग्राहक प्रयोगशालाएं, 35 इंजीनियरिंग केंद्र, 8 डिजाइन स्टूडियो, 12 बिक्री कार्यालय तथा मेथड के माध्यम से 350 से अधिक यूएक्स/यूआई डिजाइनर और डेवलपर्स हैं।

**शिक्षकों व विद्यार्थियों की मेहनत व लगन का परिणाम : डॉ एसएस रजी**

छात्र–छात्राओं की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय मैनेजमेंट बोर्ड के अध्यक्ष डॉ एसएस रजी, निदेशक सह कुलसचिव डॉ अमित कुमार श्रीवास्तव, परिसर निदेशक सह डीएसडब्ल्यू डॉ अंगद तिवारी, संयुक्त कुलसचिव डॉ डी धंजल समेत सभी अधिकारियों व शिक्षक–शिक्षिकाओं ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। उन्होंने इसे शिक्षक–शिक्षिकाओं, विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग समेत छात्र–छात्राओं की मेहनत व लगन का परिणाम बताया है।

## चिन्मया विद्यालय साउथ पार्क बिष्टुपुर में हनुमान चालिसा पाठ संपन्न



**जमशेदपुर।** हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर चिन्मया विद्यालय परिसर में 1200 छात्र छात्राओं द्वारा निरन्तर सात बार हनुमान चालिसा का पाठ किया गया, छात्रों के साथ शिक्षक शिक्षकाओं ने भी हनुमान चालिसा का पाठ किया। इस पावन अवसर पर विद्यालय के मंदिर प्रागण में हनुमान जी की पूजा आरती की गयी। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल की प्राचार्य मिक्की सिंह एवं वाईस चेयरमैन श्री बी. सुरेन्द्रनाथ का सहयोग सराहनीय रहा। छात्र छात्राओं ने बड़े उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लिया।

## सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा व निर्माण बर्दाश्त नहीं : डीसी

अनन्य मित्तल ने जमशेदपुर सीओ ऑफिस का किया निरीक्षण, दिए सख्त निर्देश
कहा,सरकारी जमीन के अतिक्रमण पर सरकारी कर्मियों की जवाबदेही तय होगी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** डीसी अनन्य मित्तल द्वारा विभिन्न सरकारी कार्यालयों के निरीक्षण के क्रम में शनिवार को अंचल कार्यालय, जमशेदपुर का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने आगत-निर्गत पंजी, नीलाम पत्रवाद, लगान निर्धारण के मामले, जिला से गए पत्रों के कंप्लायंस, कैशबुक समेत अलग-अलग विभागों को भूमि हस्तांतरण, सरकारी भूमि का अतिक्रमण, अवैध जमाबंदी, म्यूटेशन, नामांतरण, टाटा लीज अतिक्रमण अभिलेख एवं भूमि से संबंधित अन्य मामलों की जांच की साथ ही सभी दस्तावेजों को दुरूस्त रखने का निर्देश दिया। अंचल के अंतर्गत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में म्यूटेशन के लंबित मामलों की जानकारी ली साथ ही शीघ्र मामलों का निष्पादन करने को। साथ ही यह सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया कि आम लोगों को बेवजह कार्यालय का चक्कर न काटना पड़े। डीसी ने अंचल कार्यालय के पदाधिकारियों/कर्मियों को सरकारी जमीन की खरीद-बिक्री, अवैध कब्जा एवं अवैध निर्माण पर पैनी नजर रखने को कहा। राज्य या केन्द्र सरकार की जमीन की खरीद-बिक्री पर त्वरित एक्शन लेने के निर्देश दिये। उन्होने स्पष्ट कहा कि किसी भी परिस्थिति में सरकारी जमीन पर कब्जा या अवैध निर्माण होता हो तो संबंधित पोषक क्षेत्र के सरकारी कर्मी की जबावदेही तय करते हुए बर्खास्तगी की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा की स्थिति में स्वतः संज्ञान लेते हुए आरोपी को नोटिस करें, सरकारी जमीन पर अतिक्रमण को लेकर सर्वे करें तथा जेपीएलई चलायें। निरीक्षण के दौरान डीसी ने कहा पदाधिकारियों/कर्मियों के बायोमीट्रिक उपस्थिति की भी जांच की। उन्होंने कहा कि बायोमेट्रिक उपस्थिति के बिना सभी अनुपस्थित माने जाएंगे, समय पर कार्यालय आएं और अपनी बायोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित करें। उन्होने अंचल कार्यालय में निष्पादित किये जाने वाले सभी कार्यों की जांच की। इस दौरान अपर डीसी भगीरथ प्रसाद, सीओ जमशेदपुर सदर मनोज कुमार उपस्थित थे।

## संजीव नेत्रालय में आज मनाया जायेगा 6वां स्थापना दिवस

**मुख्य अतिथि होंगे सिविल सर्जन डॉ साहिल पाल**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर स्थित प्रतिष्ठित नेत्र चिकित्सा संस्थान संजीव नेत्रालय 13 अप्रैल 2025 को अपना 6 वां स्थापना दिवस भव्य रूप से मनाने जा रहा है। इस विशेष अवसर पर लाइव सर्जरी तथा नेत्र देखभाल पर सीएमई (कंटिन्यूइंग मेडिकल एजूकेशन) कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे डॉ. साहिल पाल, सिविल सर्जन, पूर्वी सिंहभूम जिला, झारखंड, जिनकी गरिमामयी उपस्थिति कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएगी। निदेशक डॉ संजीव तिरिया ने बताया कि इस अवसर पर कई जटिल एवं आधुनिक नेत्र शल्य चिकित्सा का लाइव प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें निम्नलिखित विशेषज्ञ भाग लेंगेः डॉ डी के सिंघल (जमशेदपुर), डॉ अनुप मंडल (पश्चिम बंगाल), डॉ. सुनील सिंह (प्रमुख, नेत्र विभाग, रिम्स, रांची), डॉ संजीव कुमार तिरिया (निर्देशक, संजीव नेत्रालय), डॉ. कुमार साकेत (जमशेदपुर), डॉ. रवि दौलत बरहाबिया (जमशेदपुर), डॉ. राजीव प्रियदर्शी (विट्रियो रेटिना सर्जन, संजीव नेत्रालय), डॉ. राहुल बाहेकर (विट्रियो रेटिना व मोतियाबिंद सर्जन, संजीवनी नेत्रालय, महाराष्ट्र), डॉ सुबोध सिंह (विट्रियो रेटिना सर्जन, रांची)। उक्त अवसर पर कार्यक्रम में नेत्र रोगों के उपचार, नवीनतम सर्जिकल तकनीकों और अनुसंधान पर देशभर के विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा वार्ता एवं प्रस्तुतियां दी जाएंगी। डॉ संजीव कुमार तिरिया, निदेशक, संजीव नेत्रालय ने कहा, हमारा उद्देश्य समाज के हर वर्ग को उन्नत, सुलभ और विश्वसनीय नेत्र चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना है।

## नशीली दवाओं की बड़ी खेप के साथ दो युवक गिरफ्तार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** बिष्टुपुर थाना पुलिस ने नशीली दवाओं की तस्करी में शामिल दो युवकों को गिरफ्तार कर एक बड़ी सफलता हासिल की है। शनिवार को सिटी एसपी शिवाशीष कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि पकड़े गए युवकों के पास से 475 शीशी विनसेरेक्स कफ सिरप और 90 नाइट्रोसन टैबलेट बरामद की गई हैं। इन दवाओं का इस्तेमाल नशे के रूप में किया जाता है, और खासकर आपराधिक प्रवृत्ति के युवक इसका उपयोग अपराध को अंजाम देने से पहले करते हैं। एसएसपी किशोर कौशल को सूचना मिली थी कि कुछ युवक खरकाई रोड से बिष्टुपुर के रीगल चौक की ओर एक सुपर स्प्लेंडर बाइक से नशीली दवाएं लेकर जा रहे हैं। इसी आधार पर बिष्टुपुर थाना पुलिस ने टीम बनाकर कार्रवाई की।

## टाटा स्टील यूआईएसएल ने जमशेदपुर में विद्युत अधोसंरचना को किया सशक्त

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





पावर सब स्टेशन का उद्घाटन करते टाटा स्टील के वीपी सीएस चाणक्य चौधरी। साथ में टीएसयूआइएसएल के एमडी रितुराज सिन्हा व यूनियन अध्यक्ष रघुनाथ पांडेय व अन्य।

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील यूआईएसएल ने रविवार को टिनप्लेट और साकची में दो नए 33/6.6 केवी पावर सबस्टेशन का उद्घाटन किया। यह पहल जमशेदपुर में मजबूत और भरोसेमंद विद्युत अधोसंरचना के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को दशार्ती है। इस सुविधा का उद्घाटन चाणक्य चौधरी, उपाध्यक्ष- कॉरपोरेट सर्विसेज, टाटा स्टील, और ऋतुराज सिन्हा, प्रबंध निदेशक, टाटा स्टील यूआईएसएल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर विजय प्रकाश सिंह, वरिष्ठ महाप्रबंधक-पावर सर्विस डिवीजन, टाटा स्टील यूआईएसएल, रघुनाथ पांडेय, टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड सर्विसेज श्रमिक यूनियन, वरुण बजाज, प्रमुख-टाउन इंफ्रास्ट्रक्चर, टाटा स्टील, हरिंदर वर्मा, प्रमुख-इलेक्ट्रिकल टीएंडडी, तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। टिनप्लेट सबस्टेशन जमशेदपुर के पूर्वी क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति प्रदान करेगा, जिसमें एग्रिको, भुइंयाडीह, बारीडीह, सिदगोड़ा, भालूबासा, सीतारामडेरा, गाढ़ाबासा, टुइलाडुंगरी, गोलमुरी, विद्यापतिनगर, विजया गार्डन आदि प्रमुख क्षेत्र शामिल हैं। यह क्षेत्र लगभग 2.5 से 3 लाख की आबादी को कवर करता है। साकची सबस्टेशन आसपास के क्षेत्रों जैसे काशीडीह, बराद्वारी और आमबगान को विद्युत आपूर्ति प्रदान करेगा, जिससे इन शहरी इलाकों में बिजली की आपूर्ति में मजबूती आएगी। साल दर साल बढ़ती हुई जनसंख्या, शहरी विस्तार और आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि ने बिजली की खपत में उल्लेखनीय रूप से इजाफा किया है। इस बढ़ोतरी के प्रमुख कारणों में से एक है एयर कंडीशनरों का व्यापक प्रसार, जिसने बिजली वितरण नेटवर्क पर भारी दबाव डाला है–अक्सर मौजूदा अवसंरचना को उसकी निर्धारित क्षमता से पार ले जाने की स्थिति में पहुँचा दिया है। इन नए सबस्टेशनों के चालू होने से लोड का संतुलन बेहतर होगा और उपभोक्ताओं को अधिक विश्वसनीय बिजली आपूर्ति मिल सकेगी।

## एक नजर में

### साकची गुरुद्वारा कमेटी चुनाव को लेकर निशान सिंह एवं मंटू ग्रुप को एसडीओ कोर्ट का सम्मन



जमशेदपुर। साकची गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान पद चुनाव की गहमा गहमी को लेकर मामला एसडीओ कोर्ट तक पहुंच गया है। साकची पुलिस द्वारा दर्ज अप्राथमिकी संख्या14/2025 के के अनुसार अनुमंडल दंडाधिकारी के न्यायालय में बीएनएनएस की धारा 126 (सीआरपीसी की धारा 107) मिस केस 119/2025 दर्ज हुआ है। इसमें वर्तमान प्रधान निशान सिंह एवं उनके पक्ष के 19 तथा पूर्व प्रधान एवं दावेदार हरविंदर सिंह मंटू के पक्ष के 19 लोगों के खिलाफ समान जारी हुआ है। पुलिस के अनुसार प्रतिवेदन तथा सूचना के आधार पर यह जानकारी मिली है कि 13 अप्रैल बैसाखी को लेकर तथा चुनाव संबंधित चर्चा को लेकर विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हो सकती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हरविंदर सिंह मंटू के साथ ही अजीत सिंह गंभीर, हरदयाल सिंह रंधावा, दलबीर सिंह, देवेंद्र सिंह राजू मरवाह, जोगिंदर सिंह जोगी, अवतार सिंह, महेंद्र सिंह पहलवान, सतवीर सिंह गोल्डू, हरभजन सिंह पप्पू, अमरीक सिंह जख्मी, पूरन सिंह, तरणप्रीत सिंह बन्नी, कृतजीत सिंह कंडियार, रिखराज सिंह रिक्की, बलबीर सिंह काकू, सरबजीत सिंह टॉबी, वजीर सिंह, त्रिलोचन सिंह पप्पी बाबा एवं दीपक सिंह गिल तथा प्रधान निशान सिंह के साथ शमशेर सिंह सोनी परमजीत सिंह काले, जयमल सिंह, अजायब सिंह, सन्नी सिंह, सुखवेंदर सिंह निक्कू, सतिंदर सिंह रोमी, बलजीत सिंह सांसोआ, सतनाम सिंह सिद्धू, हरपाल सिंह सिद्धू, सरबजीत सिंह, त्रिलोचन सिंह, जसपाल कंडियार, लकी सिंह, बलबीर सिंह, अमरपाल सिंह, जगविंदर सिंह, एवं सुरजीत सिंह छित्ते इत्यादि के विरुद्ध सम्मन जारी हुआ है और पुलिस ने दोनों पक्षों को रिसीव करवा दिया है। उल्लेखनीय है कि वर्तमान प्रधान निशान सिंह दोबारा चुनाव लड़ेंगे वहीं पूर्व प्रधान हरविंदर सिंह मंटू के साथ ही जोगिंदर सिंह जोगी एवं हरदयाल सिंह रंधावा ने प्रधान पद की दावेदारी कर रखी है।

### दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैथिली सम्मेलन आज से



जमशेदपुर। अंतरराष्ट्रीय मैथिली परिषद जमशेदपुर का मिथिला सांस्कृतिक परिषद जमशेदपुर के विधापति परिसर गोलमुरी में 13–14 अप्रैल छतीसम अंतरराष्ट्रीय मैथिली सम्मेलन का आगाज होगा। इस सम्मेलन की जानकारी संवाददाता सम्मेलन में दी गई। 13 अप्रैल को 24 वर्षों के अंतराल के पश्चात एक बार फिर जमशेदपुर में 36 वें अंतरराष्ट्रीय मैथिली सम्मेलन का आयोजन हो रहा है। इससे पूर्व 2000 ई. में सातवें अंतरराष्ट्रीय मैथिली सम्मेलन का आयोजन जमशेदपुर में हुआ था जिसका आयोजन मिथिला सांस्कृतिक परिषद जमशेदपुर ने किया था। इस बार यह आयोजन अंतरराष्ट्रीय मैथिली परिषद जमशेदपुर के द्वारा किया जा रहा है और जिसमें जमशेदपुर की सभी संस्थाएं सहयोग कर रही है। सम्मेलन का प्रारंभ शोभायात्रा से किया जा रहा है जो जमशेदपुर में पहली बार हो रहा है। शोभा यात्रा 8:00 बजे सुबह विद्यापति परिसर गोलमुरी से प्रारंभ होगी और एबीएम कॉलेज होते हुए गोलमुरी चौक पहुंचेगी और गोलमुरी चौक से वापस विद्यापति परिषद तक पारंपरिक परिधान में पूर्ण की जाएगी। महिलाओं के लिए लाल या पीली साड़ी और पुरुषों के लिए धोती कुर्ता और ड्रेस कोड निर्धारित किया गया है शोभा यात्रा के पश्चात 10:30 बजे उदघाटन सत्र प्रारंभ होगा जिसमें सर्वप्रथम विद्यापति के मूर्ति पर माल्यार्पण किया जाएगा। अतिथि के रूप में सरयू राय विधायक जमशेदपुर पश्चिम पूर्णिमा दास साहू विधायक जमशेदपुर पूर्वी मंगल कालिंदी विधायक जुगसलाई प्रदेश जदयू के अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद खीरू महतो उपस्थित रहेंगे। 14 तारीख को सांसद विद्युत वरण महतो पूर्व विधायक राज पालिवाल आदि अतिथि के रूप में रहेंगे। सम्मेलन में भारत और नेपाल से प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। उदघाटन सत्र के बाद 13 अप्रैल को विमर्श के लिए महिला सत्र रखा गया है जिसमें मिथिला मैथिली के विकास में महिलाओं के योगदान से संदर्भित विविध मुद्दों पर गहनता से चर्चा की जाएगी। इस सत्र की अध्यक्षता डॉक्टर त्रिपुरा झा करेंगी। इसी सत्र में शहर के कुछ नाम चिन चिकित्सकों को भी सम्मानित किया जाएगा। महिला सत्र के पश्चात संगठन सत्र है जिसमें अंतरराष्ट्रीय मैथिली परिषद के सभी अनुषंगी इकाइयों के संयोजक और अध्यक्ष संगठन के संबंध में अपने आप प्रगति प्रतिवेदन भी रखेंगे और अपने विचार भी साझा करेंगे। इस सत्र में मिथिला राज्य संघर्ष समिति के कार्यकारी अध्यक्ष राममोहन झा आदर्श मिथिला पार्टी के उमेश भारती, राजविराज से राम इकबाल यादव, मैथिली संगठन नेपाल के अध्यक्ष प्रवीण नारायण चौधरी आदि अपनी बात रखेंगे। नेपाल के अंतरराष्ट्रीय मैथिली परिषद के अध्यक्ष राम रिझान यादव विशेष रूप से नेपाल में मैथिली और मिथिला के गतिविधियों पर अपना विचार इस सत्र में साझा करेंगे।

### श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर में 108 बार हनुमान चालीसा का हुआ पाठ



जमशेदपुर। श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर जीर्णोद्धार समिति के तत्वावधान में शनिवार को श्री हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर मंदिर प्रांगण में श्री हनुमान चालीसा का 100 बार अखंड पाठ किया गया। इस पाठ में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। विधायक सरयू राय ने स्वयं सुबह से शाम तक श्री हनुमान चालीसा का विधिवत पाठ किया। श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर जीर्णोद्धार समिति के संयोजक और जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने बताया कि मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य को गति प्रदान करने के पावन उद्देश्य से यह आयोजन किया गया। संकल्प है कि मंदिर का जीर्णोद्धार कार्य भव्य तरीके से हो और क्षेत्र में सुख शांति का संचार हो। अखंड हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर जीर्णोद्धार सिमिति के द्वारा किया गया था। हनुमान चालीसा का पाठ सुबह 10 बजे प्रारंभ हुए जो संध्या 6 बजे सम्पन्न हुई। पंडित विनोद पांडेय के नेतृत्व में ग्यारह ब्राह्मणों ने सर्वप्रथम हनुमान जी एवं अन्य देवी–देवताओं का आह्वान किया गया। इसके बाद विधिवत पूजा प्रारंभ की गई। फिर एक साथ हजारों लोगों ने श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। पंडितों के समूह में श्री बिनोद पाण्डेय के साथ ही पंडित अजय तिवारी, श्याम मिश्रा, राकेश ओझा, राजकुमार चैबे, धीरज पाण्डेय, कन्हैया पाण्डेय, घनश्याम मिश्रा, उपेन्द्र मिश्रा सहित कुल 11 पंडित शामिल थे।

### आनंदपुर के मुक्ति पत्थर में पाता पर्व में महिलाओं संग झूमी सांसद जोबा



आनंदपुर, पश्चिम सिंहभूम। आनंदपुर प्रखंड के समीज स्थित मुक्ति पत्थर में चैत पूर्णिमा के अवसर पर दो दिवसीय पाता पर्व का आयोजन हुआ। शनिवार को सांसद जोबा माझी पाता पर्व का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सांसद ने उपस्थित ग्रामीणों को पाता पर्व की बधाई देते हुए कहा पर्व–त्योहार हमारी संस्कृति का अभिन्न हिस्सा हैं। उन्होंने ग्रामीणों से कहा अपनी संस्कृति और रीति रिवाज को बचाने के साथ आगे बढ़ाने की जरूरत है। इस दौरान सांसद महिलाओं के साथ सामूहिक नृत्य में शामिल हुई। मौके पर ग्रामीणों ने सांसद के समक्ष क्षेत्र की समस्याओं को रखा और समाधान की मांग की।

## स्पीड न्यूज

### टीकाकरण-पोषण अभियान की शुरुआत



**मोहम्मदगंज।** स्थानीय पंचायत के शिलापर गांव में राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा के तहत जलसहिया किरण कुमारी ने जागरुकता अभियान चलाया। जबकि मासिक टीकाकरण अभियान के तहत बच्चों एवं महिलाओं का टीकाकरण किया गया। जलसहिया ने इस मौके पर पोषण पखवाड़ा के महत्व पर प्रकाश डाला। कहा कि इसमें सकारात्मक स्वास्थ्य व्यवहार को बढ़ावा देना है। इसे सफल बनाने में सीएचओ रामी किंडो, सेविका ललिता देवी, स्वास्थ्य सहिया सावित्री देवी ने सक्रिय भूमिका निभायी।

### लकड़ी पर खाना बनने से केंद्र हुआ काला



**पाटन पलामू।** उताकी आंगनबाड़ी केंद्र में लकड़ी पर खाना बनता है जिससे पूरा दीवार काला हो गया है। मॉडल होने के बावजूद केंद्र संसाधन मुक्त है। सेविका सावित्री देवी ने बताया कि सात साल से लकड़ी पर खाना बनाकर बच्चों को दे रहे हैं। सूची में नाम नहीं रहने से गैस नहीं मिल पाया है। लकड़ी पर खाना बनाने से पूरे केंद्र में धुआं भर जाता है, जिससे बच्चों पर बुरा असर पड़ रहा है। सेविका ने गैस सिलेंडर केंद्र में देने की मांग की है।

### मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कलश यात्रा



**नीलांबर पीतांबरपुर।** जरू पंचायत के ग्राम इटहे में शिव शक्ति मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा सह महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा निकली, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कलश यात्रा शिव शक्ति मंदिर महायज्ञ स्थल से चलकर अमानत नदी से जलभर कर मुख्य पुजारी कृष्ण पाठक ने पूजा पाठ के साथ पुनः यज्ञ स्थल पर कलश स्थापित कराया। 13 को पूजन प्रवचन के साथ सोमवार को शिव शक्ति मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा, पूर्णाहुति व भंडारा होगा। पंसस सोना देवी ने कहा कि शिव की आराधना से ही विश्व का कल्याण संभव है। मौके पर अध्यक्ष विश्वनाथ सिंह, सचिव गिरेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष महावीर सिंह, रामवचन मुंडा, अमरेश कुमार, दीना सिंह, जितेश सिंह, बबून सिंह, कृष्णा सिंह, बिहारी सिंह थे।

### हनुमान जन्मोत्सव पर अखंड हवन पूजन

**छतरपुर पलामू।** नपं के सरईडीह रोड स्थित हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव पर विधि विधान पूर्वक 24 घंटे के अखंड कीर्तन के साथ शनिवार को पूजा हवन के साथ संपन्न हुई। ज्ञात हो कि उक्त मंदिर के नाम से ही उस स्थान को महावीर चौक नाम पड़ा है, जिसमें प्रत्येक वर्ष हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है 24 घंटे का पाठ पूर्ण होने पर शनिवार को भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य यजमान राजेश सिंह, समाजसेवी बबुआ ने बताया कि इसमें चार हजार धर्म प्रेमी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

### लाभुक चयन में मुखिया की उपेक्षा



**चैनपुर पलामू।** नरसिंहपुर पथरा गांव में मुखिया मीना देवी के आवास पर शुक्रवार को चैनपुर मुखिया संघ की बैठक हुई। इसमें कई मुखिया व प्रतिनिधि शामिल हुए। सभी ने एक स्वर से कहा कि पंचायत में आवास लाभुक चयन में उनकी उपेक्षा हो रही है। कई पंचायतों में प्राथमिकता सूची के बाहर के लोगों को भी आवास दिया जा रहा है। इसे लेकर उच्चाधिकारियों से मिलने का निर्णय लिया गया। बैठक में संघ की जिला उपाध्यक्ष रानी सिंह, अरविंद तिवारी, नीतीश सिंह, मीणा देवी, दीनानाथ माझी, लाल बहादुर भुइयां, अनीता देवी, साधु चौधरी, दिलीप पासवान थे।

### ग्राम पंचायत समन्वय समिति की बैठक



**पाटन पलामू।** पंचायत सचिवालय किशुनपुर के सभागार में ग्राम पंचायत समन्वय समिति की बैठक हुई। जिसमें प्रखंड समन्वयक चित्रांगद कुमार ने समन्वय समिति क्यों जरूरी है पर विस्तार से जानकारी दी। शशिकांत दुबे ने बताया कि 30 अप्रैल तक धान की खरीद पैक्स में की जायेगी। पिकेट प्रभारी निलेश कुमार ने बताया कि ग्रामीणों के साथ पुलिस समन्वय बना कर कार्य कर रही है। प्राथमिक विद्यालय मनिका हरिजन टोला में चापाकल नहीं होने से पानी की समस्या है। बैठक में वार्ड सदस्य, पंसस संतोष उपाध्याय, शीला देवी, नंदलाल प्रसाद, विकास साव, शशिकांत दुबे, उदयभानु तिवारी थे।

### मोदी सरकार ने राष्ट्रहित में लाये कई ऐतिहासिक बिल: डॉ शशिभूषण मेहता



**बिश्रामपुर (पलामू)।** नावाडीह कला स्थित आरसीआईटी के सभागार में शनिवार को भाजपा का विस स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ। उद्घाटन पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, वरीय भाजपा नेता सुशील कुमार चौबे उर्फ टिकट चौबे, जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव व सासंद प्रतिनिधि अनुज पांडेय ने दीप प्रज्वलित कर किया। इससे पहले अतिथियों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय व डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। अध्यक्षता भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी व संचालन नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम ने किया। कार्यक्रम में पार्टी के स्थापना दिवस पर शुरू हुई सेवा पखवाड़ा पर आयोजित सभी कार्यक्रमों को लेकर जमीनी स्तर तक जाने पर जोर दिया गया। मुख्य अतिथि पांकी विधायक ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार राष्ट्रहित में कई ऐतिहासिक बिल लाये गये हैं। वहीं विपक्ष हर बार भ्रम फैला रहा है। पीएम सबका साथ सबका विकास के अपने संकल्प पर चलते हुए सभी धर्म के सामाजिक रूप से पिछड़े लोगों की भागीदारी तय कर रहे हैं। जिसे विपक्ष पचा नहीं पा रहा। तुष्टिकरण की राजनीति करने वाला विपक्ष लोगों को भड़काने का प्रयास कर रहा है। भाजपा कार्यकर्ता आम लोगों को सही-सही बात बतायें।

---

पलामू प्रमंडल का गौरव **मोहन सिनेमा हॉल नये फीचर के साथ 15 से होगा प्रारंभ**

# पलामूवासियों के सपने को साकार करने व संवारने में जुटा है मेरा परिवार : ज्ञान शंकर

- हेरिटेज स्क्वायर मॉल का उद्घाटन वित्त मंत्री व पलामू सांसद 15 को करेंगे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मोहन सिनेमा हॉल की स्थापना आजादी के पूर्व वर्ष 1940 में स्व ज्योति प्रकाश के बड़े भाई मोहन बाबू ने की थी। जिसका संचालन ज्योति प्रकाश ने अनवरत किया। उनके निधन के बाद पुत्र आनंद शंकर व ज्ञान शंकर ने सिनेमा हॉल का संचालन किया। वर्तमान समय में पलामू जिला के प्रतिष्ठित व्यवसायी ज्ञान शंकर ने मोहन सिनेमा हॉल को नया रूप देते हुए पलामू प्रमंडल का गौरव स्थापित करने का काम किया है।




**खास बातें :** उन्होंने हेरिटेज स्क्वायर मॉल की स्थापना की है जिसके अंदर मॉल, हॉल, बच्चों के लिए फन एंड फन गेम के साथ सभी आयु वर्ग के लोगों के मनोरंजन के लिए संपूर्ण व्यवस्था है। जिसका उद्घाटन 15 अप्रैल को राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, पलामू सांसद बीडी राम व अन्य गणमान्य लोग करेंगे। हॉल में प्रेस वार्ता कर ज्ञान शंकर ने बताया कि पुराने जमाने के हॉल को बदलते परिवेश तथा लोगों की नयी चाहत को ध्यान में रख इसे महानगरों में स्थापित मनोरंजन के संसाधन को ध्यान में रखते हुए मोहन सिनेमा को नया आकर्षक रूप दिया गया है। जो पलामू प्रमंडल के लोगों के लिए चाहत बनेगी। 85 वर्ष पूर्व पिता स्व ज्योति प्रकाश ने जो प्रमंडलवासियों को दिया था उस धरोहर को बचाते हुए नया रूप दिया गया है। इस हॉल में दो थियेटर स्थापित किये गये हैं। जिसमें 225 सीट एवं दोनों थियेटरों में पांच सीटर बॉक्स बनाया गया है। उन्होंने हॉल की विशेषता पर कहा कि सिल्वर पर्दा जो 38 गुणा 16 फीट का होगा। इसमें नये प्रोजेक्टर के साथ एवं डाल्विन साउंड सिस्टम सेटेलाईट से जुड़ा हुआ फिल्म लोगों को दिखाया जायेगा।

# जिले के सभी प्रखंडों में धूमधाम से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव

- सभी हनुमान मंदिरों को सुंदर व आकर्षित रूप से सजाकर पूजा पाठ व हनुमान चालीसा का पाठ हुआ
- हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिरों के समीप महाप्रसाद लंगर का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**




कार्यक्रम के दौरान पूजा कमेटी के सदस्य व स्थापित बजरंगबली की प्रतिमा।

**मेदिनीनगर।** हनुमान जन्मोत्सव राम जन्मोत्सव की भांति जिले के सभी प्रखंडों में धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर सनातन धर्मावलंबियों द्वारा जिले के सभी प्रखंड पंचायत व गांवों में स्थापित हनुमान मंदिर को सुंदर व आकर्षित रूप से सजाया गया। जहां पर मंदिर के पुजारी ने मंत्रोच्चार के साथ पूजा पाठ कराने के बाद यज्ञ हवन किया। साथ ही भक्तजनों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। मौके पर आयोजकों ने मंदिर के समीप महाप्रसाद लंगर किया। जिसका श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर सभी हनुमान मंदिरों में संध्या आरती जहां किया गया वहीं जिला मुख्यालय में स्थित महावीर मंदिर में महाआरती की गयी। जिसमें भक्तों की जनसैलाब उमड़ पड़ी। इस महाबीर मंदिर में सुरक्षा के लिए पुलिस द्वारा व्यापक प्रबंध किये गये थे। शहर के छह मुहान, कांदु मुहल्ला चौक, हमीदगंज सुरभि क्लब के द्वारा लंगर का आयोजन किया गया। साथ ही विशेष पूजा अर्चना कर प्रसाद का वितरण किया गया।

---

द गुरूकुलम इंटरनेशनल स्कूल का आठवां स्थापना दिवस मनाया गया

# प्रत्येक वर्ष नये आयाम स्थापित कर रहा विद्यालय: निदेशक गुरबीर सिंह

- हवन व केक काटकर कार्यक्रम की शुरुआत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** द गुरूकुलम इंटरनेशनल स्कूल चियांकी का आठवां स्थापना दिवस भव्य तरीके से मनाया गया। इस मौके पर पूजा पाठ कर हवन किया गया। साथ ही बच्चों के बीच केक काटकर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। स्थापना दिवस के मौके पर स्कूल के छात्र-छात्राओं के द्वारा नृत्य संगीत प्रस्तुत किया गया। साथ ही बच्चों के बीच स्कूल प्रबंधन द्वारा उपहार वितरण किया गया।



आठवां स्थापना दिवस के मौके पर हवन-पूजन करते लोग।

पूजा व हवन पुजारी सोमनाथ पाठक द्वारा मंत्रोच्चार के साथ कराया गया। पूजा में स्कूल निदेशक गुरबीर सिंह, प्राचार्या कौमुदी कुमारी व अन्य ने भाग लिये। इस मौके पर निदेशक ने कहा कि इस विद्यालय की स्थापना आठ वर्ष पूर्व आज ही के दिन किया गया था। विद्यालय स्थापना काल से लेकर वर्तमान समय तक प्रत्येक वर्ष नये नये आयाम स्थापित कर रहा है।

उन्होंने कहा कि विद्यालय प्रबंधन के कुशल नेतृत्व के कारण यहां के बच्चे शिक्षा के साथ खेल, संगीत व विभिन्न कलाओं में परांगत हो रहे हैं। विद्यालय में शिक्षा का माहौल एवं अनुशासन के कारण अभिभावक काफी प्रेरित होकर अपने बच्चों को विद्यालय में नामांकन करा रहे हैं। जिनका विद्यालय प्रबंधन कृतज्ञ है। मौके पर प्राचार्या कौमुदी ने कहा कि बच्चों के गुणात्मक विकास के लिए शिक्षा के साथ सामाजिक ज्ञान भी दिया जाता है। शिक्षकों के प्रयास से बच्चों के अंदर गुणात्मक विकास हो रहा है। इस मौके पर शोभा पांडेय, अनिता तिवारी, पल्लवी सिंह, आदिती सिंह समेत कई शिक्षक व विद्यार्थी शामिल थे।

आशी केयर हॉस्पिटल में निशुल्क हृदय रोग परामर्श शिविर आयोजित

# पलामू जिला के लिए वरदान साबित होगा हृदय जांच शिविर : एसी कुंदन

- लोग जीवन शैली में सुधार लाते हुए किसी भी रोग को अनदेखा न करें : डॉ पंकज प्रभात
- पलामूवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने के मुहिम में ले हैं : निदेशक मनीष तिवारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**




दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत करते अतिथि व अन्य।

**मेदिनीनगर।** आशी केयर हॉस्पिटल द्वारा निःशुल्क हृदय रोग परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आये हुए लोगों ने हृदय रोग विशेषज्ञ डा पंकज प्रभात से परामर्श लिया। शिविर का उद्घाटन एसी कुंदर प्रसाद, सीओ अमरदीप सिंह बल्होत्रा, पीएमसीएच के प्राचार्य पीएन महतो, डॉ पंकज प्रभात, निदेशक मनीष तिवारी, अमितेष पांडेय संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। एसी कुंदन कुमार ने कहा कि पलामू जिला के लिए यह शिविर वरदान साबित होगा। उन्होंने प्रबंधन व डॉक्टर को आह्वान करते हुए कहा कि पलामू जैसे पिछड़ा क्षेत्र में हृदय जैसे गंभीर लोगों का परामर्श कर ईलाज करना जिलेवासियों के लिए बहुत बड़ी बात होगी। पीएमसीएच के प्राचार्य पीएन महतो ने कहा कि पलामू में यह एक बहुत अच्छी शुरूआत है जो ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को इसका लाभ मिलेगा। इसकी गुणवत्ता बनाये रखना आवश्यक है। डॉ पंकज प्रभात ने कहा कि मानव को जीवनशैली में परिवर्तन लाना चाहिए तथा किसी भी रोग को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। उन्होने हृदय रोग से संबंधि पांच लक्षणों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यदि यह लक्षण किसी भी व्यक्ति के अंदर होता है तो उसका परामर्श चिकित्सक से अवश्य लें।

## बाबा साहब की प्रतिमा स्थापन को लेकर स्थल बदलने की मांग

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हरिहरगंज पलामू।** नगर पंचायत क्षेत्र के सतगांवा बांधपर मुहल्ला के लोगों ने बैठक कर अधिकारियों से बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की मूर्ति स्थापना के लिए प्रस्तावित भूमि बदलने की मांग की है। साथ ही इसे लेकर उपायुक्त पलामू, एसडीओ छतरपुर डीएसपी छतरपुर, अंचल पदाधिकारी हरिहरगंज, प्रखंड विकास पदाधिकारी हरिहरगंज को आवेदन दी गई है। इसमें कहा गया है कि जिस भूमि पर बाबा साहब की मूर्ति स्थापित करने का कुछ लोगों द्वारा प्रयास किया जा रहा है। वहां पर पहले से ही सार्वजनिक शौचालय बना हुआ है। साथ ही वर्षों पहले बने शिव चबूतरा को अतिक्रमण बताकर प्रशासन ने हटाया था। पुनः इस भूमि पर मूर्ति लगाना उचित नहीं है। आवेदकों ने कहा है कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर सभी के लिए श्रद्धा व प्रेरणा के स्रोत हैं। उनकी मूर्ति लगाने का विरोध नहीं है। उन्होंने अधिकारियों से बाबा साहब की प्रतिमा हेतु किसी अन्य जगह आवंटित करने की मांग की है।

## सड़क दुर्घटना में कठौतिया के युवक की मौत, एक गंभीर रूप से घायल

- शव पहुंचते ही गांव में शोक की लहर
- मित्र की होने वाली पत्नी को गये थे देखने

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर- औरंगाबाद मुख्य पथ पर चेगौना धाम के नजदीक टेलर की चपेट में आने से बाइक पर पीछे बैठा पड़वा थाना क्षेत्र के कठौतिया के अंकेश गुप्ता की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। जबकि बाइक चला रहा युवक शंकज मेहता गंभीर रूप से घायल हैं। शंकज पड़वा थाना क्षेत्र के सिक्का के बलराम महतो का पुत्र है। घटना शुक्रवार के रात की है। शव का पोस्टमार्टम के बाद शनिवार को शव जैसे ही कठौतिया पहुंचा गांव सहित आस पास के लोग मृतक के घर पहुंच गये। मृतक अंकेश कोचिंग चलाता था इस कारण इलाके में काफी लोकप्रिय था। बताया जाता है कि अंकेश गुप्ता शुक्रवार को दोपहर ढाई बजे तक घर में ही था। वह घर से अचानक निकल कर गया तो परिजनों को लगा कि कोचिंग या ट्यूशन पढ़ाने गया होगा। रात करीब नौ बजे बगल के गांव के लोगों ने मृतक के पिता विनय साव को फोन पर सूचना दिया।

### भटके बच्चे को चैनपुर पुलिस ने परिजनों से मिलाया



**चैनपुर पलामू।** शहर थाना क्षेत्र के छह मुहान चौक के पास पुलिस को एक बच्चा भटकता हुआ मिला। इसके बाद पुलिस ने बच्चे को सुरक्षित थाना लाया है। जिसकी पहचान चैनपुर थाना क्षेत्र के अकराही निवासी विवेक सिंह के पुत्र आरव के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने तत्परता दिखाते हुए सभी वाट्सएप ग्रुप पर सार्वजनिक कर पता कर बच्चे को अपने घर सुरक्षित सुपुर्द किया। माता-पिता ने थाना प्रभारी को धन्यवाद किया।


### विद्यालय के रसोईघर से बर्तन व सामान की चोरी



**हरिहरगंज पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के कुलहिया स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में शुक्रवार की रात अज्ञात चोरों ने दो गैस चूल्हा, बर्तन सहित लगभग 42 हजार मूल्य के सामान की चोरी कर ली। प्रधानाध्यापक प्रभात रंजन ने बताया कि शनिवार की सुबह जब वे विद्यालय गये तो रसोई घर का ताला खुला पाया। अंदर देखा तो कुछ समान बिखरे पड़े थे। वहीं अधिकांश सामान गायब थे। अज्ञात चोरों ने दो गैस चूल्हा, 100 स्टील थाली, 55 ग्लास, बड़ा कुकर, बड़ा डग सहित अन्य सामान की चोरी कर ली है। प्रधानाध्यापक ने हरिहरगंज थाना में आवेदन देकर घटना की जानकारी दे दी है।

## जांच में पहुंचे बीडीओ को बंद मिला पंचायत सचिवालय

**आकाश कुमार**



**ऊंटारी रोड (पलामू)।** ऊंटारी रोड प्रखंड के लुंबा सतबहिनी पंचायत में शुक्रवार को अजीबो गरीब स्थिति देखने को मिली। बीडीओ श्रवण भगत प्रखंड के बीपीआरओ मुन्ना सिंह के साथ लुंबा सतबहिनी पंचायत में कागजातों की जांच करने पहुंचे थे, लेकिन उनके पहुंचने से पहले ही पंचायत सचिव अरविंद सिंह पंचायत सचिवालय में ताला लगाकर निकल गए। इस संबंध में बीडीओ श्री भगत ने बताया कि पंचायत सचिव अरविंद सिंह को पंचायत सचिवालय में जांच की सूचना पहले ही फोन के माध्यम से दे दी गई थी। जब पंचायत सचिवालय में जांच के लिए 3:15 बजे पहुंचा तो कार्यालय बंद मिला। इस संबंध में जानकारी के लिए जब पंचायत सचिव अरविंद सिंह के मोबाइल पर संपर्क किया तो वह भी बंद था। मामले की जानकारी रोजगार सेवक अवधेश विश्वकर्मा को दी गई।



### सर्वोदय संघ जेलहाता ने जेनरल अध्यक्ष को किया सम्मानित

**मेदिनीनगर।** श्री महावीर नवयुवक दल (जेनरल) अध्यक्ष जुगल किशोर को सर्वोदय संघ जेलहाता ने भव्य एवं शांतिपूर्ण रामनवमी संपन्न कराने के लिए उनके आवास पहुंच सम्मानित किया। संघ ने अंगवस्त्र, तलवार एवं जेनरल अध्यक्ष की भव्य प्रतिमा देकर सम्मानित किया। संघ ने कहा कि अध्यक्ष जुगल किशोर ने पलामू की रामनवमी में फिर से एक नया रिकॉर्ड बनाया।

## संतुलित आहार सभी के लिए अति आवश्यक है : प्रो राहुल

- एन एस एस ने चलाया पोषण जागरूकता अभियान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हुसैनाबाद पलामू।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय पटना के निर्देशानुसार ए के सिंह कॉलेज जपला एनएसएस इकाई के द्वारा गोद लिए हुए गांव कोरियाडीह में पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत स्वयंसेवकों के द्वारा घर-घर माता और बहनों से संपर्क कर पोषण आहार के प्रति जागरूक किया गया। इसके पूर्व एन एस एस कार्यक्रम पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी प्रोफेसर राजेश कुमार सिंह के द्वारा उपस्थित ग्रामीणों, बच्चों एवं स्वयंसेवकों को पोषण आहार के प्रति शपथ दिलायी गयी। प्राणी विज्ञान के विभाग अध्यक्ष जानकारी प्रोफेसर राहुल कुमार सिंह के द्वारा पौष्टिक आहार के बारे में विस्तृत जानकारी ग्रामीणों को दी गयी।

### कक्षा 10 के विद्यार्थियों को नि:शुल्क शिक्षा देंगे हुसैनाबाद अलीनगर के प्रतिभावान युवा



**हुसैनाबाद पलामू।** प्रखंड के पोलडीह पंचायत अंतर्गत अलीनगर के नवयुवकों ने एक बेहतर सोच को विकसित करते हुए जनकल्याण शिक्षा अभियान के बैनर तले कक्षा 10 के विद्यार्थियों के लिए नि:शुल्क शिक्षा अभियान का आगाज किया। शनिवार को इसका विधिवत उद्घाटन एसडीी गौरांग महतो, एसडीपीओ सह आइपीएस एस मोहम्मद याकूब, राजद युवा नेता रवि यादव, नगर पंचायत के निर्वतमान अध्यक्ष शशि कुमार, मुखिया पति अशोक यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। एसडीएम ने कहा कि ग्रामीण स्तर पर इस तरह का सोच विकसित होना मुझे अपने आप में आश्चर्यजनक लगा। आगे कहा कि समाज में शिक्षा दान से कोई दान नहीं होता। एसडीपीओ ने कहा कि इस पुण्य के कार्य में मेरा हर स्तर पर सहयोग रहेगा क्योंकि शिक्षा के बिना मनुष्य पशु के समान है। नगर अध्यक्ष ने भी अलीनगर के युवाओं की सराहना कर सबको एकजुट होकर इस कार्य को सफल बनाने को कहा। पत्रकार गौतम पटेल ने कहा कि रक्तदान, नेत्र दान, दान पत्र बहुत सुना था लेकिन शिक्षा दान बहुत ही बड़ा पुण्य दान है।

ऑक्सफोर्ड में बलून बर्सटिंग (गुब्बारा फोड़) समारोह का आयोजन

# गतिविधि आधारित शिक्षा का उद्देश्य बच्चों में रूचि पैदा करना: डॉ एके सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में शनिवार को प्रातः बलून बर्सटिंग (गुब्बारा फोड़) समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें प्री नर्सरी से कक्षा प्रथम तक के छात्रों ने भागीदारी निभायी। विदित हो कि नये सत्र के आरंभिक अवसर पर बच्चों को नवीन कक्षा के प्रति विशिष्ट रुचि और विद्यालय के प्रति लगाव हेतु इस प्रकार की अनेक गतिविधियां करायी जाती है। मौके पर बच्चों ने गुब्बारों के साथ विभिन्न गीतों पर मनोहारी प्रदर्शन किया।



गुब्बारा फोड़ प्रतियोगिता में शामिल ऑक्सफोर्ड के बच्चे।

विद्यालय और बच्चों के लिए यह स्वतंत्र एवं नवीन गतिविधि होती है। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ एके सिंह ने कहा कि गतिविधि आधारित शिक्षा का उद्देश्य बच्चों में रूचि पैदा करना होता है। पारिवारिक वातावरण का विद्यालयीन वातावरण से सामंजस्य बिठाना आवश्यक होता है अतः ऐसी गतिविधियां इस कार्य में सहायक होती है। छात्रों के थिरकते कदम उनके प्रसन्न मन का सूचक है। बेहतर शैक्षिक वातावरण बनाने में ऑक्सफोर्ड स्कूल बेजोड़ है। शिक्षण तकनीक से गतिविधियों को जोड़कर निश्चित रूप से बेहतर वातावरण बनाया जा सकता है। ऐसी स्वतंत्र गतिविधियां बच्चों के विद्यालयीन व कक्षागत रूचि प्रदान करने में सहायक होती है। ऐसे गतिविधियां बच्चों को संकोच व डर से दूर रखने का प्रभावशाली माध्यम होता है। छोटा बच्चा समझ के हमको न आंख दिखाना रे तथा बम-बम बोले इत्यादि गीतों पर छात्रों के कदम थिरके।

# वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन ने परीक्षा नियंत्रक को सौंपा ज्ञापन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन ने जिलाध्यक्ष बिपिन यादव के नेतृत्व में नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलपति से मुलाकात की और विद्यार्थियों को हो रही समस्याओं से अवगत कराया। बताते चलें कि कुछ दिन पहले सत्र 2018-21 और 2019-22 जेनेरिक पेपर परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया था, जिसमें अधिकतर बच्चों को बहुत कम अंकों से अनुत्तीर्ण कर दिया गया है। इससे प्रश्न उठ रहा है कि इतने सारे बच्चे एक साथ अनुत्तीर्ण कैसे हो सकते हैं। वहीं विद्यार्थियों का कहना है कि हमारे कॉपी की जांच में कहीं त्रुटि हुई है, जिसे लेकर संगठन ने विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हम इस पर कार्रवाई करेंगे और इसकी परीक्षा पुनः आयोजित करवाने की जल्द कोशिश करेंगे। जिला उपाध्यक्ष कृष्णा यादव ने कहा कि विश्वविद्यालय को इस परीक्षा का अंकपत्र भी जल्द जारी कर देना चाहिए, क्योंकि परीक्षा का परिणाम काफी लंबे अंतराल के बाद आया है। इसमें और विलंब नहीं होना चाहिए। इस पर परीक्षा नियंत्रक ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी।



परीक्षा नियंत्रक को ज्ञापन सौंपते फेडरेशन के सदस्य।

# मलेरिया सर्वे को लेकर सहिया को दिया गया प्रशिक्षण

>> प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य आगामी मलेरिया मास सर्वे को सफल बनाना है, जो 12 अप्रैल 2025 से 25 अप्रैल 2025 तक पूरे प्रखंड क्षेत्र में चलाया जाएगा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**भवनाथपुर।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर के सभागार में शनिवार को मलेरिया इंचार्ज विद्यानंद प्रजापति द्वारा सहिया और सहिया साथियों को मलेरिया से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य आगामी मलेरिया मास सर्वे को सफल बनाना है, जो 12 अप्रैल 2025 से 25 अप्रैल 2025 तक पूरे प्रखंड क्षेत्र में चलाया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान मलेरिया इंचार्ज ने बताया कि इस सर्वे के अंतर्गत केवल उन मरीजों की जांच की जाएगी, जिन्हें बुखार है या जो बुखार से ग्रसित हैं। सहिया और सहिया साथियों को ब्लड सैंपल लेने की प्रक्रिया, सावधानियों और जांच रिपोर्ट को सही ढंग से दर्ज करने के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। विद्यानंद प्रजापति ने कहा कि यह सर्वे मलेरिया नियंत्रण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके माध्यम से क्षेत्र में छिपे मलेरिया के मामलों की पहचान कर उन्हें समय पर इलाज मुहैया कराया जाएगा। साथ ही, उन्होंने सभी सहिया साथियों से सर्वे कार्य को गंभीरता से लेने और सही तरीके से फील्ड में काम करने की अपील की।

## बाइक की टक्कर में तीन लोग घायल

**भवनाथपुर।** खरौंधी थाना क्षेत्र के बैतरी मोड़ पर शनिवार को दो बाईको के बीच हुई आमने सामने की टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में सोनू चौधरी पिता रामचंद्र चौधरी, अंगद राम, पिता बलवंत राम तथा रमना निवासी नीरज कुमार पिता जगदीश राम का नाम शामिल है। सभी को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर लाया गया, जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उक्त तीनों घायलों को सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया। नीरज बैतरी से काम कर बाइक से अपने घर रमना वापस जा रहा था, जबकि सोनू और अंगद केतार से वापस बैतरी लौट रहा था, तभी बैतरी गांव स्थित तीखे मोड़ पर दोनों बाईकों के बीच सामने से टक्कर हो गई।

# उप सचिव ने किया भवनाथपुर एफसीआई गोदाम का निरीक्षण

**उप सचिव रामकृष्ण कुमार ने बताया कि सरकार गोदामों की स्थिति सुधारने को लेकर गंभीर है**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भवनाथपुर।** झारखंड सरकार के खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के उप सचिव रामकृष्ण कुमार ने शनिवार को भवनाथपुर स्थित भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) गोदाम का औचक निरीक्षण किया। यह निरीक्षण झारखंड सरकार के सचिव द्वारा जारी उस निर्देश के आलोक में किया गया, जिसमें राज्य के सभी गोदामों की स्थिति, साफ-सफाई एवं रख-रखाव की समीक्षा करने को कहा गया था।



**निरीक्षण के दौरान उप सचिव।**

निरीक्षण के बाद पत्रकारों से बातचीत में उप सचिव रामकृष्ण कुमार ने बताया कि सरकार गोदामों की स्थिति सुधारने को लेकर गंभीर है। इसी क्रम में भवनाथपुर एफसीआई गोदाम का निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण के दौरान गोदाम में साफ-सफाई से लेकर भंडारण की स्थिति तक की जांच की गई। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान जो भी कमियां या त्रुटियां पाई गई हैं, उन्हें एक निर्धारित फॉर्मेट में भरकर विभाग को सौंपा जाएगा, ताकि आवश्यक सुधार की दिशा में कदम उठाया जा सके। निरीक्षण के दौरान एजीएम (एफसीआई) शिव कुमार यादव एवं गोदाम ऑपरेटर दुर्गेश ठाकुर भी उपस्थित थे। दोनों अधिकारियों ने उप सचिव को गोदाम की मौजूदा स्थिति, स्टॉक की मात्रा और भंडारण प्रक्रिया की जानकारी दी। उप सचिव ने साफ तौर पर निर्देश दिया कि गोदाम की साफ-सफाई नियमित रूप से सुनिश्चित की जाए और अनाज की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए आवश्यक सभी उपाय किए जाएं। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि जनता तक गुणवत्तापूर्ण और सुरक्षित खाद्यान्न पहुंचे, इसलिए गोदामों की स्थिति में सुधार अति आवश्यक है।

# शुल्क समिति के गठन को लेकर डीसी ने की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गढ़वा।** डीसी शेखर जमुआर की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय के सभाकक्ष में शिक्षा विभाग के तहत जिला स्तरीय शुल्क समिति के गठन के लिए बैठक की गई। साथ ही पीएस पोषण (मध्याह्न भोजन) योजना अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय स्टीयरिंग सह मॉनिटरिंग कमिटि के लिए बैठक कर बिन्दुवार समीक्षा की गई। सर्वप्रथम झारखण्ड शिक्षा न्यायाधिकरण (संशोधन) अधिनियम, 2017 के आलोक में शुल्क समिति गठित करने के संबंध में बैठक की गई, जिसमें समिति के गठन के लिए झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण संशोधन अधिनियम 2017 की धारा 7 (अ) (1) के आलोक में सरकार द्वारा निजी विद्यालयों द्वारा लगाए गए शुल्क विनियमित करने हेतु प्रत्येक विद्यालय स्तर पर फीस समिति तथा अधिनियम की धारा 7 (अ) (2) के आलोक में निर्धारित शुल्क के विरुद्ध विद्यालय स्तरीय शुल्क समितियां प्रबंधन द्वारा निर्दिष्ट किए गए। उक्त अधिनियम के सुसंगत प्रावधानों के आलोक में डीसी श्री जमुआर ने 15 दिनों के अंदर जिला स्तरीय शुल्क समिति गठित करने के लिए पूर्व में ही निर्देशित किया गया था, जिसके अनुपालन में जिला स्तरीय शुल्क समिति गठित किया गया। समिति के अंतर्गत उपायुक्त अध्यक्ष, जिला शिक्षा पदाधिकारी पदेन सदस्य-सदस्य सचिव (माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के लिए), जिला शिक्षा अधीक्षक पदेन सदस्य-सदस्य सचिव (प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों के लिए), जिला परिवहन पदाधिकारी पदेन सदस्य, सनदी लेखाकार (चार्टड एकाउंटेंट) सदस्य, निजी विद्यालय के दो प्राचार्य सदस्य, दो माता पिता समिति द्वारा नामित सदस्य तथा संबंधित क्षेत्र के सांसद एवं विधायक सदस्य के रूप में शामिल हैं। इसके बाद पीएस पोषण (मध्याह्न भोजन) योजना अंतर्गत जिला स्तरीय स्टीयरिंग सह मॉनिटरिंग कमिटि हेतु बैठक में बिन्दुवार समीक्षा की गई। जिसमें विद्यालयों द्वारा एसएमएस के माध्यम से मध्याहन भोजन संचालन की सूचना उपलब्ध कराने, पीएस पोषण (मध्याहन भोजन) योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रखण्डवार खाद्यान्न वितरण, पीएस पोषण (मध्याहन भोजन) योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 का माहवार ऑन लाईन डाटा एंट्री, प्रखण्ड स्तरीय स्टीयरिंग सह मॉनिटरिंग कमिटि की बैठक की समीक्षा एवं वित्तीय वर्ष 2023-24 में किचेन-सह-स्टोर मरम्मति की अद्यतन स्थिति आदि की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये। बैठक में जिला शिक्षा अधीक्षक अनुराग मिंज, सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी प्रमेश कुशवाहा, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी चिनिया, रमना एवं रमकंडा व शिक्षकगण मौजूद थे।

# आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों को दी गयी विदाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**भवनाथपुर।** पीएम श्री उत्क्रमित मध्य विद्यालय घाघरा भवनाथपुर में शनिवार को सत्र 2024-25 में अध्ययनरत आठवीं कक्षा के छात्रों के लिए विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर विद्यालय में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं प्रबंधन समिति के सदस्यों की उपस्थिति थी। मुख्य अतिथि सीआरपी उपेंद्र कुमार सिंह, सेवानिवृत्त शिक्षक राम नंदन बैठा, उप मुखिया बैश खान, बीपीओ रविंद्र मेहता तथा प्रधानाध्यापिका उर्मिला कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। मौके पर बीपीओ ने कहा कि मेहनत और ईमानदारी के बल पर ही जीवन में सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने सभी बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय के शिक्षक राकेश कुमार चौबे ने छात्रों से कहा कि मेहनत ही सफलता की कुंजी है और आप बड़े से बड़े पद प्राप्त कर अपने माता-पिता व क्षेत्र का नाम रोशन कर सकते हैं। आज के बच्चे कल के भविष्य है सभी बच्चे मेहनत और लगन से पढ़ाई करें। प्रधानाध्यापिका उर्मिला कुमारी ने बच्चों को अच्छे नागरिक बनने और समाज में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाने की सीख दी। कार्यक्रम में गुलनाज परवीन, सुप्रिया कुमारी एवं खुशबू कुमारी ने भी अपने विचार व्यक्त की। आठवीं कक्षा के बच्चों को कॉपी, कलम एवं एक-एक पौधा छात्रों को भेंट कर पुरस्कृत किया गया। मौके पर शिक्षक उदय कुमार, चंदेश्वर कुमार की अहम भूमिका रही। कार्यक्रम का संचालन राकेश कुमार चौबे एवं धन्यवाद ज्ञापन उर्मिला कुमारी ने की।

## स्पीड न्यूज

### खलिहान में लगी आग, पुआल, गेहूं जला



**सगमा।** धुरकी थाना क्षेत्र के शारदा गांव में शनिवार दोपहर खलिहान में अचानक आग लगने से रखे पुआल, गेहूं तथा पुआल की कुट्टी जलकर राख हो गई। जानकारी के अनुसार शारदा गांव निवासी झूलन बैठा के खलिहान में अचानक लग गया। धुंआ उठता देख ग्रामीणों ने शोर मचाया। जब तक ग्रामीण कुछ समझ पाते तब तक आग की लपटें रौद्र रूप धारण कर पूरे पुआल गेहूं के बोझा को अपने चपेट में ले लिया। ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने का अथक प्रयास किया, लेकिन आग रौद्र रूप धारण करते हुए बढ़ती चली गयी। ग्रामीणों की काफी प्रयास से आग पर काबू पा लिया, लेकिन तब तक झूलन बैठा के हजारो रुपए का पुआल, 80 बोझा गेहूं तथा पुआल का कुट्टी जलकर राख हो गया। आग कैसे लगी इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। घटना की सूचना मिलते ही मुखिया कलावती देवी घटनास्थल पर पहुंचकर मुआयना किया तथा घटना के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने सरकार के द्वारा मिलने वाली सुविधा को दिलवाने की आश्वासन दिया। मौके पर नागेंद्र पाण्डेय, राजू मेहता, हरखू मेहता, शिवशंकर लाल, बीरेंद्र बैठा, कर्मचंद बैठा, शिवपूजन बैठा आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

### पिता की हत्या में शामिल अभियुक्तों को गिरफ्तार करने की मांग

**सगमा/धुरकी।** धुरकी थाना क्षेत्र के पूतूर गांव निवासी उमा शंकर बैठा ने धुरकी थाना में आवेदन देकर अपने पिता की हत्या में शामिल बाकी बचे अभियुक्तों को गिरफ्तार करने की मांग की है। उमा शंकर ने धुरकी थाने को दिए आवेदन में लिखा है कि बीते दो मार्च को मेरे पिता राम धनी बैठा की हत्या टांगी से काटकर बेरहमी के साथ किया गया था। इस घटना को अंजाम देने वाले मेरे पड़ोसी राजेश्वर बैठा सहित छह लोग शामिल थे। जिसमे धुरकी पुलिस ने राजेश्वर बैठा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। बाकी के पांच अभियुक्त पुलिस की पकड़ से बाहर खुलेआम घूम घूम कर धमकी देते फिर रहा है। थाना प्रभारी से आग्रह है कि बाहर घूम रहे सभी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाए। इस संबंध में पूछे जाने पर धुरकी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार का कहा कि उक्त जघन्य हत्या में शामिल मुख्य अभियुक्त राजेश्वर बैठा को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। बाकी बचे लोगों के विषय में अनुसंधान की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। बाकी बचे लोगों को भी अविलंब गिरफ्तार किया जाएगा।

### कांडी में रामनवमी के अवसर पर चैता दुगोला कार्यक्रम का आयोजन आज

**कांडी।** प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत चटनिया पंचायत के पिपरडीह गांव स्थित पेट्रोल पंप के बगल में रामनवमी के अवसर पर रविवार को चैता दुगोला कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया है। जहां दो राज्यों बिहार व झारखंड के बीच घमासान मुकाबला होगा। सुप्रसिद्ध गायक शिव शंकर यादव व महावीर यादव अपना जलवा बिखेरेंगे। वहीं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में कांडी प्रखण्ड प्रमुख नारायण यादव होंगे, जिनके द्वारा फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। यह जानकारी कमिटी के उपाध्यक्ष सत्येंद्र रजवार ने दी। उन्होंने दर्शकों से आग्रह करते हुए भारी संख्या में पहुंचकर लुफ्त उठाने की अपील की है। मौके पर कमिटी के अध्यक्ष रघुनाथ साह, सचिव सुखनंदन यादव, कोषाध्यक्ष मुखिया प्रतिनिधि लालू यादव, उप सचिव सतीश कुमार पांडेय, उप कोषाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार गुप्ता व अवधेश रजवार, छठन रजवार, मोतीलाल यादव, चंद्रमा यादव, शिवनाथ यादव, संजय मेहता, संजय साह, गोरख शर्मा, सोनू कुमार, सुरेंद्र साह, मुंद्रिका रजवार सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग

प्रपत्र VI
समाहर्त्ता या समुचित सरकार
प्रारंभिक अधिसूचना
(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)

चुकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–जोनहिया, थाना–दारू, थाना–सं0–191, अंचल–दारू, जिला–हजारीबाग में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा ईचाक से झुमरा पथ की लम्बाई–9.30 कि0मी0 चौड़ीकरण/मजबूतीकरण हेतु भू अर्जन अपेक्षित है।

परियोजना लोक हित में होने के कारण अतिमहत्वपूर्ण है अर्जनाधीन भूमि निम्नतम है आवागमन की सुगमता तथा अनुयोजकता बढ़ेगी, बेहतर स्वास्थ्य शिक्षा, बाजार में विपणन की संभावना, आधार भूत संरचना एवं कानून एवं व्यवस्था की स्थिति सुदृढ होगी। भू–अर्जन के कारण विस्थापित परिवारों की सं0 शुन्य है। इस बाध्यकारी विस्थापन का कारण नीचे दिया गया है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2(1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी को प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है।

अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–जोनहिया, थाना–दारू, थाना–सं0–191, अंचल–दारू, जिला–हजारीबाग में उपर्युक्त कथित परियोजना के कमोबेश 1.74 एकड़ यानि 0.7044 हेक्टेयर मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित अर्जनाधीन है जो निम्नवत है:–

| क्र0 सं0 | खाता संख्या | सर्वे प्लॉट सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भुजवार सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | | 168 | निजी | टांड–II | 0.042 | खेसरा 168 का रैयत | प्लॉट सं0–170 | प्लॉट सं0–255 | रास्ता | निज |
| 2 | 23 | 170 | निजी | टांड–II | 0.030 | झलू बढ़ई पेशरान मुन बढ़ई | प्लॉट सं0–171 | प्लॉट सं0–168 | रास्ता | निज |
| 3 | 08 | 171 | निजी | टांड–II | 0.052 | नरेश सिंह पिता जलेश्वर सिंह वो मिथलेश सिंह पिता आदित्य सिंह जाति राजपुत निवासी साकिन देह | प्लॉट सं0–170 | मिराज मिस्त्री | रास्ता | निज |
| 4 | 49 | 177 | निजी | टांड–II | 0.18 | मिराज मिस्त्री पिता .... जाति बढ़ई निवासी साकिन देह | प्लॉट सं0–178 | प्लॉट सं0–171 | रास्ता | निज |
| 5 | | 178 | निजी | टांड–II | 0.002 | खेसरा सं0–178 का रैयत | प्लॉट सं0–179 | प्लॉट सं0–177 | रास्ता | निज |
| 6 | 8 | 179 | निजी | टांड–II | 0.003 | नरेश सिंह पिता जलेश्वर सिंह वो मिथलेश सिंह पिता आदित्य सिंह जाति राजपुत निवासी साकिन देह | प्लॉट सं0–180 | प्लॉट सं0–178 | रास्ता | निज |
| 7 | 48 | 180 | निजी | टांड–II | 0.004 | पुरना भूईयां पेशरान गणेश भूईयां | प्लॉट सं0–181 | प्लॉट सं0–179 | रास्ता | निज |
| 8 | | 181 | निजी | टांड–II | 0.017 | खेसरा सं0–181 का रैयत | प्लॉट सं0–182 | प्लॉट सं0–180 | रास्ता | निज |
| 9 | 25 | 182 | निजी | टांड–II | 0.008 | ठाकुर गोप वल्द बुधु गोप | प्लॉट सं0–183 | प्लॉट सं0–181 | रास्ता | निज |
| 10 | | 183 | निजी | टांड–II | 0.019 | खेसरा सं0–183 का रैयत | प्लॉट सं0–184 | प्लॉट सं0–182 | रास्ता | निज |
| 11 | 50 | 184 | निजी | टांड–II | 0.028 | चमन तेली वल्द बुलका तेली | प्लॉट सं0–185 | प्लॉट सं0–183 | रास्ता | निज |
| 12 | 22 | 185 | निजी | टांड–II | 0.01 | जोधन भूईयां वल्द गिरधारी भूईयां | प्लॉट सं0–186 | प्लॉट सं0–184 | रास्ता | निज |
| 13 | | 186 | निजी | टांड–II | 0.004 | खेसरा सं0–186 का रैयत | प्लॉट सं0–187 | प्लॉट सं0–185 | रास्ता | निज |
| 14 | 7 | 187 | निजी | टांड–II | 0.007 | राजो सिंह वो कमल सिंह पिता भुखा सिंह जाति राजपुत निवासी साकिन देह | प्लॉट सं0–189 | प्लॉट सं0–186 | रास्ता | निज |
| 15 | 46 | 189 | निजी | टांड–II | 0.007 | प्रभु महतो वो छत्रधारी राम पिता माधो महतो जाति कोईरी निवासी साकिन देह | प्लॉट सं0–190 | प्लॉट सं0–187 | रास्ता | निज |
| 16 | 46 | 190 | निजी | टांड–II | 0.007 | प्रभु महतो वो छत्रधारी राम पिता माधो महतो जाति कोईरी निवासी साकिन देह | प्लॉट सं0–191 | प्लॉट सं0–189 | रास्ता | निज |
| 17 | 52 | 191 | निजी | टांड–II | 0.003 | रामदयाल कहार वल्द भिखु कहार | प्लॉट सं0–192 | प्लॉट सं0–190 | रास्ता | निज |
| 18 | | 192 | निजी | टांड–II | 0.001 | चमन तेली वल्द बुलका तेली | प्लॉट सं0–193 | प्लॉट सं0–191 | रास्ता | निज |
| 19 | | 196 | निजी | टांड–II | 0.093 | खेसरा सं0–196 का रैयत | प्लॉट सं0–200 | प्लॉट सं0–206 | निज | रास्ता |
| 20 | 51 | 206 | निजी | टांड–II | 0.075 | नरेश सिंह पिता जलेश्वर सिंह वो मिथलेश सिंह पिता आदित्य सिंह जाति राजपुत निवासी साकिन देह | प्लॉट सं0–196 | प्लॉट सं0–207 | निज | रास्ता |
| 21 | 51 | 207 | निजी | टांड–II | 0.035 | नरेश सिंह पिता जलेश्वर सिंह वो मिथलेश सिंह पिता आदित्य सिंह जाति राजपुत निवासी साकिन देह | प्लॉट सं0–206 | प्लॉट सं0–208 | निज | रास्ता |
| 22 | 16 | 208 | निजी | टांड–II | 0.035 | गणेश महतो पेशरान हेमराज महतो | प्लॉट सं0–207 | प्लॉट सं0–209 | निज | रास्ता |
| 23 | 15 | 209 | निजी | टांड–II | 0.05 | कैला गोप पेशरान मंगु गोप | प्लॉट सं0–208 | प्लॉट सं0–237 | निज | रास्ता |
| 24 | 13 | 237 | निजी | टांड–II | 0.04 | केवल महतो वल्द कंचार महतो | प्लॉट सं0–209 | प्लॉट सं0–238 | निज | रास्ता |
| 25 | | 238 | निजी | टांड–II | 0.002 | खेसरा सं0–238 का रैयत | प्लॉट सं0–237 | प्लॉट सं0–239 | निज | रास्ता |
| 26 | | 239 | निजी | टांड–II | 0.056 | खेसरा सं0–239 का रैयत | प्लॉट सं0–238 | प्लॉट सं0–240 | निज | रास्ता |
| 27 | 65 | 240 | निजी | टांड–II | 0.12 | राजो सिंह वो कमल सिंह पिता भुखा सिंह, जाति राजपुत, निवासी साकिन देह | प्लॉट सं0–239 | प्लॉट सं0–241 | निज | रास्ता |
| 28 | 08 | 241 | निजी | टांड–II | 0.009 | लालमन सिंह वो बढका गुरूदयाल सिंह पेशरान भैरो सिंह | प्लॉट सं0–240 | प्लॉट सं0–242 | निज | रास्ता |
| 29 | | 242 | निजी | टांड–II | 0.004 | खेसरा सं0–242 का रैयत | प्लॉट सं0–241 | प्लॉट सं0–243 | निज | रास्ता |
| 30 | 65 | 243 | निजी | टांड–II | 0.002 | खेसरा सं0–243 का रैयत | प्लॉट सं0–242 | प्लॉट सं0–244 | निज | रास्ता |
| 31 | 31 | 244 | निजी | टांड–II | 0.002 | खेसरा सं0–244 का रैयत | प्लॉट सं0–243 | प्लॉट सं0–245 | निज | रास्ता |
| 32 | | 245 | निजी | टांड–II | 0.003 | खेसरा सं0–245 का रैयत | प्लॉट सं0–244 | प्लॉट सं0–246 | निज | रास्ता |
| 33 | 7 | 246 | निजी | टांड–II | 0.022 | राजो सिंह वो कमल सिंह पिता भुखा सिंह, जाति राजपुत, निवासी साकिन देह | प्लॉट सं0–245 | प्लॉट सं0–253 | निज | रास्ता |
| 34 | | 253 | निजी | टांड–II | 0.032 | खेसरा सं0–253 का रैयत | प्लॉट सं0–246 | जंगल | निज | रास्ता |
| 35 | 51 | 255 | निजी | टांड–II | 0.006 | नरेश सिंह पिता जलेश्वर सिंह वो मिथलेश सिंह पिता आदित्य सिंह जाति राजपुत निवासी साकिन देह | प्लॉट सं0–268 | प्लॉट सं0–256 | रास्ता | निज |
| 36 | 8 | 256 | निजी | टांड–II | 0.041 | दौलत मिस्त्री पिता कुलदीप मिस्त्री वो निरंजन शर्मा पिता दयानाथ शर्मा वो हेमराज मिस्त्री पिता जयलाल मिस्त्री वो बैजनाथ मिस्त्रि पिता स्व0 नाथा मिस्त्री जाति बढ़ई निवासी साकिन देह | प्लॉट सं0–255 | प्लॉट सं0–257 | रास्ता | निज |
| 37 | 8 | 257 | निजी | टांड–II | 0.011 | खेसरा सं0–256 का रैयत | प्लॉट सं0–256 | प्लॉट सं0–260 | रास्ता | निज |
| 38 | 50 | 260 | निजी | टांड–II | 0.01 | खेसरा सं0–260 का रैयत | प्लॉट सं0–257 | प्लॉट सं0–261 | रास्ता | निज |
| 39 | 35 | 261 | निजी | टांड–II | 0.006 | चमन तेली वल्द बुलका तेली | प्लॉट सं0–260 | जंगल | रास्ता | निज |
| 40 | 21 | 929 | निजी | टांड–II | 0.002 | जबुआ चमार वल्द कनी चमार | प्लॉट सं0–930 | प्लॉट सं0–1070 | रास्ता | निज |
| 41 | 48 | 930 | निजी | टांड–II | 0.001 | पुरना भूईयां पेशरान गणेश भूईयां | प्लॉट सं0–933 | प्लॉट सं0–929 | रास्ता | निज |
| 42 | | 933 | निजी | टांड–II | 0.003 | खेसरा सं0–933 का रैयत | प्लॉट सं0–934 | प्लॉट सं0–930 | रास्ता | निज |
| 43 | | 934 | निजी | टांड–II | 0.002 | खेसरा सं0–934 का रैयत | प्लॉट सं0–935 | प्लॉट सं0–933 | रास्ता | निज |
| 44 | | 935 | निजी | टांड–II | 0.002 | खेसरा सं0–935 का रैयत | प्लॉट सं0–942 | प्लॉट सं0–932 | रास्ता | निज |
| 45 | 50 | 942 | निजी | टांड–II | 0.004 | चमन तेली वल्द बुलका तेली | प्लॉट सं0–951 | प्लॉट सं0–935 | रास्ता | निज |
| 46 | 27 | 976 | निजी | टांड–II | 0.008 | तुफानी महतो वल्द बोधन महतो | परती कदीम | प्लॉट सं0–1004 | रास्ता | निज |
| 47 | 50 | 982 | निजी | टांड–II | 0.018 | चमन तेली वल्द बुलका तेली | परती कदीम | प्लॉट सं0–983 | निज | रास्ता |
| 48 | 8 | 983 | निजी | टांड–II | 0.034 | लालमन सिंह वो बढका गुरूदयाल सिंह पेशरान भैरो सिंह | प्लॉट सं0–982 | प्लॉट सं0–984 | निज | रास्ता |
| 49 | 29 | 984 | निजी | टांड–II | 0.004 | खेसरा सं0–984 का रैयत | प्लॉट सं0–983 | प्लॉट सं0–985 | निज | रास्ता |
| 50 | 52 | 985 | निजी | टांड–II | 0.008 | रामदयाल कहार वल्द भिखु कहार | प्लॉट सं0–984 | प्लॉट सं0–986 | निज | रास्ता |
| 51 | 7 | 986 | निजी | टांड–II | 0.022 | खेसरा सं0–986 का रैयत | प्लॉट सं0–985 | प्लॉट सं0–987 | निज | रास्ता |
| 52 | 8 | 987 | निजी | टांड–II | 0.02 | लालमन सिंह वो बढका गुरूदयाल सिंह पेशरान भैरो सिंह | प्लॉट सं0–986 | प्लॉट सं0–988 | निज | रास्ता |
| 53 | | 988 | निजी | टांड–II | 0.001 | खेसरा सं0–988 का रैयत | प्लॉट सं0–987 | प्लॉट सं0–989 | निज | रास्ता |
| 54 | 48 | 989 | निजी | टांड–II | 0.002 | पुरना भूईयां पेशरान गणेश भूईयां | प्लॉट सं0–988 | प्लॉट सं0–990 | निज | रास्ता |
| 55 | | 990 | निजी | टांड–II | 0.003 | खेसरा सं0–990 का रैयत | प्लॉट सं0–989 | प्लॉट सं0–991 | निज | रास्ता |
| 56 | | 991 | निजी | टांड–II | 0.002 | खेसरा सं0–991 का रैयत | प्लॉट सं0–990 | प्लॉट सं0–992 | निज | रास्ता |
| 57 | | 992 | निजी | टांड–II | 0.003 | खेसरा सं0–992 का रैयत | प्लॉट सं0–991 | प्लॉट सं0–993 | निज | रास्ता |
| 58 | | 993 | निजी | टांड–II | 0.004 | खेसरा सं0–993 का रैयत | प्लॉट सं0–992 | प्लॉट सं0–994 | निज | रास्ता |
| 59 | 21 | 994 | निजी | टांड–II | 0.002 | जबुआ चमार वल्द कनी चमार | प्लॉट सं0–993 | प्लॉट सं0–995 | निज | रास्ता |
| 60 | 8 | 995 | निजी | टांड–II | 0.006 | लालमन सिंह वो बढका गुरूदयाल सिंह पेशरान भैरो सिंह | प्लॉट सं0–994 | प्लॉट सं0–996 | निज | रास्ता |
| 61 | 5 | 996 | निजी | टांड–II | 0.002 | खेसरा सं0–996 का रैयत | प्लॉट सं0–995 | प्लॉट सं0–997 | निज | रास्ता |
| 62 | 40 | 997 | निजी | टांड–II | 0.002 | मेलवा कोयरी वल्द मनी कोयरी | प्लॉट सं0–996 | प्लॉट सं0–998 | निज | रास्ता |
| 63 | 51 | 998 | निजी | टांड–II | 0.003 | खेसरा सं0–998 का रैयत | प्लॉट सं0–997 | प्लॉट सं0–999 | निज | रास्ता |
| 64 | | 999 | निजी | टांड–II | 0.002 | खेसरा सं0–999 का रैयत | प्लॉट सं0–998 | प्लॉट सं0–1000 | निज | रास्ता |
| 65 | | 1000 | निजी | टांड–II | 0.004 | खेसरा सं0–1000 का रैयत | प्लॉट सं0–999 | प्लॉट सं0–1001 | निज | रास्ता |
| 66 | | 1001 | निजी | टांड–II | 0.002 | खेसरा सं0–1001 का रैयत | प्लॉट सं0–1000 | प्लॉट सं0–1003 | निज | रास्ता |
| 67 | 35 | 1003 | निजी | टांड–II | 0.002 | खेसरा सं0–1003 का रैयत | प्लॉट सं0–1001 | प्लॉट सं0–1005 | निज | रास्ता |
| 68 | 17 | 1005 | निजी | टांड–II | 0.058 | गुरूदयाल महतो वल्द अनखत महतो | प्लॉट सं0–1003 | प्लॉट सं0–1006 | निज | रास्ता |
| 69 | | 1006 | निजी | टांड–II | 0.021 | खेसरा सं0–1006 का रैयत | प्लॉट सं0–1005 | प्लॉट सं0–1007 | निज | रास्ता |
| 70 | | 1007 | निजी | टांड–II | 0.069 | खेसरा सं0–1007 का रैयत | प्लॉट सं0–1006 | प्लॉट सं0–1063 | निज | रास्ता |
| 71 | | 1063 | निजी | टांड–II | 0.045 | खेसरा सं0–1063 का रैयत | प्लॉट सं0–1007 | प्लॉट सं0–1062 | निज | रास्ता |
| 72 | | 1064 | निजी | टांड–II | 0.009 | खेसरा सं0–1064 का रैयत | प्लॉट सं0–1065 | प्लॉट सं0–1063 | निज | रास्ता |
| 73 | | 1065 | निजी | टांड–II | 0.011 | खेसरा सं0–1065 का रैयत | प्लॉट सं0–1066 | प्लॉट सं0–1064 | निज | रास्ता |
| 74 | | 1066 | निजी | टांड–II | 0.012 | खेसरा सं0–1066 का रैयत | प्लॉट सं0–1007 | प्लॉट सं0–1065 | निज | रास्ता |
| 75 | | 1068 | निजी | टांड–II | 0.001 | खेसरा सं0–1068 का रैयत | प्लॉट सं0–932 | प्लॉट सं0–1070 | रास्ता | निज |
| 76 | 21 | 1070 | निजी | टांड–II | 0.003 | जबुआ चमार वल्द कनी चमार | प्लॉट सं0–968 | प्लॉट सं0–1071 | रास्ता | निज |
| 77 | 51 | 1071 | निजी | टांड–II | 0.028 | खेसरा सं0–1071 का रैयत | प्लॉट सं0–1070 | प्लॉट सं0–1072 | रास्ता | निज |
| 78 | | 1072 | निजी | टांड–II | 0.017 | खेसरा सं0–1072 का रैयत | प्लॉट सं0–1071 | प्लॉट सं0–1093 | रास्ता | निज |
| 79 | | 1073 | निजी | टांड–II | 0.008 | खेसरा सं0–1073 का रैयत | प्लॉट सं0–1072 | प्लॉट सं0–1075 | रास्ता | निज |
| 80 | 51 | 1075 | निजी | टांड–II | 0.007 | खेसरा सं0–1075 का रैयत | प्लॉट सं0–1073 | प्लॉट सं0–1077 | रास्ता | निज |
| 81 | | 1077 | निजी | टांड–II | 0.009 | खेसरा सं0–1077 का रैयत | प्लॉट सं0–1075 | प्लॉट सं0–1078 | रास्ता | निज |
| 82 | | 1078 | निजी | टांड–II | 0.001 | खेसरा सं0–1078 का रैयत | प्लॉट सं0–1077 | प्लॉट सं0–1079 | निज | रास्ता |
| 83 | | 1079 | निजी | टांड–II | 0.001 | खेसरा सं0–1079 का रैयत | प्लॉट सं0–1078 | प्लॉट सं0–1081 | निज | रास्ता |
| 84 | | 1080 | निजी | टांड–II | 0.002 | खेसरा सं0–1080 का रैयत | प्लॉट सं0–1079 | प्लॉट सं0–1081 | निज | रास्ता |
| 85 | 26 | 1081 | निजी | टांड–II | 0.041 | तिलक जोल्हा वल्द सोधन जोल्हा | प्लॉट सं0–1080 | प्लॉट सं0–1091 | निज | रास्ता |
| 86 | 51 | 1091 | निजी | टांड–II | 0.011 | खेसरा सं0–1091 का रैयत | प्लॉट सं0–1081 | प्लॉट सं0–1175 | निज | रास्ता |
| 87 | 22 | 1092 | निजी | टांड–II | 0.021 | जोधन भूईयां वल्द गिरधारी भूईयां | प्लॉट सं0–1165 | प्लॉट सं0–1093 | निज | रास्ता |
| 88 | 8 | 1093 | निजी | टांड–II | 0.01 | लालमन सिंह वो बढका गुरूदयाल सिंह पेशरान भैरो सिंह | प्लॉट सं0–1092 | प्लॉट सं0–1173 | रास्ता | निज |
| 89 | 9 | 1173 | निजी | टांड–II | 0.02 | खेसरा सं0–1173 का रैयत | प्लॉट सं0–1093 | प्लॉट सं0–1174 | रास्ता | निज |
| 90 | | 1174 | निजी | टांड–II | 0.018 | खेसरा सं0–1174 का रैयत | प्लॉट सं0–1173 | प्लॉट सं0–1175 | रास्ता | निज |
| 91 | 16 | 1175 | निजी | टांड–II | 0.029 | गणेश महतो पेशरान हेमराज महतो | प्लॉट सं0–1174 | प्लॉट सं0–1176 | निज | रास्ता |
| 92 | 35 | 1176 | निजी | टांड–II | 0.011 | खेसरा सं0–1176 का रैयत | प्लॉट सं0–1175 | प्लॉट सं0–1176 | निज | रास्ता |
| 93 | 20 | 1177 | निजी | टांड–II | 0.031 | चमन वल्द लव गोप | प्लॉट सं0–1176 | सीमाना महेशरा | निज | रास्ता |
| कुल | | | | | 1.74 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013) की धारा–11 (1) के उपबंधो के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतू अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्व अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगे या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों) के अंतर्गत भू अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपतियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

उपायुक्त,
हजारीबाग

PR 350182 (Land Reforms)25-26*D

## समय संवाद

भारत में ऐसा नहीं हुआ। भारत में दर्शन का जन्म जिज्ञासा से हुआ है। आदिम समाज में धरती, आकाश, सूर्य, और चन्द्र के प्रति जिज्ञासा थी। इस जिज्ञासा ने सोच, विचार और अध्ययन के नए रास्ते खोल दिए। तर्क चले। कुतर्क भी चले। लेकिन दर्शनाभिलाषी सतर्क रहे। तर्क ही यहाँ मार्गदर्शक रहा है। मूर्ति देव प्रतीक होती हैं। यह साधारण पत्थर या मिट्टी नहीं है। इसलिए मंदिर में जाने को दर्शन करना कहा जाता है। सतत विवेचन से दर्शन की प्रतिष्ठा बढ़ी। विज्ञान और दर्शन में अंधविश्वास को जगह नहीं है। संकीर्णता के लिए भी कोई स्थान नहीं है। पूर्वजों ने समूचे अस्तित्व को एक इकाई जाना था। वैदिक काल में दार्शनिक चिंतन की सुस्पष्ट धारा दिखाई पड़ती है। ऋग्वेद का नासदीय सूक्त अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय रहा है।

# ब्रह्म नित्य हैं, जगत अनित्य

**हृदयनारायण दीक्षित**



**संस्कृति** मनुष्यता के सत्कर्मों का शिव और सौंदर्य है। यह राष्ट्र की आत्मा होती है। राष्ट्र किसी सुनिश्चित भूमि पर लोगों के रहने के आधार पर ही नहीं बनते। भूमि, जन और राजव्यवस्था से राज्य बनते हैं। लेकिन राष्ट्र निर्माण का महत्वपूर्ण घटक संस्कृति है। संस्कृति का मूल आधार दर्शन होता है। राष्ट्र का दार्शनिक चिंतन ही राष्ट्र जीवन का बीज है। यही संस्कृति को विकसित होने की प्रेरणा देता है। कुछ विद्वान दर्शन को बौद्धिक कार्यवाही कहते हैं। प्रत्यक्ष, प्रमाण, अनुमान, तर्क, संशय, संदेह और सकारात्मक चिंतन के मूल उपकरण हैं। भारतीय दर्शन की प्रतिष्ठा समूचे विश्व में है। दार्शनिक विकास भी 100-50 वर्षों का काम नहीं है।

दुनिया के अधिकांश देशों में सांस्कृतिक विकास के पहले दर्शन नहीं था। समाज ने उन्नति की। पंथ और संप्रदाय ने सामाजिक जीवन को नियंत्रित किया। शुभ और अशुभ की विभाजक रेखाएं विकसित हुईं। पंथिक विकास के क्रम में विश्वास का वातावरण बना। इस विकास में तर्क और संशय नहीं थे। पंथ और विश्वास बढ़ते गए। वैज्ञानिक दृष्टिकोण को स्वीकारने का साहस नहीं हुआ। विचार अंधविश्वास हो गए।

गीता में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को बताया है कि, यह ज्ञान मैंने सूर्य को, सूर्य ने मनु को और मनु ने इक्ष्वाकु को बताया था। समय के अंतराल में यह ज्ञान लुप्त हुआ। अब मैं तुमको वही ज्ञान दे रहा हूं। ज्ञान सदा रहता है। सनातन है ज्ञान का तत्व। भारत की धरती पर मूल ज्ञान को युग अनुसार बनाए रखने वाले महानुभावों की लम्बी परंपरा है। यह ज्ञान सबसे पहले ऋग्वेद में, फिर उपनिषदों में, दार्शनिक चिंतन में, गीता और ब्रह्मसूत्र में दिखाई पड़ता है। रामायण में इसी ज्ञान के प्रतिरूप मयार्दा पुरुषोत्तम राम हैं। गीता में श्रीकृष्ण हैं। बुद्ध, महावीर भी इसी धारा के शीर्ष व्यक्तित्व हैं। सांख्य दर्शन के ऋषि कपिल हैं। योग दर्शन के पतंजलि हैं। इसी परंपरा में विवेकानंद, दयानंद जैसे महान व्यक्तित्व हैं। इन सबके बीच अद्वैत दर्शन के प्रचारक शंकराचार्य हैं। शंकराचार्य ने अपने शोध, बोध व आचरण से वैदिक दर्शन को भारतीय स्वाभिमान का सनातन तत्व पाया है। उन्होंने अल्प आयु में ही गीता, ब्रह्मसूत्र और तमाम उपनिषदों का भाष्य किया है। पूरे देश की यात्राएं की। वेदांत दर्शन पर तमाम तर्क हुए। विद्वानों ने तमाम प्रश्न पूछे। शंकराचार्य ने सभी प्रश्नों के उत्तर दिए। ईश्वर और मोक्ष जैसे गूढ़ और जटिल विषयों पर उनकी व्याख्या अद्भुत है।

शंकराचार्य की दार्शनिक अनुभूति का प्रभाव तत्कालीन समाज पर पड़ा ही था। उन्होंने लम्बी दूरी की यात्राएं की। व्यापक जनसम्पर्क किया। उन्होंने शास्त्रार्थ में बौद्ध विद्वानों को भी प्रभावित किया। शंकराचार्य के समय बौद्ध पंथ का प्रभाव फैल रहा था। राज्याश्रयी होने के कारण बुद्ध विचार के प्रचार का काम भी सरल था। वेदांत का तत्व विवेचन आसान नहीं पर आचार्य शंकर ने शब्द गर्भ में पैठकर सार और असार का अनावरण किया है। दर्शन का अर्थ है-सत्यानुभूति, लेकिन सत्य की अनुभूति आसान नहीं। यह प्रवचन से असंभव है। मेधा शक्ति भी आत्म तत्व तक नहीं पहुँचती है। तर्क से भी बात नहीं बनती। सामान्यतया भक्ति, संन्यास और योग कर्म ईश्वर की प्राप्ति के उपकरण माने जाते हैं, लेकिन शंकराचार्य इनमें से किसी उपकरण को ब्रह्म अनुभूति का साधन नहीं मानते।

शंकराचार्य के वास्तविक समय के सम्बंध में मतभेद है। वैसे, अधिकांश विद्वानों के अनुसार उनका समय 788 ई. से 820 ई. तक माना जाता है। इसका मुख्य ग्रंथ ब्रह्मसूत्र है। उनके दर्शन से भारतीय ज्ञान साधना ने आकाश जैसी ऊंचाई पाई। वेदांत दर्शन भारतीय राष्ट्रभाव का प्रतिनिधि दर्शन है। ब्रह्मसूत्र ब्रह्म जिज्ञासा से प्रारंभ होता है। दार्शनिक परंपरा में ब्रह्म को लेकर काफी तर्क चले हैं। शंकराचार्य ने ब्रह्म को सत्य बताया है और संसार को मिथ्या। वेदांत दर्शन के जानकारों के लिए यह कोई नई बात नहीं है लेकिन विराट को प्रकट करने के लिए शब्द अर्थ ही पर्याप्त नहीं होते।

शंकराचार्य का ब्रह्म समूचे अस्तित्व में कण-कण में व्याप्त है। इसका न जन्म होता है और न मृत्यु। यह अजन्मा है। सदा से है। सदा रहता है। शंकर ने इसे नित्य कहा है। नित्य का अर्थ है कि इस पर काल का प्रभाव नहीं पड़ता है। ब्रह्म काल के भीतर भी है और बाहर भी है। काल अबाधित है। इसका बोध भक्ति से नहीं होता। इसके विपरीत संसार के प्रत्येक पदार्थ कालाधीन हैं।

# मन के समर्पण का प्रयास ही सार्थक और सही दिशा

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**



**समाज** की मजबूती प्रेम से संभव है। अगर किसी व्यक्ति को जंगल में अकेले भेज दिया और सभी साधन उसके पास हो तब भी वह खुश नहीं रहता है। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है, यह सभी जानते हैं और शौक से गुलामी भी की जाए तो बुरी नहीं लगती है। तन, मन और धन के समर्पण की बात की जाती है। तन और धन का समर्पण ज्यादा कठिन नहीं है लेकिन मन का समर्पण सबसे कठिन है। **कंचन तजना सरल है सरल त्रिया का मोह,**

लेकिन मन जो मान से बना है और उसे मांद से समझना आसान होता है। उसमें जीव सबसे ज्यादा घिरा होता है। इसमें सबसे ज्यादा लोग फंसते हैं। जिसने मन का समर्पण कर दिया वह मान-अपमान से उपर हो जाता है।

लक्ष्मण का उदाहरण देते हुए स्वामी जी ने बताया कि लक्ष्मण का मन राम को समर्पित था। लक्ष्मण ने जितनी बार क्रोध किया वह राम के अपमान पर किया, चाहे चित्रकूट में भरत पर, गंगा पार कराते निसाध पर, धनुषभंग के क्रम में परशुराम पर। जीव सबसे ज्यादा मान अपमान में फंसता है और इससे ही अहंकार पैदा होता है। इस मन को हम प्रेम के माध्यम से ही समर्पित करते हैं।

भारतीय समाज में जब प्रेम था तब भारत दुनिया का सबसे समृद्ध और सुदंर देश था। भारतीय मन कभी हिंसक और साम्रज्यवादी नहीं रहा। मौर्य वंश के बाद गुप्त वंश तक लगभग 800 वर्षों तक पूरे विश्व में भारत का डंका बजता रहा। यूरोपीय देश भारत से व्यापार करते थे। लोग बहुत समृद्ध थे। प्रेम और त्याग की भावना से भरे थे। यूरोपीय देश अरब होकर भारत से व्यापार करते थे। अरब के लोगों को इस व्यापार के कारण भारत की समृद्धि की जानकारी मिली।

इस कारण नादिरशाह, तैमूरलंग जैसे कई अरबी शासकों ने भारत पर आक्रमण कर लूट-पाट की और लौट गये। दूसरी ओर भारत की समृद्धि के कारण यूरोपीय देशों ने भारत तक आने को समुद्री मार्ग खोजना चाहा क्योंकि अरब देशों में चुंगी अधिक हो गयी। इसी क्रम में कोलंबस 1498 में निकला और अमेरिका की खोज हो गयी, जिसे रेड इंडियंस कहा गया। फिर वास्कोडिगामा ने भारत की खोज की। अंग्रेजों ने इसी समृद्धि के कारण देश को गुलाम बना लिया। दुनिया की सबसे अच्छी आबोहवा भारत के गंगा युमना के मैदानी क्षेत्र और पंजाब के पंचनद क्षेत्र की है। समतल मैदान, उपजाउ भूमि, धर्म में आस्था रखने वाले लोग। दूसरे विश्व युद्ध में ब्रिटेन तबाह हो गया और भारत को आजाद करना उसकी बाध्यता हो गयी। इस बीच मुगलों ने शासन किया और उन्हें भारतीय समाज ने सहजता से स्वीकार किया। उस काल में भी धार्मिक निष्ठा हमारी सुरक्षा कवच के तौर पर काम करती है। समाज को एक करने में धर्म का महत्वपूर्ण योगदान है। पूरे विश्व में ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम की स्थापना प्रेम बढ़ाने के लिये ही की गयी है जिससे धर्म की स्थापना स्वतः होती है। श्री राम का जीवन संतोष, प्रेम, त्याग और तप का जीवन था। यही कारण है कि आज भी भारतीय जीवनशैली एक मात्र संतोष प्रधान है। जो दिया अच्छा दिया। न्यायालय के उपर दयालय की कल्पना है। ईश्वर और कुदरत के बीच का सूक्ष्म अंतर भारतीय संतों ने दुनिया को बताया। स्वामी सदगुरु शिवर्धमानंदजी ने कहा था कि भारत समृद्ध था और फिर देश को समृद्ध होने से कोई नहीं रोक सकता है। कोई भी संप्रदाय देश की मूल भावना से हटकर कार्य करें तो असंतोष पनपेगा इसलिए सभी को देश के मूल भावना का, मूल प्रकृति का सहयोगी वृति का ख्याल रखना चाहिए।

राम कृष्ण से कौन बड़ा, तीन्हों तो गुरु कीन्ह। तीन लोक के हैं धनी गुरु आगे आधीन। नम्र भाव अति प्रीत युक्त चरण कमल सिरनाई जो सदगुरु आज्ञा करें लीजें शिश नवाय। गुरु सत्ता का इस व्याख्या को समझना ही जीव का उदेश्य है।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम मुख्य स्थानः छोटका राजपुर, बक्सर, बिहार)

# बैसाखीः संस्कृति, संघर्ष और समर्पण का समागम

बैसाखी (13 अप्रैल) पर विशेष

**- योगेश कुमार गोयल**

**कृषि** प्रधान देश भारत में बैसाखी पर्व का संबंध फसलों के पकने के बाद उसकी कटाई से जोड़कर देखा जाता रहा है। इस पर्व को फसलों के पकने के प्रतीक के रूप में भी जाना जाता है। इसे विशेष तौर पर पंजाब का प्रमुख त्योहार माना जाता है। वैसे देशभर में बैसाखी को बड़ी धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। सिख समुदाय बैसाखी से ही नए साल की शुरूआत मानते हैं। इस दिन एक-दूसरे को बधाइयां दी जाती हैं। पंजाब में किसान तब अपने खेतों को फसलों से लहलहाते देखता है तो खुशी से झूम उठता है। खुशी के इसी आलम में शुरू होता है गिद्दा और भांगड़ा का मनोहारी दौर। पंजाब में ढोल-नगाड़ों की धुन पर पारम्परिक पोशाक में युवक-युवतियां नाचते-गाते और जश्न मनाते हैं तथा सभी गुरुद्वारों को फूलों तथा रंग-बिरंगी रोशनियों से सजाया जाता है।

उत्तर भारत और विशेषकर पंजाब तथा हरियाणा में गिद्दा और भांगड़ा की धूम के साथ मनाए जाने वाले बैसाखी पर्व के प्रति भले काफी जोश देखने को मिलता है लेकिन वास्तव में यह त्योहार विभिन्न धर्म एवं मौसम के अनुसार देश के अलग-अलग हिस्सों में अलग-अलग नामों से मनाया जाता है। पश्चिम बंगाल में इसे ह्यनबा वर्षह्न के नाम से मनाया जाता है तो केरल में ह्यविशूह्न नाम से तथा असम में यह ह्यबीहूह्न के नाम से मनाया जाता है। बंगाल में ह्यपोइला बैसाखीह्न भी कहा जाता है और वे अपने नए साल की शुरूआत मानते हैं। हिन्दू धर्म की



पौराणिक मान्यताओं के अनुसार हजारों साल पहले इसी दिन मां गंगा का पृथ्वी पर अवतरण हुआ था इसीलिए इस दिन गंगा आरती करने तथा पवित्र नदियों में स्नान की भी परम्परा रही है।

13 अप्रैल 1919 को बैसाखी का दिन आज भी अंग्रेजों की बर्बरता और जुल्मों की दास्तान बयां करता है। दरअसल, रोलट एक्ट के विरोध में अपनी आवाज उठाने के लिए इस दिन हजारों लोग जलियांवाला बाग में इकट्ठा हुए थे। ह्यरोलट एक्टह्न के तहत न्यायाधीशों और पुलिस को किसी भी भारतीय को बिना कोई कारण बताए और उन पर बिना कोई मुकद्दमा चलाए जेलों में बंद करने का अधिकार दिया गया था। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आह्वान पर भारतवासियों में इस कानून के खिलाफ जबरदस्त आक्रोश उमड़ पड़ा था। इस काले कानून के विरोध में अमृतसर के जलियांवाला बाग में हजारों लोगों की एक विशाल जनसभा हुई थी लेकिन अंग्रेज सरकार ने बहुत खतरनाक षड्यंत्र रचकर जलियांवाला बाग में एकत्रित हुए लोगों को चारों ओर से घेरकर बिना किसी पूर्व चेतावनी के अंधाधुंध गोलियां बरसानी शुरू कर दी। उस दर्दनाक हत्याकांड में सैंकड़ों भारतवासी शहीद हो गए थे।

बैसाखी को सूर्य वर्ष का प्रथम दिन माना गया है क्योंकि इसी दिन सूर्य अपनी पहली राशि मेष में प्रविष्ट होता है और इसीलिए इस दिन को ह्यमेष संक्रांतिह्न भी कहा जाता है। यह मान्यता रही है कि सूर्य के मेष राशि में प्रवेश करने के साथ ही सूर्य अपनी कक्षा के उच्चतम बिन्दुओं पर पहुंच जाता है और सूर्य के तेज के कारण शीत की अवधि खत्म हो जाती है। इस प्रकार सूर्य के मेष राशि में आने पर पृथ्वी पर नवजीवन का संचार होने लगता है। इस तरह बैसाखी खुशियों का त्योहार है। बैसाखी का पवित्र दिन हमें गुरु गोबिन्द सिंह जैसे महापुरुषों के महान आदर्शों एवं संदेशों को अपनाने तथा उनके पदि्चन्हों पर चलने के लिए प्रेरित करता है और हमें यह संदेश भी देता है कि हमें अपने राष्ट्र में शांति, सद्भावना एवं भाईचारे के नए युग का शुभारंभ करने की दिशा में सार्थक पहल करनी चाहिए।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

# पीड़ारहित उपचार के जनक

**डॉ. मधुसूदन शर्मा**

अठारहवीं शताब्दी में डॉ. हैनीमैन ने न केवल एक नई चिकित्सा प्रणाली की नींव रखी, बल्कि मानवता को एक सुरक्षित, किफायती और समग्र चिकित्सा पद्धति भी प्रदान की। उनकी खोज पर आधारित चिकित्सा का समता का सिद्धांत सिमिलिया सिमिलीबस क्यूरेंटुर है जिसका अर्थ है ह्यसमान से समान का उपचार। होम्योपैथी की विशेषता है कि यह केवल रोग के लक्षणों को नहीं, बल्कि रोग के मूल कारण को दूर करने में विश्वास रखती है। यह पद्धति शरीर की प्राकृतिक उपचार क्षमता को प्रोत्साहित करके व्यक्ति के मानसिक, शारीरिक व भावनात्मक स्वास्थ्य को संतुलित करती है। बता दें कि डॉ. क्रिश्चियन फ्रेडरिक सैमुअल हैनिमैन का जन्म 10 अप्रैल 1755 को जर्मनी में हुआ था। उनके योगदान को याद करने के लिए इस दिन को विश्व होम्योपैथी दिवस के रूप में मनाया जाता है।

वे तीव्र बुद्धि के बालक थे। आर्थिक कठिनाइयों के बावजूद, उन्होंने शिक्षा को प्राथमिकता दी। उनकी चिकित्सा यात्रा लीपज़िग विश्वविद्यालय से शुरू हुई। हैनिमैन ने 1779 में चिकित्सा विज्ञान की उन दिनों की सर्वश्रेष्ठ डिग्री एमडी उच्चतम अंक लेकर पास की।

हैनिमैन के समय में चिकित्सा पद्धति बहुत कष्टप्रद और अमानवीय थी। रोगियों का इलाज कठोर और असहनीय तरीकों से किया जाता था। बीमारी ठीक करने के लिए भारी मात्रा में दवाइयां दी जाती थीं।

# इतिहास, श्रद्धा और स्वाद का संगमअमृतसर

**अमृतसर**, पंजाब का एक ऐतिहासिक और धार्मिक शहर है, जिसे स्वर्ण मन्दिर के लिए दुनिया भर में जाना जाता है। यहां की गलियों में सिख धर्म, इतिहास और स्वाद का अनोखा संगम मिलता है। अमृतसर न केवल धार्मिक स्थल है, बल्कि यह अपने लाजवाब स्ट्रीट फूड और संस्कृति के लिए भी प्रसिद्ध है।

अमिताभ

अपनापने से भरा शहर है पंजाब का अमृतसर। वाहे गुरु की नगरी है, इसलिए पर्यटक पहले श्री हरमन्दिर साहिब में मत्था टेकते हैं। फिर दूसरे पर्यटक स्थलों के बाद स्ट्रीट फूड के मजे लेने पहुंच जाते हैं। अमृतसरी कुल्चा, अमृतसरी मच्छी, अमृतसरी पापड़, अमृतसरी वडियां वगैरह खाने-पीने के नाम तक अमृतसर से जुड़े हैं। हिन्दी की बेहतरीन कहानियों में शुमार चंद्रधर शर्मा गुलेरी की कालजयी कहानी ह्यउसने कहा थाह्न का ताना- बाना अमृतसर की गलियों में ही बुना गया है। भारतीय फिल्मों के पहले सुपर स्टार राजेश खन्ना का जन्म अमृतसर में ही हुआ था। माता की भेंटों के सम्राट नरेन्द्र चंचल और कॉमेडी किंग कपिल शर्मा के तार



भी अमृतसर से ही जुडे. हैं। अमेरिका के सेलिब्रेटी शेफ विकास खन्ना अमृतसर के ही हैं।वाहेगुरु की नगरी अमृतसर में सिखों का सबसे बड़ा तीर्थ है गोल्डन टेम्पल। असल में, श्री हरमिन्दर साहिब बड़ा लैंडमार्क है, गोल्डन टेम्पल या कहें स्वर्ण मन्दिर उसका एक हिस्सा है। असीम श्रद्धा के चलते ताजमहल से ज्यादा पर्यटक यहां रोज दर्शन करने आते हैं। अंदाजा है कि रोजाना एक लाख से ज्यादा भक्त मत्था टेकते हैं।

सिख पंथ के चौथे गुरु राम दास ने अमृत का सरोवर खुदवाया था। अमृत के सरोवर से ही शहर को अमृतसर नाम मिला। पांचवें गुरु अर्जुन देव जी ने सरोवर के बीच मन्दिर के निर्माण का शुभारम्भ लाहौर के मुस्लिम संत हजरत मियां मीर के शुभ कमलों से करवाया था। बताते हैं कि सच्चे संत के सत से ही सरोवर का जल अमृत बन गया। आज भी भक्त सरोवर का जल पान करते हैं और सरोवर में स्नान करते हैं।

पंजाब के महाराजा ने 1803 में नए सिरे से मन्दिर का निर्माण करवाया। गुम्बदों पर 400 किलो खालिस सोना चढ़वाया, दरवाजों व दीवारों के ऊपरी हिस्सों पर सोने के पत्तरे चढ़ाए। तब से मन्दिर स्वर्ण आभा से जगमगा गया और नाम हो गया- स्वर्ण मन्दिर। सिख कायदे के मुताबिक यहां गुरु का लंगर छकने का रिवाज सदियों से जारी है। हाल के सालों में, श्री हरमन्दिर साहिब से जलियांवाला बाग और आगे टाउन हॉल (अब पार्टिशन म्यूजियम) को जोड़ता रास्ता हाई- फाई बन गया है। सौंदर्यीकरण के बाद साफ-सफाई और पुरानी-पुरानी इमारतों का नया- नवेला बाहरी रूप देखते ही बनता है। लगता है कि यूरोप के किसी शहर के स्क्वेयर में टहल रहे हैं।

# बिना ग्रामसभा की अनुमति कोई खनन कंपनी गाँव में नहीं आएगी!

**पप्पु यादव**

**अपनी** जमीन को बचाने के लिए ग्रामीणों ने किया कटा टोली में बैठक, लिया कई निर्णय। लातेहार के बालूमाथ प्रखंड के धाधू पंचायत और चतरा जिले के टंडवा प्रखंड के बेंती पंचायत से आए ग्राम संगठन प्रतिनिधि ने एक बैठक का कटा टोली में आयोजन कर अपने नेता विधायक टाइगर जयराम महतो से मिलने पहुंचे थे।

लेकिन गांव वाले टूटे नहीं। दुःखी जरूर हुए। पर बैठक को आगे बढ़ाते हुए बैठक में गंभीर चर्चा हुई। धाधू पंचायत जो जल्द ही नॉर्थ धाधू पश्चिमी परियोजना के तहत एनएलसी इंडिया लिमिटेड की कोल खदान के नीचे आ जाने वाली है वहाँ की 711.78 हेक्टेयर वन भूमि अब कंपनी की भूख का अगला निवाला बनने को तैयार की जा रही है। इसी तरह, बेंती पंचायत, जिस पर अब सीसीएल की अशोक एक्सटेंशन परियोजना की काली छाया मंडरा रही है, वहाँ के लोग भी हाथ जोड़ने नहीं बैठक में, हाथ उठाने आए थे हक की लड़ाई के लिए। बैठक में

**गाँव वालों ने एक सुर में कहा:**



बिना ग्रामसभा की अनुमति कोई खनन कंपनी गाँव में न तो आएगी, न सर्वे करेगी, न काम शुरू करेगी। जो भी ये सोच रहा है कि सरकार की छाया में वो कुछ भी कर सकता है, उसे हम अपने खेतों की मेड़ की तरह रोक खड़े करेंगे। अभी तो हमने सिर्फ बोलना शुरू किया है, जरूरत पड़ी तो सड़कें गूंजेंगी सचिवालय हिल जाएगा।

बैठक में निर्णय लिया गया कि अब सरकार को जगाना पड़ेगा। सांसद,विधायक और बड़े नेताओं से संपर्क कर उन्हें गाँव की सच्चाई बताई जाएगी।

हर पंचायत अपने प्रतिनिधि चुनेगी जो नेताओं से जाकर कहेगा साहब गाँव में विकास के नाम पर विस्थापन बोया जा रहा है। आप या तो साथ दीजिए या आने वाली पीढ़ियाँ आपको माफ नहीं करेंगी, यदि फिर भी सरकार और उसके जनप्रतिनिधि बहरा बनते हैं, गाँववालों ने कहा कि

हम दफ़्तरों में जाकर धरना देंगे, विधानसभा घेरेंगे। सड़क पर बैठेंगे लेकिन अपनी जमीन किसी कंपनी को बैठने नहीं देंगे। मालूम हो कि धाधू और बेंती दोनों ही इलाके विधायक जयराम महतो के विधान सभा क्षेत्र में नहीं आते। बैठक में कई मुद्दों पर बात हुई जिसमें सूचना का अधिकार का प्रयोग कर के खनन परियोजनाओं से जुड़ी हर जानकारी निकाली जाएगी।

ई आई ए रिपोर्ट और सार्वजनिक सुनवाई के फजीर्वाड़े पर सवाल उठाया जाएगा।

कानूनी लड़ाई, संगठन निर्माण, और जन चेतना फैलाने के लिए गाँव-गाँव अभियान चलाया जाएगा।हमारे पुरखे जंगल बचाते हुए मरे थे। अब हम लड़ते हुए जंगल, जमीन और आत्मा बचाएँगे। जहाँ कंपनी का बुलडोजर चलेगा, वहीं हमारी आत्मा की आंधी उठेगी।

सूत्र के अनुसार नॉर्थ धाधू परियोजना, जिसकी नीलामी अगस्त 2023 में एनएलसी को दी गई, और दिसंबर 2023 में केंद्र सरकार ने उसे अलॉटमेंट दिया। वहाँ की पर्यावरणीय स्वीकृति और ग्रामसभा की अनुमति अभी तक ग्रामवासियों को नहीं दिखाई गई। गांव वालों को नोटिस तब मिलता है, जब तारीख बीत चुकी होती है। बैठक में कई जन संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# परीक्षा की सुनियोजित तैयारी से कामयाबी



केंद्र के साथ ही विभिन्न राज्यों में नौकरी के लिए लिखित परीक्षाएं आयोजित की जाती हैं जिनमें बड़ी संख्या में उम्मीदवार शामिल होते हैं। संबंधित विषय के अलावा सामान्य ज्ञान का पेपर होता है। करीब-करीब सभी तरह की प्रतियोगी परीक्षाओं में जनरल स्टडीज के व्यापक दायरे से सवाल पूछे जाते हैं। इसमें विज्ञान, सोशल स्टडीज, इतिहास, भूगोल, गणित, भाषा व संख्यात्मक योग्यता ऐसे में लगातार व बेहतर तैयारी ही सफल होने की राह है। उम्मीदवारों के अभ्यास के लिए जनरल स्टडीज से संबंधित चुनींदा प्रश्न :

*अमेरिका में सिलिकॉन घाटी कहां है?
झ कैलिफोर्निया में

* पृथ्वी का कितना भाग वनों से घिरा है?
सतह का करीब 31 प्रतिशत हिस्सा वनों से घिरा हुआ है

*नैंसी किस देश का प्रमुख औद्योगिक नगर है?
फ्रांस का

*भूमध्यरेखा के सहारे 10 डिग्री देशांतर की दूरी कितनी होती है?
झ 1,113 किलोमीटर

* बुडापेस्ट किस देश की राजधानी है?
हंगरी

*शारजाह शहर कहां है?
संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में

*भारत में एगमार्क का प्रमाणपत्र कौन देता है?
झ विपणन एवं निरीक्षण निदेशालय, भारत सरकार

* कोर सेक्टर क्या है?
झ किसी देश की अर्थव्यवस्था के लिए अह म उद्योगों का समूह होता है।

## कार्टून वर्ल्ड



संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
प्रधान संपादक
सौरभ कुमार
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### श्री राम फैक्ट्री ने लगाया हेल्थ कैंप



**कुजू।** श्री राम पॉवर एंड स्टील प्राइवेट लिमिटेड ने कुजू पूर्वी पंचायत सचिवालय में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया। शिविर में प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ.राजेंद्र कुमार, डॉ.संजय श्रीवास्तव, फार्मासिस्ट सुनील कुमार ने दर्जनों लोगों की जांच की। उचित परामर्श देते हुए निःशुल्क दवा भी दिया। प्रबंधन ने कहा कि स्थानीय ग्रामीणों को कभी किसी भी तरह की परेशानी न हो इसके लिए श्री राम फैक्ट्री हमेशा उनकी सेवा में रहता है। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि अशोक कुमार, प्रबंधन की ओर से संजय सिन्हा, रंजीत झा, ए.सी.चतुर्वेदी, भानु प्रताप, निखिल मिश्रा सहित काफी संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

### ओरला में धूमधाम से मना सरहुल



**कुजू।** सरहुल पूजा समिति ओरला ने धूमधाम से मनाया सरहुल। पाहन गोपाल मुंडा, हरिहर पहाड़, दिनेश्वर मुंडा ने विधिवत पूजा अर्चना की। इसके बाद गाजे- बाजे के साथ शोभायात्रा निकाला गया। पूजा में झामुमो नेता विनोद किस्कु, दसई किस्कु, नरेश हांसदा, रामकुमार मांझी,दीपक टुडू, बूमरी मुखिया कारण बेदिया, दुलारी देवी,कृष्ण उरांव, किरण मंडा, जिप सदस्य दयमंती देवी शामिल हुए। इस दौरान अतिथियों को सरना स्थल में पूजा अर्चना कराया गया। अतिथियों ने कहा कि आज आदिवासी पूरे भारत में सरहुल पूजा मना रहे हैं, और आदिवासी जंगल पहाड़ में रहकर भी अपने प्राकृतिक की रक्षा अपनी जान से भी ज्यादा करते हैं। साथ ही उन्होंने हर व्यक्ति को प्राकृतिक की रक्षा करने का संकल्प दिलाया। मौके पर अध्यक्ष दिलीप बेदिया, उपाध्यक्ष जितेंद्र मुंडा, कोषाध्यक्ष दिनेश बेदिया, ओमप्रकाश अग्रवाल, रजीत सिंह, कैलाश करमाली, शंकर दयाल शर्मा, शशि नायक ,सुरेश मुंडा ,शिवनंदन मुंडा, नंदलाल मुंडा, खीरू बेदिया, राजकुमार बेदिया, अरविंद सिंह ,राजकुमार शास्त्री, विकास बेदिया, अनिल गंझु, बलदेव बेदिया आदि शामिल थे।

### महायज्ञ में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**कुजू।** तिलैया सांडी ग्राम में श्री श्री 1008 पंच दिवसीय लक्ष्मीनारायण सह हनुमंत विग्रह प्राण प्रतिष्ठा करमा के जतराटांड़ में श्री श्री 1008 हनुमंत मंदिर प्राण प्रतिष्ठा, पैंकी मुंडा टोला में श्री श्री 1008 शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा हो रहा है। जिससे पूरा क्षेत्र भक्ति के सागर में डूब गया है। चहुओर सुबह से लेकर शाम तक देवी देवताओं आह्वान, पूजा पाठ का अनुष्ठान चल रहा है। श्रद्धालु यज्ञशाला मंडप की परिक्रमा करने में जुटे हैं। शनिवार को जतराटांड़ में यज्ञाचार्य नरेश पांडेय एवं पंडितो ने यजमान बने मोहरलाल मुंडा, महादेव मुंडा, जगरनाथ मुंडा, सुखलाल महतो, पारसनाथ महतो सपत्नीक, पैंकी में यज्ञाचार्य रामशरण गिरी जी महाराज, मनीष कुमार पांडेय तथा उनके सहयोगी पंडितो ने यजमान बने बरतू मुंडा, फूलो मुंडा, मनोज मुंडा, सुरेश मुंडा,चूरामन मुंडा, धनेश्वर मुंडा, विकास रविदास सपत्नीक जबकि तिलैया साण्डी में यज्ञ संचालक राकेश कुमार पांडेय, यज्ञाचार्य बालमुकुंद पांडेय ने यजमान बने अर्जुन महतो, भुनेश्वर करमाली, दहला बेदिया, नारायण बेदिया, रमेश महतो पत्नीक के हाथों पूजा अर्चना और कई धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया।

### हनुमान जी की छज्जा निर्माण शुरू



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा लक्ष्मी टॉकीज मेन रोड स्थित रामनवमी मैदान के समीप 1980 के दशक में स्थापित हनुमान जी की प्रतिमा अब खुले आसमान से निकलकर मंडप में विराजमान होंगे। हनुमान जयंती के पावन अवसर पर शनिवार को हनुमान जी की प्रतिमा स्थल पर छज्जा निर्माण कार्य का भुरकुंडा ओपी प्रभारी निर्भय गुप्ता ने फीता काटकर विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी स्थानीय लोगों से अपील की कि यह मंदिर समाज के सहयोग से बन रहा है। हर व्यक्ति को इस पूण्य कार्य में आगे आकर योगदान देना चाहिए। बताया जाता है कि यह प्रतिमा जितनी देवी पति बाला करमाली द्वारा वर्ष 1980 में छोटा सा चबुतरा बनाकर स्थापित की गई थी। अब वर्षों बाद स्थानीय जनों के प्रयास और श्रद्धा से बाउंड्री वाल और छज्जा निर्माण निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ है। निर्माण कार्य में आर्थिक एवं श्रम सहयोग की आवश्यकता को देखते हुए समाज के सभी वर्गों से योगदान देने की अपील की गई। मौके पर राजेश सिन्हा, अजय गुप्ता, राजेश मंडल, प्रमोद कुमार, शैलेश कुशवाहा, बबलू ठाकुर, अशोक राम, रवि कुमार और मनोज सिन्हा जैसे कई लोग उपस्थित थे।

### फुले को मिले भारत रत्न : मालाकार



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** माली-मालाकार उत्थान समिति के तत्वावधान में सेंट्रल सौंदा में शुक्रवार को महात्मा ज्योतिबा गोविंद राव फुले जी की 197वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत समिति के लोगों ने उनके तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया। इस अवसर पर समिति के सचिव उदय मालाकार ने कहा कि महात्मा फुले भारत माता के सच्चे क्रांतिकारी सपूत थे। उन्होंने दबे-कुचले समाज के लोगों को आवाज दी। शोषण के खिलाफ लड़ना सिखाया और शिक्षा का महत्व समझाकर समाज को प्रगतिशील दिशा दी। बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं को समाप्त करने की दिशा में उनका योगदान अविस्मरणीय है। उन्होंने कहा कि जब समाज समानता के मूल मंत्र को आत्मसात कर लेगा, तभी नए भारत का निर्माण संभव होगा। इसी उद्देश्य से समाज के लोग भारत सरकार से यह मांग कर रहे हैं कि महात्मा ज्योतिबा फुले और माता सावित्रीबाई फुले को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया जाए। इस अवसर पर समिति के पिंटू मालाकार, धनंजय मालाकार, रामकृपाल मालाकार, नंदू भगत, सुरेंद्र भगत, वीरेंद्र भगत, विशाल मालाकार, सोनू मालाकार, बीनू भगत, रविंद्र भगत, सुनील मालाकार सहित कई गणमान्य लोगों ने भाग लिया और पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# दलालों के चंगुल में ब्लॉक ऑफिस

- जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र प्रधानमंत्री आवास योजना और वृद्धावस्था पेंशन के फॉर्म के लिए दलालों की निगरानी से गुजरना पड़ता है
- जीतेन्द्र कुमार सदर ब्लॉक ऑफिस कई दिनों से चक्कर काट रहे थे, बाबू कोई न कोई दस्तावेज की कमी बताकर लौटा देते हैं। बाहर खड़ा एजेंट कहता है कि 1000 रुपये दो, कल तक सर्टिफिकेट बनवा देंगे

**अभय कुमार सिंह**




**हजारीबाग।** जब सरकारी दफ्तरों का रास्ता बिचौलियों की गली से होकर गुजरे, तो लोकतंत्र लाचार नजर आता है। हजारीबाग जिले के अधिकतर प्रखंड कार्यालयों की यही हकीकत बन गई है। सरकारी योजनाओं और जरूरी प्रमाण पत्रों के लिए अब आम जनता को सिर्फ दस्तावेज नहीं, दलालों की फीस भी साथ ले जानी पड़ती है। जाति प्रमाण पत्र हो या आय प्रमाण पत्र, प्रधानमंत्री आवास योजना हो या वृद्धावस्था पेंशन, हर फॉर्म पहले दलालों की निगरानी से गुजरता है, तब जाकर बाबुओं की मेज तक पहुंचता है। सुबह 10 बजे से पहले ही ब्लॉक कार्यालयों के बाहर एजेंटों की भीड़ लग जाती है।

ये खुद को सहायक बताते हैं, लेकिन असल में ये वो दलाल हैं जो आम लोगों की मजबूरी को अपना धंधा बना चुके हैं। कोई 200 रुपये मांगता है, कोई 2000 तक कि यह सब फॉर्म की जटिलता के आधार पर तय होता है।

जीतेन्द्र कुमार, जो एलपीसी बनवाने के लिए सदर ब्लॉक ऑफिस पहुंचे थे, बताते हैं, कई दिनों से चक्कर काट रहा हूँ। बाबू कोई न कोई दस्तावेज की कमी बताकर लौटा देते हैं। बाहर खड़ा एजेंट कहता है कि 1000 रुपये दो, कल तक सर्टिफिकेट बनवा देगा। खुलासा ये भी हुआ कि कई कर्मचारियों और बिचौलियों के बीच आपसी साझेदारी है। दलालों को पहले से पता होता है कि किस टेबल पर कौन बाबू है, किससे कितनी 'सेवा-शुल्क' में काम होगा और कितने दिन में निपटेगा। एक कर्मचारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया, ऊपर से दबाव है। आवाज उठाने पर ट्रांसफर कर दिया जाता है। इसलिए चुप रहना ही बेहतर समझते हैं।

नव झारखंड फाउंडेशन के केंद्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा कहते हैं कि भ्रष्टाचार कर्मचारियों के रग-रग में समा चुका है। अब यह संस्कृति बन गई है। जल्द ही हर ब्लॉक कार्यालय का घेराव किया जाएगा। जब अधिकारियों से सवाल पूछे जाते हैं, तो वे जांच और सबूत की बात करते हैं। पर सवाल ये है कि जब शिकायत जिस व्यक्ति से होनी है, वो खुद इस भ्रष्ट जाल का हिस्सा हो, तो न्याय की उम्मीद किससे करें? जरूरत है सिस्टम को डिजिटल और पारदर्शी बनाने की, ताकि दलालों की दखलंदाजी खत्म हो और जनता का अधिकार सीधे उन्हें मिले, बिना किसी कट के।

## जनता से संवाद करें कार्यकर्ता : सांसद

- चौपारण में भाजपा का सदस्यता सम्मेलन में शामिल हुये मनीष जायसवाल और मनोज यादव

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**चौपारण।** शनिवार को चेतना पैलेस, चौपारण में भाजपा का सक्रिय सदस्यता सम्मेलन में बरही विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडलों से सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि कार्यकर्ताओं की निष्ठा ही पार्टी की असली ताकत है। उन्होंने कहा कि पार्टी की नीतियां सभी वर्गों के लिए कल्याणकारी हैं और सरकार की उपलब्धियों को लेकर कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर संवाद करें। उन्होंने कार्यकताओं से कागजों की राजनीति से ऊपर उठकर धरातल पर सक्रिय रहने की अपील की। साथ ही, झारखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि कोयला तस्करी, गौ-तस्करी, नशे का कारोबार और अवैध लॉटरी जैसे मामलों में सरकार और प्रशासन की लापरवाही साफ दिख रही है। उन्होंने चेताया कि यदि राज्य सरकार की कार्यप्रणाली में सुधार नहीं हुआ, तो भाजपा कार्यकर्ता जोरदार विरोध दर्ज कराएंगे। विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि सक्रिय कार्यकर्ता पार्टी का चेहरा होते हैं। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे सामाजिक, सांस्कृतिक और प्रशासनिक गतिविधियों में भागीदारी करें और जनता की समस्याओं को हल करने में अग्रसर रहें। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार जिस तरह से जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही है, उन्हें जन-जन तक पहुंचाने में कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र चंद्रवंशी ने की, जबकि संचालन महामंत्री आशीष सिंह ने किया। इस अवसर पर भाजपा के विभिन्न मंडलों के अध्यक्षों, वरिष्ठ नेताओं और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। जिनमें विजय यादव, भगवान केशरी, बाबूलाल मेहता, मुकुंद साव, राजदेव यादव, रामस्वरूप पासवान, बिराज रविदास सहित अनेक नेता शामिल थे। सम्मेलन में संगठन को और अधिक सक्रिय, सशक्त और जनोन्मुखी बनाने के संकल्प के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### दो बाइकों की टक्कर में दो युवक घायल

भुरकुंडा (रामगढ़)। भदानीनगर ओपी क्षेत्र के मतकमा मोड़ के पास शनिवार को दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही भदानीनगर ओपी पुलिस पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को एंबुलेंस के जरिए रामगढ़ सदर अस्पताल भेजा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सालगो गांव निवासी आयुष महतो पिता संदीप महतो पैशन प्रो बाइक नंबर जेएच 02 एके 2503 से फंडामेंटल साइंस स्कूल लादी के रास्ते भुरकुंडा की ओर आ रहा था। वहीं अरमादाग गांव निवासी रंजीत बेदिया स्प्लेंडर बाइक से भुरकुंडा बाजार से खरीदारी कर अपने घर लौट रहा था, इसी दौरान मतकमा मोड़ के पास दोनों बाइकों की तेज रफ्तार में आमने-सामने टक्कर हो गई। दुर्घटना की सूचना पर भदानीनगर ओपी पुलिस घायलों को एंबुलेंस से ईलाज के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल भेज दिया।

## विस्थापितों को लेकर बैठक में शामिल हुये सांसद व विधायक

- विस्थापितों के सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान करें एनटीपीसी के अधिकारी : रोशन लाल चौधरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**बड़कागांव।** एनटीपीसी कोयला खनन परियोजना से प्रभावित विस्थापितों की समस्याओं के समाधान हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक जिला समाहरणालय में प्रमंडलीय आयुक्त की अध्यक्षता में हुई।

बैठक में सांसद मनीष जायसवाल, विधायक रोशन लाल चौधरी, पूर्व विधायक अंबा प्रसाद, उपायुक्त नैंसी सहाय, एनटीपीसी के अधिकारी एवं बड़कागांव व केरेडारी के कई जनप्रतिनिधि मौजूद थे। बैठक के दौरान विस्थापित ग्रामीणों ने कंपनी के समक्ष अपनी समस्याएं और मांगें रखीं। इनमें कट-ऑफ डेट निर्धारण, विस्थापन और रोजगार, जीएम लैंड का मुआवजा, प्रदूषण नियंत्रण, कम मजदूरी, आरएंडआर कॉलोनी में बुनियादी सुविधाएं, और बायपास रोड का शीघ्र निर्माण शामिल था। विधायक रोशन लाल चौधरी ने एनटीपीसी अधिकारियों को सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विस्थापितों की सभी मांगें जायज हैं और उन्हें अनदेखा करना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि समाधान हेतु एक कमेटी गठित की जाएगी, जिसमें जनप्रतिनिधि, एनटीपीसी और जिला प्रशासन के अधिकारी शामिल होंगे। विधायक ने विस्थापितों को भरोसा दिलाया कि वे उनके साथ 24 घंटे खड़े हैं।

### गोंदलपुरा में कॉल परियोजना के विरोध में मना धिक्कार दिवस




**बड़कागांव।** गोंदलपुरा पंचायत के रोहनियाटांड़ तालाब के पास दो वर्षों से जारी धरना के समर्थन में शुक्रवार को धिक्कार दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम करणपुरा बचाओ संघर्ष समिति, आजादी बचाओ आंदोलन और चंदौल भू रैयत संघर्ष समिति के संयुक्त बैनर तले आयोजित किया गया। 12 अप्रैल 2023 से रैयत अपनी जमीन और आजीविका की रक्षा के लिए लगातार धरना दे रहे हैं। क्षेत्र में कुल 15 कोल कंपनियों को खनन के लिए केंद्र और राज्य सरकार द्वारा भूमि आवंटित की गई है, जिनमें अदानी कोल कंपनी प्रमुख है। ग्रामीणों का आरोप है कि बहु-फसली उपजाऊ जमीन को भी खनन के लिए छीना जा रहा है। उनका कहना है कि गोंदलपुरा पंचायत के मोतरा, बादम, बाबूपारा, और गोंदलपुरा जैसे गांवों में खनन से प्रभावित होने का खतरा है। 83 गांवों में से 76 गांव विस्थापन की चपेट में हैं। लोगों ने कहा कि यदि सभी प्रभावित गांव एकजुट नहीं हुए, तो वे अधिकार और जमीन दोनों खो बैठेंगे।

# सयाल परियोजना की कॉलोनियां बदहाल

## संयुक्त ट्रेड यूनियन ने पीओ को सौंपा ज्ञापन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



भुरकुंडा (रामगढ़)। सयाल परियोजना के अंतर्गत आने वाली आवासीय कॉलोनियों की दयनीय स्थिति को लेकर शनिवार को सयाल में संयुक्त ट्रेड यूनियनों ने एकजुट होकर विरोध-प्रदर्शन कर परियोजना पदाधिकारी को मांग-पत्र सौंपा। इसके बाद सभा का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता वासुदेव साव ने किया। प्रदर्शनकारियों ने कॉलोनियों में बुनियादी सुविधाओं की गंभीर कमी का मुद्दा उठाया।

यूनियन के नेताओं ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो वे चरणबद्ध आंदोलन किया जायेगा। जिसकी सारी जवाबदेही प्रबंधन की होगी। संयुक्त ट्रेड यूनियनों द्वारा प्रबंधन को सौंपे गये मांग-पत्र में आवासीय कॉलोनियों में पेयजल आपूर्ति सुचारू रूप से जल्द बहाल करने, सेफ्टी टैंक, नाली और सड़कों की मरम्मती कराने, अंबेडकर भवन सयाल के बगल में अवस्थित खटाल को अन्यत्र स्थानांतरित करने सहित कॉलोनी वासियों को प्रभावित करने वाली अन्य मूलभूत समस्याओं के भी समाधान की मांगे शामिल है।

यूनियन ने स्पष्ट किया कि यदि जल्द ही इन समस्याओं का समाधान नहीं होता है, तो वे आंदोलन को बाध्य होंगे। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी परियोजना प्रबंधन की होगी। सभा को जेपीएन सिन्हा, संजय मिश्रा, अर्जुन सिंह, संजय शर्मा, संजय वर्मा, विनोद कुमार, सदानंद सिंह, मार्शल हांसदा आदि ने संबोधित किया। मौके पर संतोष ठाकुर, बृजनंदन पासवान, कुंदन कुमार, रामविलास यादव, इंद्रदेव पासवान, पिंटू सिंह, लाल मोहन महली, अनूप कुमार राम, बिहारी साव, सनी सिंह, बाल गोविंद मुंडा, रामदुलार सिंह, चंद्रभान सिंह, दिलीप कुमार, अदीप सिंह, राणा सिंह आदि मौजूद थे। ज्ञापन में यूसीडब्ल्यूयू, एनसीओयूए, बीसीकेयू, एजेकेएसएस, जेसीकेएमयू नेताओं के हस्ताक्षर अंकित है। पत्र की प्रतिलिपि महाप्रबंधक बरका-सयाल क्षेत्र और सभी संगठन के क्षेत्रीय सचिव को भी प्रेषित की गई है।

## एक नजर में

### हजारीबागः दो महिलाओं ने की आत्महत्या

**बरही/ इचाक।** जिले के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों से शनिवार को दो महिलाओं ने की आत्महत्या। पहली घटना इचाक प्रखंड के नवाडीह पंचायत स्थित कलवाराबांध गांव की है, जहां 70 वर्षीय निर्मला देवी ने शुक्रवार रात जहर खा लिया। उन्हें गंभीर हालत में परिजन सदर अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि घरेलू विवाद के चलते उन्होंने यह कदम उठाया। दूसरी घटना बरही थाना क्षेत्र के करियातपुर गांव की है। यहां 22 वर्षीय खुशबू कुमारी ने शुक्रवार रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों के अनुसार वह मानसिक तनाव में थी। खाना खाने के बाद वह अपने कमरे में चली गई थी और सुबह जब दरवाजा नहीं खुला, तो देखा गया कि वह फांसी के फंदे से लटकी हुई है। बरही पुलिस को सूचना दी गई, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है।

### तिवारी महतो ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



**विष्णुगढ़।** बनासो पंचायत भवन के समीप मांडू विधायक तिवारी महतो ने 200केबीए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि जनहित से जुडे कार्यो को करवाने के प्रति हमारी गंभीरता बनी रहेगी। मौके पर आजसू जिला सचिव करण यादव पुर्व प्रमुख अशोक गुप्ता, आजसू के रणजीत गुप्ता, दीपू भाई, सोनू पाण्डेय, साजिद हुसैन रतन पांडे, सत्येंद्र पांडेय, अवधेश पांडेय, निर्मल साव, कुंदन पांडेइकबाल अंसारी, मेधलाल राणा, करण यादव, शोहेबउल्ला खान, केशू सिंह, धर्मेंद्र सिंह सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### बरही : दो बाइकों में टक्कर, एक घायल

बरही। धनबाद रोड स्थित मध्य विद्यालय बरही के समीप दो बाइकों में टक्कर हो गई। जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया। घायल युवक की पहचान मोहम्मद इब्राहिम के 25 वर्षीय पुत्र मोहम्मद इस्माइल ग्राम मोगढ़ा थाना बरकट्ठा निवासी के रूप में की गई है।

### हनुमान जी की जयंती पर हुयी विशेष पूजा



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल, सयाल-उरीमारी सहित आसपास क्षेत्रों के विभिन्न मंदिरों में संकटमोचन भगवान हनुमान जी की जयंती शनिवार को विशेष पूजा-अर्चना की गई। सुबह से ही हनुमान जी के मंदिरों में पूजा-अर्चना के लिए भक्तों की लंबी कतारें लगी रही। इस अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण का आयोजन हुआ। श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर भगवान हनुमान के समक्ष मत्था टेक अपने घर-परिवार और क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली की कामना की। भगवान हनुमान की जंयती के अवसर पर कोयलांचल भुरकुंडा, भदानीनगर, बासल सहित आसपास क्षेत्र के हनुमान मंदिरों को भव्य तरीके से सजाया गया था। श्रद्धालुओं ने भगवान हनुमान की पूजा कर सुख-समृद्धि और संकटों से रक्षा की कामना की। पंडितों के अनुसार चैत्र पूर्णिमा को हनुमान जी का जन्म हुआ था, इसीलिए हर वर्ष इस दिन को हनुमान जयंती के रूप में मनाया जाता है। हनुमान जयंती के इस अवसर पर कई सामाजिक और धार्मिक संगठनों ने भंडारे का श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया। इधर भुरकुंडा बाजार स्थित इच्छा पुरन प्राचीन हनुमान मंदिर खोपड़िया बाबा धर्मशाला में भगवान हनुमान जी की पंडित नंदकिशोर मिश्रा द्वारा पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-अर्चना की गई। वहीं संध्या में महाआरती, हनुमान चालीसा का पाठ, अखंड-कीर्तन और खीर महाप्रसाद का वितरण किया गया।

### कुजू बस्ती में धूमधाम से मनी हनुमान जयंती




**कुजू।** हनुमान जयंती शनिवार को कुजू कोयलांचल व आस-पास के क्षेत्रों में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान क्षेत्र के हनुमान मंदिरों में भगवान हनुमान जी की विधिवत पूजा अर्चना की गयी। जयंती के अवसर पर श्री श्री महावीर मंडल कुजू बस्ती में पंडित यमुना पांडेय द्वारा विधिवत पूजा अर्चना किया गया। वहीं संध्या बेला में स्थानीय महिला श्रद्धालुओं द्वारा भजन-कीर्तन किया गया। बाद में श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद के रूप खीर, चना, शरबत का वितरण किया गया। वहीं क्षेत्र के श्री श्री महावीर मंडल कुजू बस्ती, नया बाजार टांड़ हनुमान मंदिर, कुजू बड़ा मंदिर में स्थापित हनुमान की प्रतिमा, डटमा मोड़, श्री राम चौक के अलावे आरा, सारूबेड़ा, तोपा, ओरला, सांडी, दिगवार, बोंगावार, करमा, रतवे, छोटकी डूंडी, बड़की डूंडी में विधिवत पूजा अर्चना के साथ धूमधाम से हनुमान जयंती मनाया गया। मौके पर सागर ठाकुर, अभिषेक साहू लल्ला, श्रवण शाह, शुभम साहू, संजम साहू, विक्की ठाकुर, शेखर साहू, राहुल साहू, सुजल साहू, सुमित साहू, रोहित साहू, चंदन शर्मा, रौनक साहू, सुजीत साहू, अंशु शर्मा, आयुष कुमार, चंदन साहू, शांति देवी, उमा देवी, चंपा देवी, गुड़िया देवी, सुमित्रा देवी, ममता साहू, किरण देवी, पूनम देवी सहित काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।

## डॉक्टर को धरती पर भगवान का दूसरा रूप माना जाता है मगर कुछ डॉक्टर कर रहे हैं बदनाम

# सरकारी अस्पतालों की हालत सुधारकर रुकेगी निजी अस्पतालों की मनमानी : सिविल सर्जन





सीएस डॉ.अनिल कुमार


डॉ.रंजीत कुमार


डॉ. कुलदीप कुमार


डॉ.मनोज कुमार


रामधन यादव

उमा शंकर, ब्यूरो प्रमुख

**कोडरमा।** डॉक्टर को धरती पर भगवान का दूसरा रूप माना जाता है। भगवान ने तो हमें एक बार जीवन दिया है, मगर वह डॉक्टर ही है जो भगवान के दिए इस जीवन पर संकट आने की स्थिति में हमारे जीवन की रक्षा करते हैं। दुनिया में ऐसे कई उदाहरण हैं जहां डॉक्टरों ने भगवान से भी बढ़कर काम किया है और कठिन ऑपरेशन के बाद मरणासन्न स्थिति में पहुंच चुके लोगों की जान बचाई है। बच्चे को जन्म देना हो या किसी वृद्ध को बचाना हो डॉक्टरों की मदद हमेशा मुश्किल से बचाती है। यही एक पेशा है जो सबसे पवित्र माना जाता है। कठिन परिश्रम और कई वर्षों की अथक पढ़ाई के बाद डॉक्टर बनते हैं। पढ़ाई महंगी तो है ही साथ ही इसके लिए जरूरी है जज्बे की। हालांकि अब इस पेशे का अब व्यावसायीकरण हो गया है, लेकिन आज भी जब युवा इस क्षेत्र में उतरते हैं, तो उनके मन में लोगों की सेवा करना ही मुख्य लक्ष्य होता है। मगर अब डॉक्टरी करने के बाद प्रेक्टिस करना भी एक डॉक्टर के लिए आसान नहीं रहा। कई विपरीत परिस्थितियों में डॉक्टरों को भी अग्निपरीक्षा देनी पड़ती है। मगर अभी भी उनका एक ही ध्येय है कि वे लोगों की जान बचा सकें।

### इलाज में लापरवाही करना बेहद ही शर्मनाक : रामधन यादव

जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव ने कहा कि जिला मुख्यालय स्थित ओम कौशल्या अस्पताल एवं ट्रॉमा सेंटर के डॉक्टर विशाल कुमार द्वारा इलाज में लापरवाही से हुए इंफेक्शन के कारण बच्चे का जीवन बचाने के उद्देश्य से डॉक्टर के द्वारा 6 वर्षीय बच्चे अमन कुमार पिता विशुनधारी सिंह जानपुर निवासी का हाथ काट देने की बात सामने आई है, जो बेहद ही शर्मनाक है। आज स्थिति ये है कि आम लोग डॉक्टरों के पास जाने से कतराते हैं कि पता नहीं कितना पैसा लगेगा और इलाज सही होगा भी या नहीं। इसी डर से एक गरीब परिवार महीनों-सालों तक बीमारियों को सहता-झेलता रहता है, ताकि डॉक्टर के पास न जाना पड़े। आज डॉक्टर सेवा भाव से नहीं, बल्कि ज्यादा से ज्यादा पैसा कैसे ऐंठे इस नियत से इलाज करते हैं। मंहगी-मंहगी दवाइयां, जांच के नाम पर मोटी रकम वसूलने का चलन चल चुका है। मिली जानकारी के अनुसार डॉ विशाल कुमार के द्वारा दर्जनों ऐसे गंभीर शिकायतें मिल रही हैं, इसपर जिला प्रशासन को संज्ञान लेने की आवश्यकता है।

**एक मछली पूरे तालाब को गंदा कर देती है : सीएस**

सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि एक मछली पूरे तालाब को गंदा कर देती है, चिकित्सीय पेशे में आज यही हो रहा है। कुछ चुनिंदा डॉक्टरों और कॉरपोरेट अस्पतालों की वजह से लोग सभी चिकित्सकों को शक की नजरों से देखते हैं। समाज में डॉक्टरों की ऐसी छवि बना दी गई है जैसे वह धरती के भगवान नहीं 'शैतान' हों। जबकि अधिकांश डॉक्टर अपने मरीज के बेहतर स्वास्थ्य के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। हरसंभव प्रयास कर जान बचाने का लक्ष्य रहता है।

**सदर अस्पताल में बहुत जल्द बदलाव देखने को मिलेगा : डॉ.रंजीत कुमार**

वहीं डीएस डॉ. रंजीत कुमार का कहना है कि मरीज कहां इलाज कराएगा, यह उसकी मर्जी है। पहले डॉक्टर इलाज अस्पताल में करते थे, जांच पैथोलॉजी से कराते थे। वहीं अस्पताल और पैथोलॉजी की भागदौड़ में मरीज परेशान होते थे। अब कोडरमा सदर अस्पताल में एक ही छत के नीचे सभी सुविधाएं मिलती है। यही नहीं, कुछ दिनों में सदर अस्पताल में मरीजों की सुविधा के लिए बहुत कुछ बदलाव देखने को मिलेगा, जिससे लोग प्राइवेट अस्पताल न जाकर सदर अस्पताल में ही बेहतर इलाज करा सकेंगे।

**एक ही मिशन लोगों की सेहत ठीक करना : डॉ. कुलदीप कुमार**

वहीं डीआरसीएचओ डॉ. कुलदीप कुमार का कहना है कि एक मिशन लेकर चल रहा हूं कि लोगों की सेहत और मानसिक सेहत को सुदृढ़ बना सकूं। प्रभु ने इस जीवन में जो कार्यभार सौंपा है उसे और अच्छे ढंग से करने का प्रयास रहता है। युवा पीढ़ी से भी यही संकल्प लेकर आगे बढ़ने की उम्मीद है कि वे इस क्षेत्र में केवल पैसा कमाने की इच्छा से नहीं बल्कि लोगों की सेहत अच्छी बनाने और लोगों के जीवन की रक्षा के लिए आएं।

**लोगों की सेहत की रक्षा करना लक्ष्य : डॉ मनोज कुमार**

डीएमओ डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि डॉक्टरी एक ऐसा पेशा है जिस पर लोगों का बहुत विश्वास होता है। उसी विश्वास को जिंदा रखने के लिए चिकित्सक मरीज की जान बचाने का हर रोज अथक प्रयास करते हैं। डॉक्टरी पेशा बहुत मुश्किलों से भरा भी है। कठिन परीक्षाओं के बाद एक चिकित्सक लोगों का इलाज कर पाने के लिए तैयार होता है। मगर डॉक्टर बनने के पीछे ज्यादातर का एक ही लक्ष्य होता है कि वह लोगों की सेहत की रक्षा कर सके। एक मिशन लेकर चल रहा हूं कि लोगों की सेहत और मानसिक सेहत को सुदृढ़ बना सकूं। प्रभु ने इस जीवन में जो कार्यभार सौंपा है उसे और अच्छे ढंग से करने का प्रयास रहता है।

## बीडीओ ने की ग्रामीण विकास व पंचायती राज विभाग की योजनाओं की समीक्षा



**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में ग्रामीण विकास विभाग एवं पंचायती राज विभाग की योजनाओं का समीक्षा बैठक शनिवार को बीडीओ हुलास महतो अध्यक्षता में की गयी। इस दौरान उन्होंने मनरेगा अंतर्गत लंबित योजनाओं को यथाशीघ्र पूर्ण करने एवं बागबानी योजना में लक्ष्य के अनुरूप जेएसएलपीएस के साथ समन्वय बनाकर नए आम बागवानी की योजना का लाने व मानव दिवस सृजन करने पर जोर दिया गया। बैठक में प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी सियाराम सिंह, सहायक अभियंता चितरंजन कुमार, जेएसएलपीएस के बीपीएम दिनेश्वर पासवान, प्रखंड समन्वयक 15वें वित्त शशि कुमार यादव, सभी जेई, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक एवं प्रखंड कर्मी मौजूद थे।

## उत्क्रमित मवि में बाल संसद का किया गया पुनर्गठन



**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में शनिवार को बाल संसद का पूनर्गठन किया गया। वहीं विद्यालय के प्रधानाध्यापक अशोक कुमार ने बाल संसद के बारे में विस्तृत से चर्चा कर एवं इसके कार्यो एवं दायित्वों के बारे में बताया। वहीं बाल संसद में विभिन्न पदों हेतु लोकतान्त्रिक पद्धति से मंत्रियों का चुनाव किया गया। मंत्रियों में प्रधानमंत्री जस्मिन खातून, उप प्रधानमंत्री स्वीटी कुमारी, स्वास्थ्य मंत्री कोमल कुमारी, उपस्वास्थ्य मंत्री परी सिंह, स्वच्छता मंत्री नितेश कुमार, उपस्वछता मंत्री अनुज कुमार सिंह, सुरक्षा एवं न्याय मंत्री रिया कुमारी, उपसुरक्षा एवं न्याय मंत्री शिवानी कुमारी, पोषण मंत्री रिया कुमारी, उपपोषण मंत्री अंशु कुमारी, उपस्थिति मंत्री रामदुलारी कुमारी एवं आस्मिन खातून के अलावे अन्य मंत्रियों का चुनाव किया गया। मौके पर विद्यालय के शिक्षक प्रदीप कुमार सिंह, अनिल यादव, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सोनी सिंह आदि मौजूद थे।

## सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता रैली निकाली



**कोडरमा।** रमेश प्रसाद यादव शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के एनएसएस इकाई के बैनर तले शनिवार को सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता के तहत सेफ ड्राइव सेव लाइफ कार्यक्रम का आयोजन किया गया एवं रैली भी निकाला गया। वहीं रैली को महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.लक्ष्मी सरकार ने रवाना किया। रैली महाविद्यालय परिसर से शुरू और मरियमपुर, बड़कीबागी, छोटकीबागी, पुरनानगर रोड, कोडरमा-डोमचांच मुख्य मार्ग, वसुंधरा पेट्रोल पंप, फरेंदा सहित अन्य क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए पुन: महाविद्यालय परिसर में आकर समाप्त हुआ। वहीं रैली का नेतृत्व एनएसएस प्रभारी मो.सेराज ने किया। इस दौरान जो लोग हेलमेट नही पहने थे उन्हें प्रशिक्षुओं द्वारा हेलमेट पहनने, स्पीड कंट्रोल, ट्रैफिक नियमों का पालन करने को लेकर जागरूक किया गया। मौके पर सहायक प्राध्यापक डॉ.संजीव कुमार, राजेश पांडेय, मो.सेराज, विनोद यादव, रविभूषण सिंह, आनंद कुमार, सैयद खुर्शीद अली, अनिल कुमार, खोमा रानी महतो, जयंती कुमारी, मिथलेश कुमार, सुजीत कुमार, श्रवण कुमार, शाहिद खान, गौरव कुमार, सेंटु कुमार, चंदन कुमार सहित सभी शिक्षकेत्तर कर्मचारी व प्रशिक्षु आदि मौजूद थे।

## विधायक ने कई योजनाओं का किया शिलान्यास व उद्घाटन

- कहा- संवेदक गुणवत्ता का रखें ख्याल

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** जिले के झुमरीतिलैया में विधायक सह पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ नीरा यादव ने कई विकास योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन किया। वहीं उन्होंने शनिवार को आयोजित शिलान्यास कार्यक्रम में लोगों से कार्य पर नजर रखने के साथ ही संवेदक से गुणवत्ता का खयाल रखने को कहा। उन्होंने वार्ड 01, 08 और 20 में पीसीसी रोड, वार्ड 18 और वार्ड 25 में आरसीसी नाला, वार्ड 25, वार्ड 27 और वार्ड 14 में पेवर ब्लॉक का अधिष्ठापन का शिलान्यास किया। वहीं झुमरीतिलैया वार्ड 07 में गोवर्धन पार्क के निर्माण का शिलान्यास किया गया। इसके साथ ही वार्ड 14 में आरसीसी नाली का उद्घाटन भी किया। इस दौरान विधायक ने लोगों से विकास कार्य में सहयोग करने की भी अपील की। वहीं उन्होंने कहा कि शहर साफ-सुथरा और स्वच्छ दिखे इसके लिए आप सभी का सहयोग जरूरी है। शहर आपका है, इसकी देखभाल भी आपको ही करनी है। कहीं कोई कठिनाई हो तो मुझे जरूर बताएं, मैं समस्या के समाधान का हर संभव प्रयास करूंगी। वहीं योजनाओं के शिलान्यास उद्घाटन के अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत लाभुकों का गृह प्रवेश कराया गया और उन्हें नवनिर्मित गृह की चाबी सौंप गई। वहीं उन्होंने लाभुकों को आवास निर्माण पूरा होने और गृह प्रवेश की बधाई दी। इस दौरान झुमरीतिलैया नगर परिषद के प्रशासक के अलावा कई भाजपा नेता और कार्यकर्ता भी मौजूद थे।

## झारखंड चिकित्सा जन स्वास्थ्य कर्मचारी महासंघ प्रखण्ड इकाई की बैठक आयोजित

- अध्यक्ष पद के लिए सुजीत व सचिव शोएब खान को चुना गया

खबर मन्त्र संवाददाता




**डोमचांच (कोडरमा)।** रेफरल अस्पताल डोमचांच में शनिवार को झारखंड चिकित्सा जन स्वास्थ्य कर्मचारी महासंघ जिला इकाई के नेतृत्व में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों का सम्मेलन हुआ। सम्मेलन में मुख्य रूप से अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष शैलेंद्र तिवारी, विपुल कुमार, कुमार गौरव तथा पवन कुमार उपस्थित थे। सम्मेलन की अध्यक्षता शैलेन्द्र तिवारी व सुजीत कुमार ने किया। सम्मेलन के दौरान नई कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए सुजीत कुमार, सचिव के पद पर शोएब खान, कोषाध्यक्ष के लिए विक्रम सोनू व संगठन मंत्री के रूप में सत्येंद्र कुमार को सर्वसम्मति से चुना गया। वहीं कार्यकारिणी सदस्यों के लिए राजकुमार, प्रेमलता कुमारी, सीमा कुमारी, संगीता कुमारी, निर्मला कुमारी, सतीश कुमार को भी सर्वसम्मति से चुना गया। वहीं सम्मेलन को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष शैलेंद्र तिवारी ने कहा कि स्वास्थ्य कर्मियों को किसी भी प्रकार की अगर कोई समस्या होती है तो उसकी त्वरित कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने अपने अपने क्षेत्रों में पूरी ईमानदारी के साथ कार्य करने की अपील की और कहा कि सभी कर्मी हर समय एकजुट रहें, ताकि किसी भी परिस्थितियों का सामना डटकर किया जा सके।

वहीं नये प्रखंड सचिव के रूप में चयनित कर्मी शोएब खान ने कहा कि एकता में ही बल होता है, अगर हम सभी कर्मी एकजुट रहेंगे तो निश्चित तौर पर सभी समस्याओं का निदान आसानी से हो जायेगा। मौके पर रेफरल अस्पताल डोमचांच के प्रभारी डॉ. आशीष राज एवं अजय कुमार रवि चिकित्सा पदाधिकारी भी मौजूद थे।

## पोषण पखवाड़ा प्रचार वाहन को किया रवाना

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड से पोषण पखवाड़ा 2025 के तहत एक विशेष प्रचार वाहन को बाल विकास परियोजना-सह-प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस प्रचार वाहन का उद्देश्य समुदाय में पोषण के प्रति जागरूकता फैलाना एवं मातृ-शिशु स्वास्थ्य, संतुलित आहार, एनीमिया, किशोर स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर जानकारी देना है। इस अवसर पर बाल विकास परियोजना कार्यालय एवं प्रखंड कार्यालय के सभी पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। साथ ही मुखिया जयनगर ईस्ट एवं आकांक्षी प्रखंड फेलो समेत कई लोग कार्यक्रम में मौजूद रहे। बताते चलें कि पोषण पखवाड़ा का आयोजन हर वर्ष बच्चों, किशोरों, गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं में पोषण संबंधी व्यवहार परिवर्तन को बढ़ावा देने के लिए किया जाता है। इस पहल से कुपोषण को समाप्त करने की दिशा में एक सशक्त कदम उठाया गया है। प्रचार वाहन आगामी दिनों में प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में जाकर अडियो-विजुअल माध्यम से लोगों को पोषण के प्रति जागरूक करेगा।

# मुख्य सचिव अलका तिवारी ने भद्रकाली मंदिर में की पूजा-अर्चना

- मुख्य सचिव ने मंदिर के विकास को लेकर 500 करोड़ रुपये के मास्टर प्लान पर मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्यों के साथ की चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता



**इटखोरी।** झारखंड सरकार की मुख्य सचिव अलका तिवारी शनिवार को अपने पति और राज्य के पूर्व मुख्य सचिव डी.के. तिवारी के साथ इटखोरी स्थित प्रसिद्ध भद्रकाली मंदिर पहुंचीं। यहां उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना की और मंदिर के पुजारियों से माता की चुनरी प्राप्त की। पूजा के बाद उन्होंने नारियल की बलि चढ़ाई, पंचमुखी हनुमान के दर्शन किए और सहस्त्र शिवलिंग मंदिर में जलाभिषेक किया।

मुख्य सचिव और उनके पति का मंदिर परिसर में प्रवेश करने पर डाक बंगला में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस दौरान चतरा के उपायुक्त रमेश घोलप और एसपी विकास कुमार पांडेय ने उनका स्वागत करते हुए उन्हें पौधा भेंट किया। इसके बाद, मुख्य सचिव और उनके पति ने मंदिर परिसर में पौधरोपण भी किया। मंदिर प्रबंधन समिति की ओर से उन्हें मां भद्रकाली का प्रतीक चिन्ह और कॉफी टेबल बुक भेंट की गई। पूजा के बाद मुख्य सचिव ने मंदिर परिसर स्थित म्यूजियम का अवलोकन किया, जहां उन्होंने प्राचीन अवशेषों को देखा। इस अवसर पर मुख्य सचिव ने मंदिर के विकास को लेकर 500 करोड़ रुपये के मास्टर प्लान पर मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्यों के साथ चर्चा की। उन्होंने शीघ्र निर्णय लेने का आश्वासन दिया। समारोह में उपायुक्त रमेश घोलप, एसपी विकास कुमार पांडेय, डीडीसी अमरेन्द्र कुमार सिन्हा, डीएफओ राहुल कुमार मीणा, सिमरिया एसडीओ सन्नी राज, चतरा एसडीओ जहूर आलम, सीओ सविता सिंह, डीएसपी अमिता लकड़ा, इंस्पेक्टर मंजू लकड़ा, थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह सहित अन्य जिला स्तर के अधिकारी उपस्थित थे।

## अवैध बालू ले जा रहा ट्रैक्टर जब्त

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत बरियाडीह-मरकच्चो मुख्य मार्ग स्थित धुबाडीह के समीप से सीओ परमेश्वर कुशवाहा ने शनिवार को अवैध रूप से बालू ले जा रहे एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार उक्त ट्रैक्टर केशो नदी से अवैध रूप से बालू लोड कर मरकच्चो की ओर जा रहा था। इसी दौरान क्षेत्र भ्रमण के लिए निकले सीओ ने ट्रैक्टर में बालू लदा देख ट्रैक्टर को रुकवाकर बालू से संबंधित पूछताछ की तथा बालू लोड ट्रैक्टर को जब्त कर थाना ले आए, जहां संबंधित विभाग को सूचना देकर अग्रेत्तर कार्रवाई की जा रही है।

### खबर एक नजर में

## सीसीएल पिपरवार के ऑफिस सुप्रिटेंडेंट अमोल कांत मिश्रा ने आल इंडिया मास्टर एथलेटिक चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता



**चतरा।** सीसीएल पिपरवार में ऑफिस सुप्रिटेंडेंट के पद पर कार्यरत अमोल कांत मिश्रा ने 50 वर्ष के आयु समूह में अपनी अविस्मरणीय सफलता से झारखंड का नाम रोशन किया है। उन्होंने हाल ही में बेंगलुरु में आयोजित आल इंडिया मास्टर एथलेटिक चैंपियनशिप में 1500 मीटर दौड़ में 5 मिनट 4 सेकंड का समय लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया और स्वर्ण पदक हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि के बाद, अमोल कांत मिश्रा को उनके अथक प्रयासों और सफलता के लिए चतरा के उपायुक्त रमेश घोलप द्वारा सम्मानित किया गया। समाहरणालय में आयोजित एक कार्यक्रम में उपायुक्त ने अमोल कांत मिश्रा को शिल्ड देकर और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और उनकी कड़ी मेहनत को सराहा। अमोल कांत मिश्रा ने इस अवसर पर यह भी बताया कि वे अब एशियन मास्टर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे, जो इंडोनेशिया और चेन्नई में आयोजित होगी। इसके अलावा, उन्होंने गोवा, मुंबई और रांची में आयोजित 42 किलोमीटर की फूल मैराथन में भी मेडल जीते हैं, जो उनकी अद्वितीय कड़ी मेहनत और समर्पण को दर्शाता है। इस सम्मान समारोह में सीसीएल पिपरवार के ऑफिस सुप्रिटेंडेंट अभय कुमार सिंह और पिपरवार के रमेश कुमार मिश्रा सहित अन्य प्रमुख अधिकारी भी उपस्थित थे। अमोल कांत मिश्रा की यह सफलता न केवल उनके व्यक्तिगत प्रयासों का परिणाम है, बल्कि यह यह भी सिद्ध करती है कि जब लक्ष्य निर्धारित हो, तो उम्र सिर्फ एक संख्या होती है।

## इटखोरी प्रखंड में स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया शुरू



**इटखोरी।** प्रखंड मुख्यालय में अब बिजली उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट मीटर लगाने का काम शुरू हो गया है। पहले चरण में शहरी क्षेत्र के लगभग 1500 उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। इसके बाद धीरे-धीरे ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। इसके बाद धीरे-धीरे ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। बिजली विभाग ने इस अभियान की शुरुआत की है ताकि उपभोक्ताओं को बिजली की सही खपत और बिल की जानकारी मिल सके। इससे बिजली की चोरी पर भी नियंत्रण पाया जा सकेगा और बिजली की आपूर्ति में सुधार होगा। जेई तरुण कुमार ने बताया कि स्मार्ट मीटर से बिजली की खपत का सही आंकलन किया जा सकेगा और बिजली की चोरी पर भी प्रभावी नियंत्रण पाया जाएगा। इस कदम से उपभोक्ताओं को अपनी बिजली खपत के बारे में जानकारी मिलती रहेगी और किसी भी प्रकार की अनियमितता को आसानी से पकड़ा जा सकेगा।

## अनियंत्रित ट्रैक्टर ने मारी टक्कर, बाल-बाल बचे लोग

**गिद्धौर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित ब्लॉक मोड़ के पास काली लोहार के ओंटा में एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। इस हादसे में कई लोग बाल-बाल बच गए, लेकिन लोहे के एंगल का सामान और एक साइकिल क्षतिग्रस्त हो गई। जानकारी के अनुसार, ट्रैक्टर का टायर गैरेज में पंचर बनवाने के लिए रखा गया था। इसी दौरान नए चालक ने ट्रैक्टर को चालू कर दिया और वह अनियंत्रित होकर ब्लॉक मोड़ के समीप काली लोहार के घर के ओंटा में जा टकराया। हालांकि, किसी प्रकार की कोई गंभीर घटना नहीं घटी। ट्रैक्टर रोहमर गांव का बताया जा रहा है।

## एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रम का आयोजन

**गिद्धौर।** प्रखंड में स्थित पीएम श्री मध्य विद्यालय में शनिवार को एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ सहायक जिला कार्यक्रम पदाधिकारी दीपा मोनी बनर्जी, सीओ अनंत सनम विश्वकर्मा, मुखिया निर्मला देवी, डॉक्टर कुमारी अंजली भगत, डॉक्टर सत्य प्रकाश समेत अन्य ने फीता काट व दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय गिद्धौर की छात्राओं ने अतिथियों के आगमन पर फूल बरसाकर तथा बाजे गाजे के साथ स्वागत किया। इस दौरान सहायक जिला कार्यक्रम पदाधिकारी दीपा मोनी बनर्जी ने संबोधित करते हुए कहा कि कार्यक्रम में विभिन्न कला संस्कृति, वेश भूषा व भाषा को लेकर बच्चों को जानकारी देते हुए इन्हें शिक्षा के साथ साथ व्यवसायिक शिक्षा से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने को लेकर कार्यक्रम में जानकारी दी। बताया गया कि एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत उक्त कार्यक्रम का पीएम द्वारा पूरे देश में सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती के मौके पर शुभारंभ किया गया है। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के द्वारा इससे आधारित कई कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रधानाध्यापक सिद्धेश्वर पांडेय व संचालन पिंडारकोण उच्च विद्यालय के शिक्षक मनीष कुमार मनीष ने किया। मौके पर शिक्षक सत्यदेव उपाध्याय, अशोक दांगी, पंकज कुमार राणा, शंभू रजक, मनोज चौबे, अर्जुन तोपो, रामलखन भुइंया, सीआरपी राजू, रिसोस शिक्षक अशोक कुमार सिंह, मोहन साव, प्रतिमा कुमारी सहित शिक्षक व विद्यालय के छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, भाई ने चाचा-चाची पर लगाया हत्या का आरोप



**कोडरमा (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत भंडरवा गांव में बीती रात एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं मृतका की पहचान 18 वर्षीय मासूम प्रवीण पिता अब्दुल जब्बार के रूप में हुई है। वहीं बताया जाता है कि शुक्रवार की शाम मासूम अपने घर में अकेली थी। उसकी मां छोटे भाई के साथ किसी काम से बाहर गई हुई थी। मां जब वापस लौटी तो देखा कि वह एक कमरे में फंदे पर झूल रही थी। जिसके बाद उनकी चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग वहां पहुंचे और इसकी सूचना पुलिस को दी। जिसके पश्चात पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। इधर मामले को लेकर मृतका के भाई ने बताया कि जिस प्रकार से उनकी बहन फंदे से झूल रही थी, वहां तक वो पहुंच ही नहीं सकती। उन्होंने अपने चाचा, चाची व चचेरे भाई पर अपनी बहन की हत्या का आरोप लगाया है एवं कहा है कि उसके चाचा, चाची व चचेरे भाई काफी समय से जमीन विवाद को लेकर हमारे परिवार के साथ मारपीट करते आ रहे हैं। वहीं उन्होंने कहा है कि जब मेरी मां व छोटा भाई शुक्रवार को बाजार गए हुए थे, इसी बीच उनके चाचा, चाची व चचेरे भाइयों ने मेरी बेटी को मारकर फंदे पर लटका दिया होगा। उन्होंने थाने में आवेदन देकर मामले की छानबीन कर कार्रवाई की मांग की है। मृतका की मां ने बताया कि मुस्कान की शादी हजारीबाग जिले के बरही में तय हुई थी। उसकी शादी इसी वर्ष जून माह में होने वाली थी। शादी की सभी तैयारियां हो चुकी थीं। ऐसे में यह घटना काफी पीड़ादायक है। मृतका के पड़ोसियों ने बताया कि मृतका के पिता काफी समय पहले ही दूसरी शादी कर के अलग घर बसा लिया है। वहीं मृतका फिलहाल अपने तीन भाइयों व मां के साथ रहती थी।

# हिल मिल पेहराहो सभी आज गजरा बाबा को...

- हवन व भव्य गजरा अर्पण के साथ श्री हनुमान जन्मोत्सव संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** दो दिवसीय श्री हनुमान जन्मोत्सव का 44वां वार्षिकोत्सव शनिवार को हवन व भव्य गजरा अर्पण के साथ संपन्न हुआ। मौके पर आयोजित सवा 24 घंटे का संगीतमय भजनों के कार्यक्रम में हनुमान संकीर्तन मंडल, सामान्तो काली महिला मंडल, ओम संकीर्तन मंडल, श्याम शरण में आजा रे, श्याम मित्र मंडल, श्री राम संकीर्तन मंडल आदि के द्वारा वीर हनुमान, भोले शंकर, माता दुर्गा को समर्पित भजन काफी सराहे गए। वहीं मुकेश सिंह के द्वारा गजरा अर्पण भजन हिलमिल पहराओ सभी आज गजरा बाबा को.. भजन पर श्रद्धालु घंटों झूम उठे। अड्डी बांग्ला रोड स्थित केदारनाथ रामगोपाल फैक्ट्री में आयोजित हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम में सवामणि प्रसाद के अलावा विविध कार्यक्रम हुए। वहीं महोत्सव कार्यक्रम में धनबाद से आए भजन गायक दीपक अरोड़ा, रजनी मेहरा, गिरिडीह के धीरज पांडेय व प्रयागराज से आए वगीशा पांडेय व हरिप्रिया पांडेय तथा स्थानीय भजन गायक राकेश राजपूत, सत्येंद्र सिन्हा, विनोद चौरसिया, राकेश काप्सीमें, मुन्ना भदानी, राजा चौरसिया आदि के द्वारा प्रस्तुत भक्ति गीत चले ना श्री राम के बिना, राम चलें हनुमान के बिना.., अंजनी मां को हुआ रे लाल, बधाई सारे भक्तों को.. जैसे भजन पर मौजूद श्रद्धालु भक्तों को झुमने पर मजबूर कर दिया।

समापन समारोह में बतौर अतिथि तनिष्क के फ्रेंचाइजी हर्ष जलान ने कहा कि हनुमान जी त्याग व तपस्या की मूर्ति थे जिन्होंने भक्ति, दिव्यता व समानता का परिचय दिया था। हनुमान की भक्ति से हमें सीखने की जरूरत है।

मौके पर मंडल की ओर से आए हुए अतिथियों व भजन गायकों को मंडल के पदाधिकारी व सदस्य गण के द्वारा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

मौके पर विजय सिंह, अशोक मेरठी, अनिल अग्रवाल, मधुसुधन दारूका, नवीन सिन्हा, विक्की केशरी, बबलू पांडेय, संचालक गौतम पांडेय, बॉबी कपसीमे, सुजय सिंह, मुकेश सिंह, मनीष पेड़ीवाल, अरविंद चौधरी, बबलू सिंह, बिमल मोदी, शुशील सिंहा, आशुतोष भदानी, मनोज माथुर, विकास अग्रवाल, गिरधारी सुमानी, विशाल अग्रवाल, मनोज वर्मा, अमित सुरुलिया, राकेश सिंह राजपूत, तनिष्क शो रूम के संचालक हर्ष जालान, ए आर इंटरप्राइजेज के संचालक अभिषेक पांडेय, सोनू केसरी, मुन्ना बदनी, सुरेंद्र साहू, राम अवतार केसरी, सुरेश केसरी, विजय पांडेय, उचित कुमार, निखिल कुमार सिन्हा, नीतीश कुमार सिन्हा, कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किये। कार्यक्रम में हवन, पूजन, पूर्णाहुति आचार्य अनिल मिश्रा ने सम्पन्न करवाई। वहीं भव्य गजरा के साथ दो दिवसीय हनुमान जयंती के समापन किया गया। उसके बाद प्रसाद का वितरण किया गया।

हवन में मंडल के अध्यक्ष नवीन सिन्हा एवं उनकी धर्मपत्नी ललिता देवी ने किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान एनसीसी के कैडर छात्र छात्राओ ने अपनी अहम योगदान दिया।

# गुमला : हनुमान की जन्मस्थली आंजन धाम गुंजता रहा जय हनुमान व जय श्री राम के नारों से



माता अंजना व बालक हनुमान की पूजा अर्चना करते लोग।



आंजन मंदिर में पूजा अर्चना के लिए कतारबद्ध महिलाएं।



मंदिर में कीर्तन करते कैरो लोहरदगा की कीर्तन मंडली।



हनुमान जन्मोत्सव को लेकर टोटो में निकाली गयी कलश यात्रा

## जिले में धूमधाम से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** संकट मोचन हनुमान का जन्मोत्सव गुमला जिला में शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। जगह-जगह हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया। हनुमान की जन्मस्थली आंजन धाम में हनुमान जन्मोत्सव पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आंजन धाम मंदिर जय हनुमान, जय बजरंग बली व जय श्री राम के नारों से गुंजता रहा। रांची, गुमला, लोहरदगा व आस-पास के कई जिलों से श्रद्धालु आंजन धाम पूजा करने पहुंचे थे। जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल लोगों के चेहरे में हनुमन जी के प्रति आस्था व भक्ति का भाव झलक रहा था। लोगों ने पूजा अर्चना कर अपनी मनोकामना पूर्ति का वरदान संकट मोचन हनुमान से मांगी। दिन भर आंजन गांव में श्रद्धालुओं का पूजा अर्चना के लिए तांता लगा रहा। पूरा आंजन गांव भक्ति व आस्था से सराबोर नजर आ रहा था। पूजा अर्चना के लिए उपर आंजन व नीचे आंजन दोनों स्थानों पर लोगों की भीड़ लगी हुई थी। गुमला शहर से भारी संख्या में लोग दो पहिया, तीन पहिया व चार पहिया वाहनों से आंजन धाम पहुंचे थे। वहीं आंजन व आस-पास के गांवों से भी भारी संख्या में श्रद्धालु पूजा अर्चना करने आये थे।

**कैरो लोहरदगा के कीर्तन मंडली ने किया कीर्तन :** हरतम कैरो लोहरदगा के कीर्तन मंडल के हनुमान जन्मोत्सव पर उपर आंजन मंदिर में अखंड हरि कीर्तन का आयोजन किया गया। कीर्तन मंडली के हरे राम राम राम हरे कृष्णा कृष्णा-कृष्णा के मधुर धुन से पूरा आंजन परिसर भक्तिमय हो उठा। कीर्तन के मधुर ध्वनि से लोग बालक हनुमान के जन्मोत्सव कार्यक्रम में आस्था व भक्ति के गोते लगाते रहे। कीर्तन मंडली टीम में बजरंग यादव, बंधु उरांव, कर्मवीर महली, देवचरण महली, अंकित महली, पूजा देवी, सरोज देवी, सीता देवी, विमला देवी, सरस्वती देवी, उर्मिला देवी, मुनी देवी आदि शामिल थी।

### टोटो में निकाली गयी कलश यात्रा

हनुमान जन्मोत्सव को लेकर टोटो में कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कलश यात्रा में भारी संख्या में महिलाएं शामिल हुई। टोटो स्थित हनुमान मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई जो आंजन नदी तक गई। आंजन नदी में पुरोहितों के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश में जल उठाया गया। जिसके बाद कलश लेकर महिलाएं टोटो हनुमान मंदिर पहुंची। इस दौरान जय हनुमान व जय बजरंग बली के नारे लगाये गये।

### लोगों ने भंडारे का उठाया लुत्फ

हनुमान के जन्मोत्सव कार्यक्रम में आंजन धाम विकास समिति गुमला व रांची के द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। आंजन धाम पूजा अर्चना करने पहुंचे सैकडों श्रद्धालुओं ने भंडारे का लुत्फ उठाया। वहीं लोहरदगा से आये भक्तों ने चना, शरबत आदि का वितरण लोगों के बीच किया। भंडारा खाने के लिए लोगों का दिन भर तांता लगा रहा। आंजन सहित आस-पास के गांवों से भंडारे में भारी संख्या में लोग शामिल हुए। आंजनधाम सेवा समिति रांची के विष्णु लाट, विनय गोयिंका, आलोक अग्रवाल, प्रथमेश लाट, संदीप भारद्वाज, राजेश कुमार, मोहित मोदी, वैभव कुमार, अनूप गुप्ता, सुखदेव, वहीं गुमला आंजन धाम समिति के सदस्य भी काफी संख्या में उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### ऑल बॉक्साइट माइंस जनाधिकार संघर्ष समिति की बैठक संपन्न



घाघरा। संगम बैंक्विट हॉल घाघरा में ऑल बॉक्साइट माइंस जनाधिकार संघर्ष समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुनः आंदोलन को धारदार बनाने को लेकर कई चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए आल बॉक्साइट माइंस जनाधिकार संघर्ष समिति के अध्यक्ष राजीव उरांव ने कहा कि विगत मार्च महीने में बिमरला क्षेत्र में मूलभूत सुविधा से संबंधित 18 सूत्री मांगों को लेकर 2 मार्च से 8 मार्च तक बीमरला परिवहन कार्य बंद किया गया था। जिसके बाद विगत 9 मार्च को जिला अनुमंडल पदाधिकारी एसडीपीओ और कंपनी के प्रबंधन द्वारा थाना परिसर में बैठक की गई थी। जिसमें सकारात्मक पहल दिखाते हुए कंपनी के प्रबंधन द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क,रोजगार स्टेडियम में सकारात्मक कार्य को लेकर समिति से बैठने की बात 24 मार्च को कही गई थी। जिसके बाद आंदोलन को रोक दिया गया था। लेकिन कंपनी द्वारा कोई भी पहल नहीं की गई। सिर्फ ठगने का काम हिंडालको प्रबंधन द्वारा किया गया। इस क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं को अनदेखी कंपनी द्वारा किया जा रहा है और यहां के लोगों को शोषण कंपनी द्वारा किया जा रहा है। मूलभूत सुविधा के नाम पर कोई भी कार्य नहीं किया जा रहा है। कंपनी के इस उदासीन रवैया के खिलाफ पुनः आंदोलन तेज की जा रही है। जिसे लेकर 20 अप्रैल से बिमरला खनन का परिवहन कार्य बंद की जाएगी। मौके पर समिति के संरक्षक शिवकुमार भगत टुनटुन, सचिव विनोद राम,नयमुल खान, सचिन साहू, महावीर गोप, भोला गोप,छोटू महतो, रूबेन किंडो, पवन महली, विजय महतो, सोमनाथ उरांव उपस्थित थे।

### डुमरी एवं जारी प्रखंड के नागरिकों की डीसी ने सुनी ऑनलाइन समस्या

गुमला। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने शनिवार को ई-जनशिकायत कार्यक्रम में डुमरी एवं जारी प्रखंड के नागरिकों से ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर उनकी समस्याओं को सुना। कार्यक्रम में डुमरी एवं जारी प्रखंड से लगभग 30 से अधिक आवेदकों ने अपनी समस्याओं का विवरण दिया। इन समस्याओं में पेंशन, राशन, पीएम किसान और अन्य सरकारी योजनाओं से संबंधित मुद्दे शामिल थे। उपायुक्त ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों को आवश्यक समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान करने का निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य रूप से आवास निर्माण करने के सम्बन्ध में कई नागरिकों ने वीसी के माध्यम से समस्याओं को रखा। इसके अलावा भी कई समस्याओं का समाधान प्रखंड स्तरों पर संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी के माध्यम से ऑन द स्पॉट किया गया। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को सभी समस्याओं के त्वरित और प्रभावी निष्पादन के निर्देश दिए।

### वृद्ध ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

घाघरा। घाघरा थाना क्षेत्र के चूमनू ग्राम निवासी लक्ष्मण उरांव ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त की। जानकारी के अनुसार वृद्ध लक्ष्मण उरांव बीते शुक्रवार की शाम घर से निकला था। जिसके बाद से वह लौटकर नहीं आया। शनिवार की सुबह घर से लगभग 300 मीटर दूर एक पेड़ में रस्सी के सहारे झूलता हुआ लक्ष्मण का शव ग्रामीणों ने देखा। जिसके बाद परिजनों की इसकी जानकारी दी गई। साथ ही घाघरा पुलिस को भी सूचित किया गया। घाघरा की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पहुंच शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की बहु सपना उरांव ने बताया कि वह और उसके ससुर घर पर रहते थे। बाकि घर के सदस्य दूसरे प्रदेश पलायन कर काम करने गए है। लक्ष्मण का लंबे समय से तबीयत खराब था। जिसे लेकर आंशिक मानसिक संतुलन भी खराब था।शाम में लक्ष्मण घर से निकले घर में कोई पुरुष सदस्य नहीं होने के कारण रात में ढूंढने के लिए नहीं निकल सकी। अचानक ही शनिवार की सुबह ग्रामीणों के द्वारा सूचना मिला।

### चिल्ड्रेन एकेडमी प्लस टू स्कूल रन्हे घाघरा में हुआ बाल संसद का गठन



घाघरा। चिल्ड्रेन एकेडमी प्लस टू स्कूल रन्हे घाघरा में शनिवार को बाल संसद का गठन किया गया। साथ ही सभी नवनिर्वाचित सांसदों को शपथ दिलाई गई। इस दौरान प्रधानमंत्री फूलचंद भगत व खुशी कुमारी, उपप्रधानमंत्री मंत्री मोती महली व आकांक्षा कुमारी, खेल मंत्री सूरज उरांव, कमलदेव उरांव, प्रीति कुमारी, व आभा कुमारी, स्वास्थ्य मंत्री अरविंद उरांव, शशिकांत उरांव, सुलेखा कुमारी, आंचल कुमारी, अनुशासन मंत्री साहिल उरांव, बंदेश्वर उरांव, साक्षी उरांव, अनीशा उरांव, कला एवं सांस्कृतिक मंत्री विलियम उरांव, मन्नत उरांव, दीपिका कुमारी, आकांक्षा कुमारी, पेयजल मंत्री अनीश उरांव, विजेंद्र उरांव, पुष्पा सोनी बा, स्वेच्छा उरांव, खाद्य मंत्री काशीनाथ उरांव, सुजीत उरांव, वर्षा कुमारी, संध्या किरण कुमारी, वित्त मंत्री रोशन महतो, शशांक भगत, प्रिया उरांव, खुशबू कुमारी को बनाया गया। इस दौरान प्रबंधक विजय साहू ने कहा सभी मंत्री पढ़ाई के साथ-साथ अपने कार्यों को निष्ठापूर्वक निर्वहन करेंगे। इस मौके पर विजय साहू, मीना देवी, रीना मिंज, प्रेमचंद कुमार, अजीत लकड़ा, राहुल नाग, माइकल उरांव, दुर्गावती कुमारी, आरती कुमारी, तारामणि देवी, पूजा प्रिया, रोशन कुमारी व शिवानी लकड़ा सहित कई लोग मौजूद थे।

### मवेशी लदा पिकअप वाहन जब्त

जारी। जारी थाना क्षेत्र के बंझर गांव में सदान टोली के पास कीचड़ में पशुओं से लदा पिकअप फंस गया। जिसके बाद तस्करी पशु व वाहन को छोड़कर फरार हो गये। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात मवेशी तस्कर द्वारा 12 मवेशियों को पिकअप वाहन में क्रूरता पूर्वक ठूंस ठूंस कर वध हेतु ले जा रहे था। लेकिन बीते दिनों हुए बरसात के कारण वाहन डायवर्सन के कीचड़ में फंस गया। तस्करों ने पिकअप वाहन को निकलने का काफी प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हुए। जिसके बाद रात में ही छत्तीसगढ़ से एक स्कॉर्पियो को वाहन निकालने के लिए बुलाया गया। लेकिन वाहन नहीं निकल पाया। इसके बाद तस्कर वाहन को छोड़कर फरार हो गए। शनिवार की सुबह ग्रामीणों ने लावारिस हालत में वाहन को देखा। जांच करने पर पशु को लोड पाया।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं को राजनीतिक कल्पना व संगठनात्मक अनुशासन की आवश्यकता : बंधु

चैनपुर में संगठन सृजन के तहत कांग्रेस की बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**चैनपुर।** प्रखंड के लूथरन मैदान स्थित आम बागान में शनिवार को जिला कांग्रेस कमिटी ने प्रखण्ड स्तरीय संगठन सृजन के तहत बैठक का आयोजन किया। जिसका अध्यक्षता जिला अध्यक्ष चैतु उरांव ने की। जिसमें जिला प्रभारी बंधु तिर्की और जिले के अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे। बंधु तिर्की ने कहा कि वर्ष 2025 कांग्रेस पार्टी के लिए संगठन सृजन का वर्ष है। हम गुजरात से मिले मार्गदर्शन को ध्यान में रखते हुए हमारे संगठन को ग्रासरूट स्तर पर मजबूत करेंगे। हमें अपने योग्य और मापदंडों को पूरा करने वाले कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देकर संगठन को मजबूत बनाना होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब हमें राजनीतिक कल्पना, रणनीतिक स्पष्टता और संगठनात्मक अनुशासन की आवश्यकता है। बैठक में सांसद प्रतिनिधि राजनील तिग्गा, तरुण गोप, अलबर्ट तिग्गा, रघुनंदन प्रसाद, निरंजन बाड़ा, राजेश्वर एक्का, कृष्णा लोहरा, राजेश टोप्पो, ज्योति कुजूर, शनि, लोजेनियुस लकड़ा, अरुण तिर्की, जोहन मिंज, आलोक, अनुग्रह खलखो, अगसतुस किंडो, विलियम, रजनी किरण, रोजालिया टोप्पो, अनिता बेक, बिमल, अमित, सुशीला, बिबयानी शामिल थे।

## नीरू शांति भगत ने झामुमो का दामन थामा

### आजसू के कद्दावर नेता दिवंगत कमल किशोर भगत की पत्नी नीरू लोहरदगा विस से तीन बार लड़ चुकी है चुनाव



खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** नीरू शांति भगत अपने समर्थकों के साथ झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो गई हैं। इस मौके पर लोहरदगा झामुमो जिला अध्यक्ष मुजम्मिल अहमद भी मौजूद थे। शनिवार को जेएमएम के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। इससे पहले नीरू शांति भगत ने 14 जनवरी को आजसू पार्टी से इस्तीफा दिया था। नीरू शांति भगत के इस्तीफा के बाद से ही अटकलों का दौर शुरू हो गया था कि वे सत्तारूढ़ झामुमो में शामिल हो सकती हैं। दरअसल विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद से कई मौके पर जेएमएम के कार्यकारी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधायक कल्पना सोरेन समेत जेएमएम के अन्य नेताओं से उनकी मुलाकात होती रही थीं। शनिवार को उनके जेएमएम में शामिल होने के साथ ही इन तमाम अटकलों पर विराम लगा है। नीरू शांति भगत के जेएमएम में शामिल होने पर पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने कहा है, 'एक मजबूत झारखंड आंदोलनकारी, पूर्व विधायक दिवंगत कमल किशोर भगत जी की धर्म पत्नी नीरू शांति भगत का दल में स्वागत है। नीरू शांति भगत ने भी सार्वजनिक जीवन काफी उतार-चढ़ाव देखा है। अब वे झारखंड में सबसे बड़े झामुमो परिवार की सदस्य हैं। हम सभी को साथ मिलकर राज्य को आगे ले जाना है।' नीरू शांति भगत झारखंड आंदोलनकारी और आजसू पार्टी के कद्दावर नेता दिवंगत कमलकिशोर भगत की पत्नी हैं। वे आजसू पार्टी में लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र की प्रभारी थीं और 2024 के विधानसभा चुनाव में वे एनडीए की साझा उम्मीदवार के तौर पर लोहरदगा से चुनाव लड़ीं, लेकिन कांग्रेस के रामेश्वर उरांव से हार गईं। इससे पहले भी आजसू पार्टी ने उन्हें दो बार चुनाव लड़ाया था। नीरू शांति भगत ने कहा है कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन, सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन के सपने को साकार करना है।

## फुलकुंदी के साथ हापामुनि में आयोजित मंडा मेला संपन्न

### धधकते अंगारे पर चले भोक्ता व ग्रामीण, लोगों में हुआ आस्था का संचार



खबर मन्त्र संवाददाता

**घाघरा।** परंपरा, आस्था और संस्कृति का प्रतीक घाघरा प्रखंड के हापामुनी गांव में आयोजित मंडा मेला शनिवार को संपन्न हो गया। इस अवसर पर स्थानीय लोगों के साथ-साथ आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु और दर्शक शामिल हुए। परंपरागत ढोल-नगाड़ों की थाप पर फुलकुंदी कार्यक्रम हुई। जिसमें भोक्ता भोलेनाथ के शिवलिंग पर फूल रखकर विशेष पूजा अर्चना किया। वही फूल गिरने के उपरांत फूलकुंदी में जलते अंगारों पर भोक्ता और ग्रामीण चले। लगभग ढाई सौ भोक्ताओं ने बारी-बारी से धध्कते अंगारे पर चलकर लोगों में आस्था जागृत की। इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जहां बनारस से आये कलाकारों द्वारा भव्य झांकी और सांस्कृतिक कलाकारों द्वारा नागपुर ही हिंदी भोजपुरी जैसे कई गीतों पर नृत्य गीत प्रस्तुत किए गए। मंडा मेला में मुख्य आकर्षण भोक्ताओं द्वारा अग्नि पर चलने की परंपरा रही। आधी रात के बाद जब जलते अंगारे बिछाए गए, तब भोक्ता समेत कई ग्रामीणों ने उस पर नंगे पांव चलकर मां दुर्गा भगवान भोलेनाथ और ग्राम देवी-देवताओं के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। यह दृश्य उपस्थित लोगों के लिए रोमांचकारी और अद्भुत अनुभव रहा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से समाज की विरासत और मान्यताओं को जीवंत किया गया। गीत, नृत्य और लोककथाओं की प्रस्तुतियों ने मेले को खास बना दिया। मौके पर मंडा मेला के संरक्षक सह अध्यक्ष प्रोफेसर अवध मनी पाठक ने कहा कि मंडा मेला सिर्फ एक आयोजन नहीं, बल्कि आस्था और सामुदायिक एकता का पर्व है। जिसे पीढ़ियों से निभाया जा रहा है। वही समाजसेवी शिवकुमार भगत टुनटुन ने कहा कि कार्यक्रम गांव में एकता और आस्था का प्रतीक है। इस अवसर पर अध्यक्ष सह संरक्षक प्रो अवध मनी पाठक, समाजसेवी शिवकुमार भगत टुनटुन, डॉ भारत भूषण पाठक, कृष्ण जीवन पाठक, सुधाकर पाठक, डॉ अमिताभ पांडे, डॉ अर्चना पाठक, डॉ गौरव मणि पाठक, निष्ठा पाठक, मुकेश मनी पाठक, राजेश मनी पाठक, प्रदीप मनी पाठक, निलेश मनी पाठक, उप मुखिया अजित मनी पाठक, शैलेश मनी पाठक, पंचायत समिति सदस्य प्रधान उरांव, पूर्व मुखिया आदित्य भगत, आशीष कुमार सोनी, नीरज कुमार साहू, निखिल कुमार, दिलीप उरांव, संदेश उरांव, रविंद्र महली, भारत मिश्रा, सुंदर साहू, बिंदेश्वर साहू, राजिंद्र साहू सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

### रशीद अकेला ने एसपी हारिश बिन जमां को अपनी हाल ही में प्रकाशित पुस्तकें भेंट की



लोहरदगा। लोहरदगा जिला के कुडू निवासी अब्दुल रशीद के पुत्र तारिक रशीद साहित्यिक नाम रशीद अकेला ने लोहरदगा जिला के एसपी हारिश बिन जमां को अपनी हाल ही में प्रकाशित पुस्तकें भेंट की। रशीद ने उन्हें बताया कि वे सामाजिक एवं राजनैतिक मुद्दों पर लिखते हैं और उससे प्राप्त समस्त आय को सामाज की भलाई में खर्च करते हैं। एसपी ने रशीद के कार्यों की खूब सराहना की साथ ही एसपी ने कुछ महत्वपूर्ण सलाह भी दिए कि किसी भी एनजीओ या संस्थानों को पैसे देने से पूर्व उसकी अच्छे से जांच कर लें कि वो सही जगह और अच्छे कार्यों में ही पैसे का प्रयोग कर रहे हैं। कहीं उन पैसों का इस्तेमाल वो देश विरोधी गतिविधियों में तो इस्तेमाल नहीं कर रहे हैं। इन सब चीजों के जांच पड़ताल के उपरांत ही अपने पुस्तक की रॉयल्टी उन्हें साझा करें। रशीद को अभी तक उनके कार्यों के लिए 100 से ज्यादा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय अवार्ड मिल चुके हैं।

### रांची ने रामगढ को पांच विकेट से पराजित किया




लोहरदगा। झारखंड राज्य क्रिकेट द्वारा आयोजित तथा लोहरदगा जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा संचालित झारखंड राज्य अंतर जिला अंडर 16 क्रिकेट टूनामेंट के ग्रुप बी के मैच में शनिवार को रांची ने रामगढ को पांच विकेट से पराजित कर दिया। स्थानीय बलदेव साहू महाविद्यालय क्रिकेट स्टेडियम में निर्धारित 50 ओवर के मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए रामगढ़ की टीम 32.4 ओवर में 137 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। टीम की और से देवेश गोयल ने 53 गेंदों पर 56 रन, शुभम प्रियदर्शी ने 22 और समीर कुमार 17 रन का योगदान दिया। रांची की ओर से गेंदबाजी करते हुए वैभव संतोष ने 3 और हर्ष कुमार ने 2 विकेट लिए। जवाबी पारी खेलते हुए रांची की टीम ने 25 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 142 रन बनाकर मैच को जीत लिया। रांची के तरफ से अंकित कुमार ने 36, वैभव ने 26 तथा अरमान अहमद ने 24 रन का योगदान दिया। रामगढ़ की ओर से गेंदबाजी करते हुए शिवम गोप ने 2 तथा अंतरिक्ष ने 2 विकेट लिया। प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार रांची के वैभव संतोष को उनके शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए दिया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में जेएससीए द्वारा प्रति नियुक्त टीम आरडीओ राजेश कुमार झा तथा एलओ अमलेश कुमार सिंह ने उन्हें 5000 का नगद पुरस्कार तथा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अंपायर राजेश्वर सिंह तथा संजय कुमार सिंह और स्कोरर सूरज कुमार, शुभम मेहता, एलओ अमलेश कुमार सिंह (सचिव, लातेहार जिला क्रिकेट एसोसिएशन) भास्कर दास गुप्ता आलोक राय,नियाज मलिक आदि उपस्थित थे।

## विकास कार्यों में लापरवाही बरतने वालों पर होगी कार्रवाई : सुखदेव भगत

>> कैरो में सांसद ने विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक की, अधिकारियों को दिए कई निर्देश





खबर मन्त्र संवाददाता

**कैरो।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में शनिवार को विकास योजनाओं की विभागवार समीक्षा बैठक लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत ने किया। बैठक में मनरेगा, कृषि, स्वास्थ्य, आपूर्ति, आवास, 15वें वित्त आयोग सहित अन्य विभागों की समीक्षा करते हुए सांसद द्वारा बीडीओ छंदा भट्टाचार्य सहित अन्य अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। मनरेगा में सढ़ाबे पंचायत के एक किसान द्वारा बागवानी में पौधे मरने की शिकायत की गई। जिसपर सांसद ने कहा कि विकास कार्यों में लापरवाही बरतने वालों पर सीधी कार्रवाई की जाएगी। आवास योजना में सांसद द्वारा बीडीओ से जानकारी लेते हुए जरूरतमंद को हर हाल में योजना का लाभ देने की बात कही। सांसद ने कहा कि कई जगहों से कार्डधारकों द्वारा राशन कम मिलने की शिकायत मिल रही है। उन्होंने राशन डीलरों को चेतावनी देते हुए कहा कि अगली बार कम राशन मिलने की शिकायत मिली तो संबंधित लोगों पर सीधे कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों द्वारा बैंक में केवाईसी नहीं करने व बैंक कर्मियों द्वारा खाताधरकों के साथ दुर्व्यवहार करने की शिकायत किया।उप स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डाक्टर राकेश कुमार द्वारा बताया गया कि अस्पताल में कर्मियों की कमी बताया गया। सांसद द्वारा विद्यार्थियों के बीच साइकिल व दिव्यांग व्यक्ति को ट्राइसाइकिल वितरण किया गया। जिसके बाद सांसद द्वारा प्रखंड परिसर में पौधरोपण किया गया। बैठक में थाना प्रभारी कुलदीप राज टोप्पो सहित सांसद प्रतिनिधि व प्रखंड कर्मी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### श्री महावीर मंडल समिति गुमला ने मनाया हनुमान जन्मोत्सव

**गुमला।** श्री महावीर मंडल समिति महावीर चौक गुमला के द्वारा श्री हनुमान जयंती के अवसर पर मेन रोड स्थित हनुमान मंदिर व पटेल पार्क के पास स्थित हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मौके पर समिति के दिनेश गुप्ता ने कहा की मेन रोड स्थित हनुमान मंदिर को सभी के सहयोग से जीर्णोद्धार कर नया रूप दिया गया है। इससे पूर्व पूजक बंधन पंडित जी द्वारा प्रातः 9:00 बजे ध्वजा पूजन, श्री सुन्दरकाण्ड पाठ, श्री हनुमान चालीसा, श्री राम स्त्रोत, श्री हनुमान जी की महाआरती के बाद प्रसाद व खिचड़ी का वितरण किया गया। मौके पर अनिल साहू, उदय गुप्ता डब्लू, सुधांशु केशरी, रुपेश साहू, लव गुप्ता, हिमांशु केशरी, रजत केशरी, राजेश मिठू, संतोष गुप्ता, रुपेश साहू, रमेश साबु, मनोज, हरिओम, मनमोहन, अजय केशरी, टीनू साबु, अनिल अग्रवाल, विवेक केशरी, राहुल, अमन, माथुर, विकास, हर्ष केशरी, राज सहित अन्य महिला व पुरुष भी उपस्थित थे।

## ग्रामीणों तक पानी नहीं पहुंचा तो इसका अर्थ कि योजना विफल है: डीसी

### कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में पीएम जनमन योजना की विभागीय समीक्षा बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक में शामिल डीसी कर्ण सत्यार्थी व अन्य अधिकारी।

**गुमला।** डीसी कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में पीएम जनमन योजना के तहत विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। डीसी ने सभी योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिले के सभी पीवीटीजी समुदाय के नागरिकों को सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ मिले।

उन्होंने अधिकारियों से आपसी समन्वय और दृढ़ निश्चय के साथ कार्य करने का आह्वान किया ताकि इन वंचित समुदायों तक बुनियादी सुविधाएं पहुंच सके। जल जीवन मिशन के तहत जिले में 112 पीवीटीजी ग्रामों में जलापूर्ति योजना पूर्ण हो चुकी है। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पीवीटीजी परिवारों के घरों तक नल से जल आपूर्ति सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल की सुविधा उपलब्ध हो सके इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने सुदूरवर्ती क्षेत्रों में पीएचईडी के इंजीनियरों को स्थलीय निरीक्षण करने और जल की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। डीसी ने चेतावनी दी कि यदि ग्रामीणों तक पानी नहीं पहुंचा तो इसका अर्थ होगा कि पूरी योजना विफल है। उन्होंने गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए पूर्व तैयारी करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में डीसी ने विशेष रूप से औरापाट क्षेत्र में नेटवर्क की समस्या को दूर करने के निर्देश दिए, ताकि वहां के लोगों को सुचारु संचार सुविधा प्राप्त हो सके। इसके साथ ही समीक्षा बैठक में आधार कार्ड में सुधार करने में ग्रामीणों को हो रही परेशानियों पर भी चर्चा की गई और संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि संबंधित प्रखंड में यथाशीघ्र शिविर लगाकर इस समस्या का समाधान किया जाए। समीक्षा बैठक में पीएम जनमन योजना के तहत सड़क निर्माण कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। साथ ही पटनी में एक टोले से दूसरे टोले को जोड़ने वाली एक सड़क निर्माण हेतु डीपीआर तैयार करने का निर्देश दिया गया। जिससे कि ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा हो सके। उन्होंने लंबित कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। बैठक में पीएम किसान योजना, केसीसी, छात्रवृति, वनाधिकार कानून, आयुष्मान भारत योजना सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं की भी समीक्षा की गई। डीसी ने इन योजनाओं के क्रियान्वयन को प्रभावी बनाने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त गुमला, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, कार्यपालक अभियंता, कार्यपालक अभियंता विद्युत विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

## जनता के पैसे का सही उपयोग जरूरी आरोप नहीं समाधान पर हो ध्यान : संदीप

जब जांच प्रक्रिया चल रही है, तो किसी एक सदस्य पर आरोप लगाना न्यायसंगत नहीं है : रीना कुमारी



खबर मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा।** किस्को मुखिया संघ द्वारा जिला परिषद सदस्य पर लगाए गए आरोपों को लेकर शनिवार को जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में जिला परिषद उपाध्यक्ष विनोद उरांव, सेन्हा की सदस्य राधा तिर्की, कैरों के सदस्य सुखदेव उरांव, भंडरा जिप सदस्य सहित अन्य सभी सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि उक्त मामले की जांच पहले से ही जिला परिषद बोर्ड द्वारा गठित समिति द्वारा की जा रही है। इस समिति में संबंधित क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य के साथ प्रमुख और बीडीओ को भी शामिल किया गया है। ऐसे में जांच रिपोर्ट आने से पहले ही मुखिया संघ द्वारा लगाए गए आरोपों को अनुचित बताया गया। सभी सदस्यों ने एक मत से यह राय दी कि जब जांच प्रक्रिया चल रही है, तो किसी एक सदस्य पर आरोप लगाना न्यायसंगत नहीं है। जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी ने इस संबंध में किस्को बीडीओ से बात कर जांच रिपोर्ट जल्द से जल्द प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी कहा कि अगली बैठक में इस मुद्दे पर और विस्तार से चर्चा की जाएगी। संदीप गुप्ता ने आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि 9 अप्रैल को किस्को प्रखंड सभागार में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी। जिसमें प्रमुख, बीडीओ, समन्वयक, कार्यक्रम पदाधिकारी, कृषि पदाधिकारी तथा विभिन्न पंचायतों के सचिव उपस्थित थे। बैठक में 14वें और 15वें वित्त आयोग की योजनाओं के तहत खर्च की गई राशि की जानकारी ली गई, जिसमें कई अनियमितताएं सामने आईं। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि आंगनवाड़ी केंद्रों में हैंड वॉश और पीने के पानी की व्यवस्था के लिए 1,72,000 रुपये का एस्टीमेट तैयार किया गया था, लेकिन कार्य मात्र 30,000 रुपये में कर दिया गया।

## बालूमाथ के निजी विद्यालय में री-एडमिशन व बुक के नाम पर हो रहा है करोड़ो का व्यवसाय, अभिभावक परेशान

# 3 करोड़ एवं पूरे प्रखंड में लगभग 8 करोड़ तक बसूली जा रही है राशि, शिक्षा विभाग मौन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों निजी विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के अविभावक के साथ री-एडमिशन व सिलेबस बदल कर करोड़ों रुपये का व्यवसाय करने में जुड़ गये हैं। जिस कारण बच्चों के अभिभावकों पर अधिक बोझ बढ़ता जा रहा है। वहीं निजी विद्यालय लाखों रुपए की कमाई कर चांदी काट रहे हैं। बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय में बीएस मेमोरियल हाई स्कूल में लगभग 400 बच्चे अध्ययनरत है। जबकि किड्स जूनियर स्कूल में 450 बच्चे, वही ऑक्सफोर्ड विद्यालय में 500 बच्चे, गुरुकुल में 300 बच्चे, डीबीएलएम, सरस्वती शिशु मंदिर, एकरा पब्लिक स्कूल, अमेरिकन पब्लिक स्कूल, आएशा एकेडमी समेत प्रखंड मुख्यालय में अन्य स्कूलों को मिला दिया जाये तो 3000 बच्चे अध्यनरत है। वहीं प्रखंड मुख्यालय को मिला दिया जाए तो पूरे प्रखंड में लगभग निजी विद्यालय में 8000 बच्चे पढ़ते हैं। बीएस मेमोरियल में री-एडमिशन के नाम पर एक बच्चे से 5000 तक से 10,000 तक राशि एवं किताब के नाम पर 3000से 4000 तक की राशि ली जा रही है। वहीं ऑक्सफोर्ड स्कूल में री-एडमिशन के नाम पर 4000 से 8000 तक एवं किताब के एवज में तीन से 4000, जबकि किड्स स्कूल में री-एडमिशन के नाम पर छह से 10,000 तक एवं किताब के नाम पर तीन से 5000 तक ली जा रही है। इसके अलावा भी बालूमाथ के सभी निजी विद्यालय का कमोबेस यही हाल है।

### शिक्षा मंत्री के आदेश को अवहेलना करते हुये धड़ल्ले से स्कूल में किताब बेच रहे हैं विद्यालय: अभिभावक




अभिभावक पंकज सिन्हा, दिलीप कुमार, बबलू चौरसिया, अखिलेश भोगता, शशि भूषण गुप्ता,अजीत कुमार, पंकज केसरी, प्रकाश सिन्हा, सुरेंद्र साहू समेत कई अभिभावकों ने बताया कि राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने एक बयान जारी कर स्पष्ट रूप से यह निर्देश दिया था कि किसी भी निजी विद्यालय में री-एडमिशन एवं सिलेबस बदलकर बुक बेचने का कार्य नहीं किया जायेगा। अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। लेकिन यहां के निजी विद्यालय शिक्षा मंत्री के आदेश को अवहेलना करते हुए धड़ल्ले से स्कूल में किताब बेच रहे हैं। कई स्कूल ऐसे हैं जो एक निश्चित दुकान को फिक्स कर वहीं पर किताब लेने का निर्देश दे रहे हैं। एवं दुकानदारों से 50% तक कमीशन लिया जा रहा है। जिस कारण यहां के अभिभावकों पर अतिरिक्त बोझ बढ़ता जा रहा है। यह निजी विद्यालय का अवैध खेल पिछले कई वर्षों से चलते आ रहा है इसकी सूचना शिक्षा विभाग को होने के बावजूद भी शिक्षा विभाग द्वारा अभी तक किसी भी निजी विद्यालय पर कोई कार्रवाई नहीं किये जाने से निजी विद्यालय का मनोबल बढ़ता जा रहा है। बालूमाथ के अभिभावकों ने शिक्षा विभाग एवं लातेहार उपायुक्त से मांग करते हुए कहा है कि निजी विद्यालय पर इस तरह का व्यवसाय करने पर रोक लगाया जाए ताकि अभिभावकों पर अतिरिक्त बोझ से बचा जा सके।

### कुशवाहा पुस्तक सदन में 10% की छूट : संचालक

वही इस संबंध में ऑक्सफोर्ड विद्यालय के संचालक मोहम्मद अफरोज ने कहा कि विद्यालय कुशवाहा पुस्तक सदन में बेचा जा रहा है वहां 10% तक कम कर दिया जायेगा। नहीं करने पर हमसे बात करा दीजियेगा। जबकि किड्स स्कूल के प्रधानाध्यापक गजेंद्र वर्मा ने कहा कि विद्यालय में एक से तीन क्लास तक की पुस्तक की बिक्री की जाती है जिसमें कोई छूट नहीं दिया जायेगा। वहीं इस विद्यालय का किताब 4 से 10वीं तक का कुशवाहा पुस्तक सदन में लिया जाएगा जिसमें 10% तक की छूट दी जाएगी। वहीं बीएस मेमोरियल के संचालक अशोक कुमार अपने एक निजी रिश्तेदार के यहां दुकान खुलवाकर वहीं से किताब की बिक्री करा रहे हैं। अशोक कुमार ने कहा कि मैं विद्यालय में किताब नहीं भेज रहा हूं जबकि स्कूल प्रबंधन द्वारा राहुल बुक स्टेशन गोविंदनगर किताब दुकान को उपलब्ध कराई गई रेट लिस्ट देख कर समझा जा सकता है। इस संबंध में डीएसई गौतम कुमार साहू ने कहा कि इसको लेकर एक जांच कमेटी जिला उपायुक्त के निर्देश पर गठित किया गया है। वैसे ऑडियो क्लिप के आधार पर मैं जांच कर कार्रवाई करूंगा।

# मौत के बाद गुस्सायें ग्रामीणों ने किया सड़क जाम, हाईवा में लगा दी आग





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** बालूमाथ-पांकी मुख्य पथ पर शुक्रवार की देर शाम पचफेड़ी ग्राम के पास एक अज्ञात हाईवा की चपेट में आने से बाइक सवार रमेश उरांव पिता जगेश्वर उरांव ग्राम लावागड़ा थाना हेरहंज निवासी युवक की मौत हो गई। जिससे गुस्साए ग्रामीणों ने बालूमाथ-पांकी मुख्य पथ को रात 10 बजे से देर रात दो बजे तक पचफेडी ग्राम के समीप सड़क जाम कर दिया। जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। आक्रोशित ग्रामीण परिजनों के लिए मुआवजा की मांग कर रहे थे। तभी कुछ शरारती तत्वों ने तुबैद से कोयला लोड कर कुसमाही साइडिंग की ओर जा रहे हाईवा जेएच02बीएस0740 को आग के हवाले कर दिया। जिससे हाईवा जलकर बुरी तरह खाक हो गया। वहीं घटना की सूचना पाकर बालूमाथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विनोद रवानी, बालूमाथ बीडीओ सोमा उरांव, हेरहंज थाना प्रभारी केपी सिंह समेत कई पदाधिकारी जाम कताओं से वार्ता करने के लिए जाम स्थल पहुंचे और देर रात करीब दो बजे समझा बुझा कर जाम को हटाया। इस दौरान पदाधिकारी ने आश्वासन दिया कि सरकारी प्रावधान के तहत परिजनों को उचित मुआवजा दिया जायेगा। वही तुबैद कंपनी की ओर से पांच लाख रुपए में तीन लाख रूपया नगद एवम परिवार के एक सदस्य को कंपनी में सुरक्षा गार्ड की नौकरी देने की बात कही । वही शेष बकाया 2 लाख की राशि एक दिन बाद देने की बात कही। इस संबंध में बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने कहा कि शरारती तत्व की पहचान की जा रही है हाईवे जलने वाले लोगों पर प्राथमिक दर्ज की जायेगी। इस दौरान सड़क करीब 5 घंटे तक जाम रहा।

## पुलिस जवान का गांव के युवती से अवैध संबंध को लेकर मारपीट, पति घायल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत चेटर ग्राम निवासी ने शनिवार को चंदवा थाना प्रभारी को लिखित आवेदन देकर चेटर पुलिस पिकेट पर तैनात सैट के जवान कुलेश्वर तुरी पर पत्नी के साथ आपत्तिजनक स्थिति में पकड़े जाने के बाद जवान के द्वारा मारपीट करने गाली गलौज देने धमकी देने का आरोप लगाया है। पूरे मामले पर उचित कार्रवाई की मांग की है। आवेदक ने बताया है कि उसका घर चेटर पुलिस पिकेट के पीछे ही पड़ता है और पीकेट में ही खाना बनाने का काम पीड़ित व उसकी पत्नी के द्वारा किया जाता रहा है। इसी दौरान जवान कुलेश्वर तुरी और अमोद की पत्नी में प्रेम प्रसंग शुरू हो जाता है, इसको लेकर पूर्व में भी कई बार पिकेट में पंचायती भी हो चुकी है दोनों ने अपनी गलतियां भी स्वीकारी और भविष्य में इसकी पुनरावृति नहीं होने की कसमें भी खाई, लेकिन अवैध सम्बन्ध चलता रहा। इसी दौरान शुक्रवार की रात जवान कुलेश्वर तुरी को अपने ही घर में रंगे हाथ पकड़ा, युवती के पति का आरोप है कि जवान उसे धमकी देने लगा और मारपीट भी किया उसका हाथ फ्रैक्चर होने की बात भी कही है। उसने कहा है की घटना के बाद से मेरी पत्नी गायब है। उसने संदेह जताया है कि कुलेश्वर पुलिस का जवान है वह मेरे पत्नी के साथ मिलकर कभी भी मेरी हत्या भी कर सकता है। उसने कहा है कि इस परिस्थिति में पत्नी को अपने साथ रखना मेरे लिए खतरा हो सकता है। उसने थाना प्रभारी से उचित न्याय की मांग किया है। इधर मामले में आरोपित जवान कुलेश्वर तुरी द्वारा भी प्रति प्राथमिकी हेतु आवेदन दिए जाने की बात सामने आ रही है। मामले में पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार ने बताया कि मामला पुलिस के संज्ञान में है। मामले की जांच की जा रही है, जांचोपरांत अग्रतर कार्रवाई की जायेगी।

## लातेहार विधानसभा में सक्रिय सदस्यता सम्मेलन संपन्न

▶▶ कृष्णा पासवान के निधन पर भाजपा ने जताई शोक संवेदना





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** भाजपा जिला कार्यालय लातेहार में जिला अध्यक्ष पंकज सिंह की अध्यक्षता में सक्रिय सदस्यता सम्मेलन आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में सिमरिया के पूर्व विधायक एवं एससी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष किशुन दास उपस्थित रहे। अपने संबोधन में किशुन दास ने मोदी सरकार की 11 वर्षों की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने दुनिया में अपनी ताकत साबित की है, और हर वर्ग को विकास के नये अवसर मिले हैं। सम्मेलन में जिला उपाध्यक्ष संतोष यादव, लातेहार प्रवक्ता राजीव रंजन पाण्डेय और जिला कार्य समिति सदस्य राजकुमार पाठक ने भी सक्रिय सदस्यों को संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान लातेहार बाजार में सफाई अभियान चलाया गया और जनसंघी एवं मीसा के तहत जेल गए सभी व्यक्तियों का सम्मान किया गया। इसके अलावा, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष कृष्णा पासवान के आकस्मिक निधन पर उनके परिवार से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की गई। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री बंशी यादव ने किया, जबकि समाप्ति की घोषणा जिला मीडिया प्रभारी मुकेश पांडेय ने की। मंच पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजधानी प्रसाद यादव, जिला उपाध्यक्ष राकेश दुबे, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्षा सीतामणी तिर्की और अन्य प्रमुख नेता भी उपस्थित रहे।

# चंदवा के दीपक चिक्कू ने पेश किया ईमानदारी की मिसाल

➲ गुजरात के निर्भय कुमार की पर्स को कुरियर कर लौटाई

➲ पर्स मुंबई एयरपोर्ट में पाया था दीपक ने, पर्स में विदेशी करेंसी समेत कई अहम दस्तावेज


दीपक चिक्कू।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** आज के दौर में जहां कुछ रुपए के लिए भी लोगों का ईमान डगमगा जाता है वही चंदवा के थाना टोली के रहने वाले दीपक कुमार चीकू ने ईमानदारी की मिसाल पेश की है। घटना मुंबई एयरपोर्ट की है जहां दीपक को विदेशी करेंसी से भरा हुआ एक पर्स मिला, तत्काल पूछने पर किसी ने उसे अपना पर्स नहीं बताया। उसने तय किया कि यह पर्स जिसका है उस तक पहुंचना है। दीपक वापस चंदवा लौट के बाद पर्स खोलकर देखा तो उसमें विदेशी करेंसी के अलावा वोटर आईडी कार्ड, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस जैसे अन्य दस्तावेज भी है। दीपक ने उसी दस्तावेजों से देखकर उसके दिये गये पता पर सारा समान सहित पर्स कुरियर कर दिया। कुरियर गुजरात के सूरत जिला के चौरासी डुमास भीमपुर के रहने वाले निर्भय कुमार के पास किया। निर्भय कुमार ने जब कुरियर के माध्यम से अपना खोया हुआ पैसा और सामान पाया तो उसने दीपक के दिए गए नंबर पर कॉल और मैसेज कर उन्हें साधुवाद दिया। पैसे देने की पेशकश भी की जिसे दीपक ने ठुकरा दिया। दीपक वर्तमान समय में सरला बिरला से लॉ की पढ़ाई कर रहा है, इसके पिता सतीश प्रसाद भी समाजसेवी है। उन्होंने कहा कि सुखी जीवन के लिए ईमानदारी बेहद जरूरी है, बेटे पर गर्व है।

# ध्यानाकर्षण रैली सह ज्ञापन कार्यक्रम का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**


बीडीओ को ज्ञापन सौंपते शिक्षक।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय में झारखंड ऑफिसर्स टीचर्स एंड एंप्लॉई फेडरेशन (झारोटेफ) प्रखंड इकाई मनिका के द्वारा कर्मचारियों के 3 प्राथमिक एवं 8 विशिष्ट मांगो के लिए राज्य सरकार का ध्यान आकर्षित कराने हेतु संघ अपने दूसरे चरण के आंदोलन में दिन शनिवार को ध्यानाकर्षण रैली सह ज्ञापन कार्यक्रम का आयोजन किया। जहां कार्यक्रम के तहत अपने विभिन्न मांगों को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी मनिका संदीप कुमार को ज्ञापन सौंपा गया। वहीं प्रखंड अध्यक्ष निरज कुमार ने बताया कि अन्य राज्य कर्मियों की भांति शिक्षक संवर्ग को एम.ए.सी.पी.का लाभ देने, राज्यकर्मियों की सेवानिवृति की उम्र 62 वर्ष करने तथा केंद्रीय कर्मियों की भांति राज्य कर्मियों को शिशु शिक्षण भत्ता का लाभ प्रदान करने इत्यादि न्यायोचित मांगो के संबंध में यह आंदोलन पूरे राज्य भर में चलाया जा रहा है। इस आंदोलन में संघ के जिला इकाई से हीरा यादव, जिला मिडिया प्रभारी संदीप पासवान, कामेश्वर राम, मंगरु यादव, उदय महतो, अखिलेश पांडेय, सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता, नीलेश पांडेय, समेत मनिका प्रखंड के कई कर्मियों ने भाग लिया।

### कांग्रेस के महासचिव व प्रवक्ता पलामू जाने के क्रम में लातेहार में रुके कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**लातेहार।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के महासचिव आलोक दुबे, मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव और महासचिव डॉ. राजेश गुप्ता का पलामू जाते समय लातेहार परिसदन में रुके। जहां प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि पंकज तिवारी के नेतृत्व में स्वागत किया गया। आलोक दुबे ने कहा कि संगठन सृजन 2025 के कार्यक्रम में सभी कांग्रेस कार्यकर्ता बढ़-चढ़कर भाग लें। कांग्रेस को मजबूत करने के लिए हर स्तर पर काम करें। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के हाथों को मजबूत करें। उन्होंने बताया कि 14 अप्रैल को संविधान निमार्ता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती पर प्रदेश के सभी जिलों में मानव श्रृंखला बनाई जाएगी। इसके जरिए संविधान बचाने का संकल्प लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा गठबंधन सरकार लगातार संविधान पर हमला कर रही है, जिसे कांग्रेस बर्दाश्त नहीं करेगी।

## डेढ़ टंगवा घाटी में अनियंत्रित ऑटो पलटी, आधा दर्जन घायल, एक रिम्स रेफर

**खबर मन्त्र संवाददाता**


लोहरदगा से नगर मंदिर पूजा करने जा रहे सभी ऑटो सवार

**चंदवा।** चंदवा चांपी लोहरदगा पथ अंतर्गत दुर्घटना संभावित क्षेत्र डेढ़ टंगवा घाटी पर शनिवार की सुबह एक अनियंत्रित ऑटो दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दुर्घटना में ऑटो सवार आधा दर्जन यात्री घायल हो गए। घायलों में जानकी देवी, शिल्पा कुमारी, केश्वर सिंह, आदित्य कुमार, रानी देवी व दिनेश ठाकुर (सभी नवा टोली लोहरदगा) शामिल है, जिन्हें घटना के बाद स्थानीय लोगों एवं राहगीरों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां मेडिकल टीम द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद दिनेश ठाकुर की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार ऑटो सवार सभी लोग लोहरदगा के नवा टोली से चंदवा के नगर स्थित मां उग्रतारा मंदिर पूजा पाठ करने आ रहे थे, इसी क्रम में डेढ़ टंगवा घाटी पर अचानक ऑटो का संतुलन बिगड़ गया व ऑटो पलट गई।

## बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जयंती 14 को, सभी तैयारियां चरम पर

**बारियातू।** बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 134वां जयंती 14 अप्रैल को मुख्यालय स्थित कड़रका नदी के समीप जतराटांड में धूमधाम से मनाई जायेगी। इस अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। आयोजन समिति ने सभी तैयारियों को अंतिम रूप देने मे लगे है। इस संबंध में जानकारी देते हुए कार्यक्रम समिति के अध्यक्ष कैलाश राम ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हम अम्बेडकर जयंती को समाजिक एकता, समरसता और सांस्कृतिक गौरव के प्रतीक के रूप में मना रहे हैं। कार्यक्रम स्थल को सजाया जा रहा है, और सुरक्षा सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। ग्रामीणों और स्थानीय युवाओं में कार्यक्रम को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन समिति ने आम जनों से भारी संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। आगे कहा कि 14 अप्रैल को 11 बजे +2 उच्च विद्यालय के समिप से शोभायात्रा निकाली जाएगा जो मुख्य सड़क एन एच 99 होते ग्रामीण बैंक, बाजार टांड, बस स्टैंड, फुलसु मोड़ होते हुए कार्यक्रम स्थल तक जायेगी। और सभा तब्दील हो जाएगा। इस मौके पर अम्बेडकर के विचारों और उनके संघर्षों को याद करते हुए वक्ताओं द्वारा संबोधन भी किया जायेगा। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता, पंचायत प्रतिनिधि, शिक्षकगण एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भागीदारी भी सुनिश्चित की गई है।


# उजाले की आस में अंधेरे से लड़ रहा है मिठहा टोला

## 80 घरों पर 25 केवीए का लोड बना मुसीबत, 100 केवीए ट्रांसफार्मर ही आखिरी सहारा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के उकामाड़ पंचायत अंतर्गत मिठहा टोला के ग्रामीणों ने शनिवार को विद्युत विभाग के एसडीओ के नाम मांगपत्र सौंपा। ग्रामीणों ने क्षेत्र में वर्षों से लगे 25 केवीए के जर्जर और क्षमता से कम ट्रांसफार्मर को हटाकर 100 केवीए ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि 25 केवीए का ट्रांसफार्मर लगभग 80 घरों का भार नहीं संभाल पा रहा है। इससे आए दिन ट्रांसफार्मर खराब हो जाता है और पूरे टोले को अंधेरे में रहना पड़ता है। बीते दो दिनों से ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण ग्रामीण परेशान हैं। इसको लेकर ग्रामीणों ने विद्युत कार्यालय पहुंचकर एसडीओ के नाम मांगपत्र सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि ट्रांसफार्मर की क्षमता कम होने के कारण बार-बार खराबी हो रही है। उन्होंने अविलंब 100 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाने की गुहार अधिकारियों से लगाई है। इस संबंध में बिजली विभाग के सहायक अभियंता ने दूरभाष पर ग्रामीणों को आश्वस्त किया है कि विभाग द्वारा जल्द ही सभी प्रक्रिया पूर्ण कर 100 केवीए का नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराते हुए समस्या का समाधान किया जायेगा।

### एसडीओ ने दूरभाष पर दिया आश्वासन, जल्द बदलेगा ट्रांसफार्मर


आवेदन पढ़ते विद्युत कर्मी।


### ग्रामीणों ने जताई नाराजगी

इधर ग्रामीणों ने खबर मंत्र को बताया कि बिजली व्यवस्था की खराब हालत के चलते बच्चों की पढ़ाई, मोबाइल चार्जिंग, पानी की सप्लाई और रात में सुरक्षा जैसी समस्याएं उत्पन्न हो गई हैं। इस मौके पर दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

### हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर विभिन्न मंदिरों में विशेष पूजन व महाप्रसाद का हुआ वितरण


चंदवा। चंदवा में सनातन धर्मावलंबियों के द्वारा शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाई गई। इस मौके पर अलौदिया ग्राम स्थित महावीर मंदिर व सरोज नगर स्थित श्री राम दरबार मंदिर में प्रातः बेला में विशेष पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया वहीं संध्या बेला में अलौदिया में भंडारा कार्यक्रम आयोजित कर भक्तों के बीच महाभोग का प्रसाद वितरण किया गया। इसके अलावे बाबा विश्वनाथ सह शनि हनुमान मंदिर, महावीर मंदिर शुक्र बाजार, राजा मैदान कामता, कंचन नगरी, पंचमुखी हनुमान मंदिर, देवी मंडप चंदवा, महावीर मंदिर कुजरी समेत शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों के मंदिरों में विशेष आरती, हनुमान चालीसा पाठ भी आयोजित किया गया।

### लातेहार जिला लीग- कम-नॉकआउट वॉलीबॉल प्रतियोगिता तीसरा दिन संपन्न



**लातेहार।** जिला वालीबाल संघ के तत्वावधान में आयोजित लातेहार जिला लीग- कम-नॉकआउट वॉलीबॉल प्रतियोगिता कैश मनी अवार्ड प्रतियोगिता में शनिवार को खेल गए मैच में पिंडारकोम बालूमाथ ने गर्मकुंड पोचरा को 25-09, 25-17 से पराजित किया। दूसरे मैच में डे बोर्डिंग बालक वॉलीबॉल प्रशिक्षण केंद्र लातेहार ने पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय लातेहार को 25-13 से पराजित किया। इससे पूर्व गत रात्रि खेले गए मैच में धर्मपुर पैंथर ने सिंह क्लब छिपादोहर को 25-10, 25-13 से पराजित किया। मनिका राउडी ने न्यू स्टार क्लब नवागढ़ को 25-14, 23-25, 25-17 से पराजित किया। प्रतियोगिता आयोजन स्थल पर एनआईएस एथलीटक कोच आलोक कुमार सिंह, व्यवसाई अमित कुमार, पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय के खेल शिक्षक करण कुमार, लातेहार जिला वालीबाल संघ के सचिव प्रवीण मिश्रा, कोषाध्यक्ष नीरज कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया और जीत की बधाई दी। प्रतियोगिता में रेफरी की भूमिका में शुभम कुमार साव, मनीष उरांव, आनंद उरांव, रविंद्र उरांव, अंकित कुमार गुप्ता, कमलेश उरांव ने अपनी अहम भूमिका निभाई। डे बोर्डिंग बालक प्रशिक्षण केंद्र लातेहार ने पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय लातेहार को 25-13 और 25-15 से पराजित किया।

### आजसू पार्टी ने नगर पंचायत भवन के पास दिया एक दिवसीय धरना



**लातेहार।** जिले में व्याप्त भ्रष्टाचार और जनहित मुद्दों के खिलाफ शनिवार को आजसू पार्टी ने नगर पंचायत भवन के पास एक दिवसीय धरना दिया। धरना की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अमित पांडेय ने की। उन्होंने कहा कि लातेहार प्रखंड में पहले हर सप्ताह 7 से 8 हजार मजदूरों का डिमांड लगता था। अब स्थिति यह है कि 2 हजार मजदूरों का भी डिमांड नहीं लग रहा है। मजदूरों को काम नहीं मिल रहा, जिससे वे पलायन को मजबूर हो गए हैं। उन्होंने आगे कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र में सिर्फ सरकारी आवास के आसपास सफाई होती है। बाकी जगहों की हालत खराब है। जब तक पूरे शहर में सुविधाएं नहीं दी जाएंगी, तब तक होल्डिंग टैक्स बंद किया जाए। उन्होंने कहा कि लातेहार उत्पाद विभाग के संरक्षण में शराब माफिया सक्रिय हैं। शराब दुकानों में प्रिंट रेट से ज्यादा वसूली हो रही है। उत्पाद विभाग के दरोगा सोनू कुमार की मनमानी हावी है। जब मैनपॉवर एजेंसी की कोऑर्डिनेटर ने जांच की, तो उसके साथ मारपीट की गई। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राकेश सिंह ने कहा कि लातेहार के कई इलाकों में कोयल खनन होना है। भूमि अधिग्रहण का काम चल रहा है। उस भूमि पर आईटीडीए विभाग द्वारा सरना और मसना का कार्य कराया जा रहा है। ऐसे में सरकारी पैसे का दुरुपयोग क्यों किया जा रहा है। धरना के बाद मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त को चार सूत्री मांग पत्र सौंपा गया है। मौके पर वीरेंद्र ठाकुर, सरोज लोहरा, कमलदेव उरांव, नीरज कुमार, संदीप कुमार, सागर कुमार, विक्रम कुमार, धर्मेंद्र प्रसाद, विकास साहू समेत अन्य मौजूद थे।

# टीजीटी व पीजीटी शिक्षकों के पद को सरेंडर व वेतनमान कटौती के विरोध में किया प्रदर्शन

- विरोध में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन का पुतला फूंका

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** टीजीटी व पीजीटी शिक्षकों के पद को सरेंडर करना और वेतनमान में कटौती के विरोध में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन का पुतला दहन शनिवार को एसपी कॉलेज चौक के समीप किया गया। पुतला दहन संथाल परगना छात्र समन्वय समिति ने किया। जिसका नेतृत्व छात्र नेता डॉ श्यामदेव हेम्ब्रम ने किया। इस अवसर पर छात्र नेता श्यामदेव हेम्ब्रम ने कहा कि शिक्षक केवल एक पेशा नहीं बल्कि चरित्र निर्माणकर्ता और कर्तव्यपूर्ण जिम्मेदारी है। शिक्षक आने वाले छात्रों, युवाओं को बनाता है। ऐसे में सभी की नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि राज्य की शिक्षा व्यवस्था दुरुस्त रहे। इस निर्णय से सरकारी शिक्षा व्यवस्था और निजी शिक्षा व्यवस्था को ही एक तरफ से मजबूती मिलेगी। नई शिक्षा नीति के नाम पर शिक्षकों के पदों का सरेंडर करना और उनके वेतनमान में कटौती करना एक पहलू है। जहां सांसद विधायक अपने वेतन में बढ़ोतरी कर रहे हैं। वहीं शिक्षकों की वेतन में कटौती दुर्भाग्यपूर्ण है। प्राथमिक विद्यालय से लेकर उच्चतर स्तर पर शिक्षकों की भारी कमी है। एक ओर जहां शिक्षा व्यवस्था के मामले में झारखंड पूरे देश स्तर पर नीचे से तीसरे या चौथे स्थान पर है। ऐसे अनेकों विद्यालय हैं, जहां एक या दो शिक्षकों के भरोसे छात्र हैं। विद्यालय को अपग्रेड किया गया। लेकिन उनमें शिक्षकों की नियुक्ति की कोई पहल नहीं की गयी है। बिना शिक्षा के समृद्ध और विकसित झारखंड का सपना दिखाने का काम जो सरकार कर रही है, वह बिल्कुल ही विपरीत है। राज्य सरकार ने न केवल पदों को सरेंडर किया बल्कि इन पदों को माध्यमिक सहायक का नाम देकर उनके वेतनमान में भारी कटौती कर दी गई। यह कहीं न कहीं शिक्षा व्यवस्था में कटौती है। राज्य सरकार के इस निर्णय से लाखों छात्रों में आक्रोश है। जहां एक ओर झारखंड में किसी भी प्रकार की नयी बहाली नियुक्ति प्रक्रिया नहीं हो रही है। इसके विपरीत पदों को खत्म करवाया जा रहा है। सरकार की यह नीति छात्रों के भविष्य को अंधकार बना रही है। सरकार की यह नीति झारखंड राज्य में शिक्षक बनने की तैयारी कर रहे सभी छात्रों के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। यदि सरकार इस विषय का जल्द समाधान नहीं करती है तो पूरे झारखंड भर में छात्र उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। जिसकी जिम्मेवारी मुख्यमंत्री की होगी। यहां बता दें कि विगत 8 अप्रैल 2025 को राज्य सरकार ने कैबिनेट की बैठक में निर्णय लिया कि राज्य के टीजीटी और पीजीटी शिक्षक के तकरीबन 9000 पदों को सरेंडर कर दिया गया है। इस निर्णय से शिक्षक नियुक्ति की तैयारी कर रहे लाखों छात्रों पर प्रभाव पड़ेगा।

पुतला दहन कार्यक्रम में रितेश मुर्मू, विष्णु मुर्मू, महादेव हेम्ब्रम, दानियाल मुर्मू, बब्लू टुडू, रफाएल हेम्ब्रम, मुकेश मुर्मू, बाबुधन टुडू, राजीव हांसदा, आमोद बास्की, इलियास मुर्मू, बाबुधन हांसदा, स्टीफन टुडू, कालेन्द्र टुडू, हरेंद्र हेम्ब्रम आदि उपस्थित रहे।

# पूर्व सांसद प्रो. यदुनाथ पांडेय ने गरगा में व्याप्त प्रदूषण का किया निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान के संरक्षक पूर्व सांसद प्रो. यदुनाथ पांडेय द्वारा बोकारो की गंगा मानी जाने वाली पवित्र गरगा नदी में व्याप्त प्रदूषण के निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि इस नदी में चास नगर निगम और बोकारो इस्पात नगर के आवासीय कॉलोनियों के गंदे नालों का प्रदूषित पानी लगातार प्रवाहित होकर इसकी जलधारा को भयंकर रूप से प्रदूषित कर रहा है और यह पौराणिक नदी जिसका संबंध भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के लिए आयोजित यज्ञ से है एवं यह ऋषि श्रेष्ठ गर्ग द्वारा तपोबल से भूगर्भ से उत्पन्न की गई है- वह एक गंदे नाले के रूप में तब्दील हो गई है। साथ ही इसके किनारों को अतिक्रमित भी कर लिया गया है। प्रो. पांडेय ने इस नदी की दुर्दशा देखकर अत्यंत दुखी हो कहा कि वे जल्द ही दिल्ली जाकर भारत सरकार के केंद्रीय इस्पात मंत्री केंद्रीय पर्यावरण मंत्री प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और राज्य के मुख्यमंत्री से इस नदी को प्रदूषण और अतिक्रमण मुक्त करने हेतु बात करेंगे।

मौके पर संस्थान के महासचिव शशि भूषण ओझा मुकुल ने कहा कि विगत कई वर्षों से इस गरगा नदी को प्रदूषण और अतिक्रमण मुक्त करने हेतु संस्थान द्वारा लगातार आंदोलन चलाया जा रहा है फिर भी सरकार, जिला प्रशासन, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पर्यावरण विभाग, चास नगर निगम, बोकारो इस्पात संयंत्र द्वारा इसकी अनदेखी करते हुए प्रदूषण पर रोक नहीं लगाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है। बोकारो डीसी ऑफिस से मात्र सौ मीटर की दूरी पर स्थित इस नदी के किनारों पर लोगों द्वारा खुलेआम हर रोज मल मूत्र त्याग करना जिला प्रशासन के मुंह पर तमाचे की तरह है जबकि यह पूरा क्षेत्र ओडीएफ घोषित है। निरीक्षण कार्यक्रम में शशि भूषण ओझा मुकुल, रघुवर प्रसाद, मृणाल कांत चौबे, लक्ष्मण शर्मा, वीरेंद्र चौबे, स्वामी सत्य कृष्ण महाराज, गौरी शंकर सिंह, डीके त्रिवेदी, गौरी शंकर झा, मिथिलेश शर्मा, मदन मोहन तिवारी, अभय कुमार गोलू, मनीष झा, नागमणि सिंह सहित कई पर्यावरण संरक्षक मौजूद रहे।

## चलती बाईक पर पेड़ की डाली गिरने से एक की मौत, दो घायल

**शिकारीपाड़ा।** दुमका जिले के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के रामपुरहाट मुख्य मार्ग एनएच 114 ए पर चलती बाइक में आम के पेड़ की डाली गिर जाने से एक ,22 वर्षीय युवक की मौत हो गई। जबकि दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गये। दरअसल मोहलपहाड़ी पोखरिया के रहने वाले कमलेश यादव अपने चाचा गंगाधर यादव और दोस्त समीर गौराई के साथ शिकारीपाड़ा में अपनी चाय का दुकान खोलने जा रहे थे। जैसे ही वे दोनों केसरगढ़ गांव के समीप पहुंचे एक आम के पेड़ की बड़ी डाली उन पर गिर गई। हादसे में तीनो गंभीर रूप से घायल हो गए। कमलेश यादव को आनन-फानन में फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल, दुमका में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर कमलेश के चाचा और दोस्त को बेहतर इलाज के लिए पश्चिम बंगाल रेफर कर दिया गया है। दोस्त समीर गौराई रानेश्वर थाना क्षेत्र के कदमा गांव के रहनेवाला है। यहां बता दे की दुमका शिकारीपाड़ा के बीच सड़क किनारे दर्जनों ऐसे पेड़ है। जो पुराने होकर सूख चुके हैं। जिससे हमेशा खतरा बना रहता है।

## वक्फ संशोधन के विरोध में मुस्लिम समुदाय की बैठक



शिकारीपाड़ा। दुमका जिले के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के ढाका गांव में शनिवार को वक्फ संशोधन अधिनियम के विरोध में एक बैठक आयोजित हुई। इसमें काफी संख्या में मुस्लिम समुदाय से जुड़े लोगों ने भाग लिया। बैठक में इस बात पर विशेष चर्चा हुई कि यह संशोधित कानून हमारे लिए काफी नुकसानदायक है ।यह हमें हमारे संपत्ति से बेदखल करने की केंद्र सरकार की साजिश है ।बैठक के बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रवक्ता अब्दुल सलाम अंसारी ने कहा कि केंद्र में भाजपा की जो सरकार है। उनसे हमारी मांग है कि यह अधिनियम वापस ले। यह हमें कमजोर करने की साजिश है ।जिसे मुसलमान कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने बताया कि आगामी 23 अप्रैल को दुमका का आउटडोर स्टेडियम में काफी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग एकजुट होंगे और इस वक्फ संशोधन अधिनियम के विरुद्ध एक रैली निकाली जाएगी। उन्होंने कहा कि हमारे खिलाफ लगातार कानून बन रहे हैं। चाहे वह धारा 370 हटाने का मामला हो, तीन तलाक कानून या ऐसे कई ऐसे कानून केन्द्र लगातार साजिश कर हमें नुकसान पहुंचा रहा है। जिससे हम मुस्लिम समाज काफी आहत हैं। इसे जल्द से जल्द वापस लेने की आवश्यकता है। बैठक में सेराज अंसारी, मुफ्ती मोहम्मद इल्यास, कलीमुद्दीन अंसारी, मुस्तफा मियां, मौलाना सलामत, मौलाना जसरुदीन, लाल मोहम्मद, मंसूर अंसारी, बदु अंसारी, असलम अंसारी, सहित काफी संख्या मुस्लिम समुदाय के लोग मौजूद थे।

## मंत्री ने विद्युत शक्ति उपकेंद्र साड़म में किया 10 एमवीए के नया ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन



**बेरमो/ललपनिया।** पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने गोमिया प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत विधुत शक्ति उपकेंद्र साड़म में 10 एमभीए के नया ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन शनिवार को किया। मौके पर मंत्री ने कहा कि क्षेत्र की जनता को निर्बाध बिजली उपलब्ध कराने के हमारे संकल्प को पूरा करने की दिशा में यह कदम एक मजबूत पहल है। इस नया ट्रांसफॉर्मर के चालू हो जाने से क्षेत्र की बिजली आपूर्ति में भारी सुधार आएगा। कम वोल्टेज की समस्या दूर होगी, किसानों को पर्याप्त बिजली मिलेगी, छोटे उद्योगों को गति मिलेगी और आम जनता को निरंतर बिजली सेवा का लाभ मिलेगा। आने वाले दिनों हमारा क्षेत्र विकास के नए आयाम स्थापित करेगा। उन्होंने प्रखंड क्षेत्र के बड़की चिदरी के ग्राम छोटकी चिदरी में आयोजित श्री हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने पूजा अर्चना कर पवन सुत हनुमान जी से समस्त क्षेत्रवासियों की सुख, शांति व समृद्धि की कामना की और सभी लोगों को श्री हनुमान जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं दी। वहीं मंत्री जी ने ग्राम चतरोचट्टी में 'भारत रत्न' बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की स्थपित प्रतिमा स्थल के सौंदर्यीकरण कार्य का विधिवत उदघाटन फीता काटकर किया। मौके पर उन्होंने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। यहां लोगों को संबोधित करते हुए माननीय मंत्री जी ने कहा कि बाबासाहेब भारत के संविधान निर्माता होने साथ वे सामाजिक न्याय, समानता और मानवाधिकारों के प्रबल पक्षधर भी थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन देश के वंचित, शोषित और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित किया था। उनकी सोच आधुनिक भारत की आत्मा है। उन्होंने जो समाज का सपना देखा था वह था एक ऐसा भारत, जहां जाति, धर्म, लिंग, भाषा या वर्ग के आधार पर कोई भेदभाव न हो। हम सभी को अपने जीवन में उनके विचारों को आत्मसात करने की आवश्यकता है। मौके पर भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## 'युक्ता' ब्रांड के साथ महिलाओं को बना रहा आत्मनिर्भर- बोकारो हैंडीक्राफ्ट सेंटर

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर-2 में स्थित बोकारो हस्तशिल्प केंद्र आज ग्रामीण महिलाओं की आत्मनिर्भरता और स्थानीय हस्तकला के संवर्धन का सशक्त उदाहरण बन चुका है। बोकारो स्टील प्लांट की कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी के तहत संचालित ब्रांड युक्ता का एक रिटेल आउटलेट भी हस्तशिल्प केंद्र परिसर में खोला गया है ताकि इन हेंडीक्राफ्ट उत्पादों को आमजनों तक पहुंचाया जा सके। इस आउटलेट में प्रदर्शित उत्पादों की रेंज न सिर्फ आकर्षक है बल्कि पर्यावरण-अनुकूल भी है। यहां के उत्पाद बांस जूट जलकुंभी जैसी प्राकृतिक और इको-फ्रेंडली सामग्रियों के उपयोग से बनाए जाते हैं जिससे न केवल पर्यावरण का संरक्षण होता है बल्कि महिलाओं को पारंपरिक कला के माध्यम से सशक्त भी बनाया जा रहा है। हस्तनिर्मित उत्पादों की विविधता के साथ इसमें शामिल हैं- गोल व चौकोर ट्रे सजावटी फूल हस्तनिर्मित जलकुंभी की चप्पलें लैंप शेड्स डेकोरेटिव आइटम्स फर्नीचर आदि। ये सभी उत्पाद बोकारो के ग्रामीण क्षेत्रों की स्थानीय महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा हस्तनिर्मित हैं जिन्हें सीमित संसाधनों के बीच अपने हुनर को निखारने का अवसर मिला है। बोकारो की ग्रामीण महिलाओं द्वारा हस्तनिर्मित इन उत्पादों को बाजार में विशिष्ट पहचान देने के लिए युक्ता नामक ब्रांड की शुरूआत की गई है। इसका उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं के उत्पादों को एक संगठित ब्रांडिंग मंच प्रदान करना है जिससे उन्हें बेहतर बाजार और आय का अवसर मिल सके। उल्लेखनीय है कि इस कला में अब तक 600 से अधिक स्थानीय ग्रामीण महिलाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है। इनमें से अधिकतर महिलाएं अपने गांवों से ही निर्माण कार्य में सक्रिय हैं जबकि कुछ महिलाएं हस्तशिल्प केंद्र में फिनिशिंग कार्य में योगदान कर रहीं हैं। आने वाले समय में उत्पादों की डिजाइन रेंज को विस्तृत करने, फेस्टिव कलेक्शन लाने तथा स्कूल/कॉलेज छात्रों के लिए क्राफ्ट वर्कशॉप आयोजन की योजना बनाई जा रही है। बोकारो हैंडीक्राफ्ट सेंटर ग्रामीण प्रतिभा को मंच देने और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में समर्पित है। बोकारो इस्पात प्रबंधन ने सभी से इस प्रयास का हिस्सा बनने तथा युक्ता ब्रांड को अपनाकर स्थानीय हस्तशिल्प को समर्थन एवं महिला सशक्तिकरण के इस आंदोलन को आगे बढ़ाने का आह्वान किया है।

# सरकारी जमीन का अतिक्रमण करने वालों को नगर परिषद ने दी चेतावनी

- नापी कराने के बाद फिर से दिया जाएगा दुकान के बाहर दाग

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** नगर परिषद क्षेत्र के नीचे बाजार में दुकानदारों की वजह से रोज हो रहे जाम से निजात दिलाने के लिए शनिवार को नगर परिषद ने अतिक्रम मुक्त अभियान चला दुकानदारों को पहले से दिए दाग के अंदर रहने की चेतावनी दी। आदेश का पालन नहीं करने पर अब सरकारी जमीन पर दुकान लगाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। डीडीसी के आदेश पर दोपहर को सीओ अमर कुमार, एसडीपीओ विजय महतो व नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी शीतांशु खाल्को पूरी टीम के साथ सीधे टीन बाजार चौक पहुंचे। दुकानदारों की चेतावनी दिया। जिन लोगों ने सरकारी जमीन पर कब्जा कर अपनी दुकानों को काफी आगे तक बढ़ा लिया था। इसके बाद अधिकारियों का काफिला वीर कुंवर सिंह चौक तक गया। जिस रास्ते से टीम गुजरी, वहां के दुकानदार अपना सामान बटोरते रहे। सभी दुकानदारों को दायरे में रहकर काम करने की कड़ी चेतावनी दी गई। सीओ ने बताया कि कई बार दुकानदारों को अपनी सीमा में रहने को कहा गया। लेकिन इन लोगों पर किसी की बात का कोई असर नहीं पड़ता है। हर किसी ने इतनी दुकान आगे बढ़ा ली है कि रास्ता जाम हो जाता है। उन्होंने दुकानदारों से कहा कि सड़क पर पहले से जो सफेद लाइन खिंची हुई है, उसे किसी भी हाल में पार नहीं करना है। अब यह अभियान थमने वाला नहीं है। सोमवार को सभी दुकानों की जांच कर सरकारी जमीन का दायरा तय कर सफेद दाग दिया जाएगा। अगर इस दाग के बाहर एक भी दुकान दिखी तो सीधे कार्रवाई की जाएगी। फिर किसी को कुछ कहने का मौका नहीं मिलेगा। फिर मत कहना है कि पहले से नहीं बताया था, अगर बता दिया होता तो दुकान समेट लेते। एसडीपीओ ने कहा कि किसी भी हाल में बाजार को अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा। कभी भी अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी।

## फुसरो में मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव

**बेरमो।** फुसरो-फुसरो क्षेत्र में शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. फुसरो के रेलवे गेट स्थित हनुमान मंदिर में पुजारी अविनाश पांडेय के द्वारा हनुमान जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन कर और माल्यार्पण कर हनुमान जयंती मनाई गयी. इस अवसर पर मंदिर के अध्यक्ष संतोष साव ने हनुमान जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हनुमान जी की जयंती साल में दो बार मनाई जाती है. इनका जन्म दो बार हुआ है. पहली बार कार्तिक शुक्ल पक्ष चतुर्दशी तिथि को और दूसरी बार चैत्र शुक्ल पक्ष पूर्णिमा तिथि को. इस दिन हनुमान जी ने सूर्य देवता को मधुर फल समझ कर खा लिए थे, जिससे पूरा संसार अंधकारमय में हो गया था, इंद्र देवता ने हनुमान जी पर ब्रज प्रहार किया जिससे हनुमान जी मूर्छित हो गए थे. इससे पवन देवता क्रोधित होकर वायु को रोक दिए थे, फिर ब्रह्मदेव ने पवन देव को मना कर हनुमान जी को अमर रहने का वरदान दिए. इस कारण आज का दिन इनका पुनर्जन्म के रूप में मनाया जाता है. इस दौरान मंदिर परिसर में हनुमान चालीसा, भजन और सुंदरकांड का पाठ प्रस्तुत किया. मौके पर हीरालाल दे, श्रीनिवास राम, भानुप्रताप, विश्वनाथ, राजेश, सोनू, लखन, प्रमोद, शुभम, मिट्ठू, विशाल, लालसा देवी आदि लोग मौजूद थे।

## खबर एक नजर में

### लोटन सेवा के साथ प्राचीन शिवालय मंदिर सिंहपुर में तीन दिवसीय भोक्ता पर्व शुरू



**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के सिंहपुर शिवालय में शनिवार को लोटन सेवा और संजोत मनाने के साथ तीन दिवसीय भोक्ता पर्व प्रारंभ हो गया। इस अवसर पर दिन में पाट की प्रतिमा का भ्रमण भी सिंहपुर छतरवर हरनाद गोरियाकुदर खैराचातर करमा उदयमारा बसरिया समेत आसपास के गांवों में किया गया। इसे पाट भ्रमण के नाम से जाना जाता है। भ्रमण के दौरान घर-घर में पाट की पूजा की गई। भ्रमण के उपरांत पाट को स्थानीय सायर बांध के तट पर ले जाया गया जहां पाट पूजा के बाद सभी भक्तों को जनेऊ धारण कराई गया। बुधवार शाम को सभी भक्तिया लोटन सेवा में शामिल हुए। इस बार लगभग दो हजार से ज्यादा भक्तिया के शामिल होने का अनुमान है। लोटन सेवा के तहत सायर बांध में सैकड़ों भक्तिया एक साथ स्नान करने के बाद जमीन पर लोटन करते हुए तालाब से बुढ़ा बाबा मड़प थान तक गए। शाम को सांडदगाई की रश्म पूरी हुई। लोटन सेवा एवं भक्तिया के बीच प्रसाद वितरण के बाद सांडदगाई की परंपरा निभाई गई। इसमें भोक्ता झूलने वाले भक्तियाओं को घी के दीया में बांस के बेंत को गर्म कर पुजारी के द्वारा दागा जाता है। इस रस्म के बाद ही नए भक्तिया भोक्ता झूलने के योग्य बन पाते हैं। शाम को मंत्री पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मध निषेध योगेंद्र प्रसाद महतो सिंहपुर बुढ़ाबाबा मड़प थान पहुंच कर मड़प थान में मत्था टेककर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की।

### पत्रकार ने मासूम की जीवन रक्षा हेतु किया रक्तदान



**बोकारो।** थैलेसीमिया से पीड़ित एवं कॉपरेटिव कॉलोनी स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती एक 5 साल के मासूम बच्चे को एक यूनिट ब्लड की आवश्यकता थी। एक पत्रकार डॉ राजकुमार ने सोशल मीडिया पर सन्देश पढ़कर संवेदनशीलता व सही सामाजिकता का प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत करते हुए उस बच्चे के लिए रेड क्रॉस स्थित ब्लड बैंक में रक्त दान करके यह साबित किया है कि मीडियाकर्मी, मात्र खबरों को ही नहीं समेटते बल्कि निःस्वार्थ संवेदनाओं की तरंगे भी उनके अंतस्थल में हिलोरें लेती हैं जो यदा कदा परिलक्षित हो जाती हैं। डॉ राजकुमार जी ने सही समय पर रक्तदान करके न केवल एक 5 वर्ष के मासूम बच्चे की जान बचाई है बल्कि समाज को एक संदेश भी दिया है। उन्होंने आम लोगों से भी अपील की है कि अपना रक्त जरूरतमंद लोगों को अवश्य दें। इससे किसी की जीवन रक्षा के साथ ही आपको परमात्मा का आशीष भी मिलता है। हालांकि समाचार लिखे जाने तक कुछ तकनीकी कारणों से उस मासूम तक रक्त पहुंच नहीं पाया है। टेस्ट रिपोर्ट के कागजात की जांच चल रही थी।

### सरस्वती विद्या मंदिर में मातृ सम्मेलन संपन्न



**बोकारो।** सरस्वती विद्या मंदिर सेक्टर 3सी बोकारो में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की जयंती पर आयोजित मातृ सम्मेलन का उद्घाटन मुख्य अतिथि बालिका शिक्षण प्रमुख, विद्या भारती-झारखंड व सह प्रभारी प्रधानाचार्या, भूलीनगर, धनबाद, रंजना कुमारी विद्यालय सचिव राजकुमार सिंह कोषाध्यक्ष स्वाती श्री तथा समिति सदस्या रजनी पारिया व प्राचार्य संजीव कुमार ने संयुक्त रूप से किया। मुख्य अतिथि श्रीमती रंजना ने कहा कि हर वर्ष विद्यालय प्रबंधन की ओर से मातृ सम्मेलन कर बच्चों में नैतिकता और संस्कार देने के लिए मातृशक्ति को प्रेरित किया जाता है। उन्होंने अहिल्याबाई की जीवनी पर विस्तृत प्रकाश डाला। जयंती के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए प्राचार्य संजीव कुमार ने कहा कि विद्या भारती का प्रयास छात्रों के माध्यम से एक संस्कारवान समाज देश को देना है। इस अवसर पर बहनों ने मां मेरी मां, ओ मेरी मां, लुका छुप्पी, ऐसा क्या है मां पर भाव नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित मातृ-शक्ति को भाव विभोर कर दिया। प्रोजेक्टर के माध्यम से उपस्थित मातृ-शक्ति को मोटिवेशनल वीडियो और विद्यालय की उपलब्धि से अवगत कराया गया। मौके पर श्रीमती स्वाती श्री ने कहा कि माताओं को प्रारंभ काल से ही अपने बच्चों की देखभाल के साथ-साथ संस्कारयुक्त वातावरण देना चाहिए। नारी में मातृत्व का भाव होना चाहिए। अच्छे संस्कार ही बच्चों की दिशा तय करते हैं। आवश्यकता है उसे और प्रेरित करने की। राजकुमार जी ने भी भैया बहनों के सर्वांगीण विकास के लिए माता की भूमिका अहम बताई।

# वेदांता ईएसएल तीरंदाजी अकादमी के तीरंदाजों का राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन

- इस चैंपियनशिप में प्रत्येक श्रेणी में विभिन्न राज्यों के 60 से अधिक प्रतिभागियों के साथ कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** वेदांता ईएसएल तीरंदाजी अकादमी के युवा तीरंदाजों ने 20 से 30 मार्च 2025 तक गुंटूर आंध्र प्रदेश में आयोजित प्रतिष्ठित एनटीपीसी चेरुकुरी लेनिन वोल्गा मेमोरियल राष्ट्रीय तीरंदाजी चैंपियनशिप में बड़ी सफलता पाई है। भारत के तीरंदाजी कैलेंडर में सबसे प्रतिष्ठित इस चैंपियनशिप में प्रत्येक श्रेणी में विभिन्न राज्यों के 60 से अधिक प्रतिभागियों के साथ कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। कृतिका और यवना ने अकादमी और झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करते शानदार प्रदर्शन किया। सियालजोरी की 14 वर्षीय कृतिका कुमारी ने अंडर-14, 30 मीटर गर्ल्स टीम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। उनके साथ मूनीडीह की 10 वर्षीय यवना यादव भी हैं जिन्होंने अंडर-10, 15 मीटर ओलंपिक राउंड व्यक्तिगत श्रेणी में रजत पदक जीता है।

डीएवी सीबीएसई में कक्षा 4 की छात्रा यवना ने पहले ही राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रभावशाली पदक हासिल कर लिए हैं जिससे वह तीरंदाजी की दुनिया में एक उभरता सितारा बन गई हैं। उनकी उपलब्धियां अकादमी की जमीनी स्तर पर प्रतिभाओं की पहचान करने और उन्हें आगे बढ़ाने की निरंतर प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं। वेदांता ईएसएल तीरंदाजी अकादमी के तीरंदाजों की इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए वेदांता ईएसएल के सीएसआर प्रमुख कुणाल दरिपा ने कहा कि हमें राष्ट्रीय तीरंदाजी चैंपियनशिप में कृतिका और यवना के शानदार प्रदर्शन पर गर्व है। उनकी जीत न केवल उनकी प्रतिभा और समर्पण को दर्शाती है, बल्कि हमारे जमीनी स्तर के खेल विकास कार्यक्रम की ताकत को भी दर्शाती है। वेदांता ईएसएल हमेशा खेल के माध्यम से युवाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और हमें विश्वास है कि कृतिका और यवना दोनों झारखंड को गौरवान्वित करेंगी और अनगिनत युवा खेल प्रेमियों को अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित करती रहेंगी।

उल्लेखनीय है कि सियालजोरी ईएसएल स्टील लिमिटेड प्लांट परिसर के अंदर स्थित अकादमी को झारखंड में तीरंदाजी की अंतर्निहित समृद्ध विरासत को बढ़ावा देने के लिए ईएसएल स्टील लिमिटेड की सीएसआर पहल के माध्यम से 2020 में लॉन्च किया गया था। यह परियोजना अब एक प्रमुख संस्थान मानी जाती है और ग्रामीण क्षेत्रों से 21 वर्ष की आयु तक के सभी आयु समूहों के 50 तीरंदाजों को मार्गदर्शन प्रशिक्षण पोषण संसाधन और प्रेरणा प्रदान करती है।

# कोडरमा जिला की गर्भवती महिलाओं की रजौली में होती थी भ्रूण जांच, एक गिरफ्तार





खबर मन्त्र संवाददाता

- लिंग जांच करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई : सीएस

**कोडरमा।** जिला में भ्रूण हत्या जांच की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग कोडरमा पूरी तरह से कटिबद्ध है। भ्रूण हत्या जांच की रोकथाम के लिए उपायुक्त मेघा भारद्वाज के निर्देशानुसार सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार के नेतृत्व में डिकॉय ऑपरेशन चलाकर इस कार्य में संलिप्त लोगों पर कार्रवाई की जाती रही है। इसी कड़ी में भ्रूण हत्या जांच मामले में जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की टीम को बड़ी सफलता मिली है। जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग को लगातार गुप्त सूचना मिल रही थी कि कोडरमा जिले से सटे पड़ोसी राज्य बिहार के नवादा जिला के रजौली, सिरदला समेत अन्य स्थानों पर कोडरमा जिला की गर्भवती महिलाओं की भ्रूण जांच की जाती है। गुप्त सूचना के आधार पर उपायुक्त मेघा भारद्वाज के निर्देशानुसार सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार के नेतृत्व में प्राप्त सूचना की जांच करायी गई। सूचना की पुष्टि होने के उपरांत उपायुक्त के निर्देशानुसार सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार के नेतृत्व में डिकॉय ऑपरेशन चलाया गया और भ्रूण जांच करते एक व्यक्ति को रंगे हाथ पकड़ा गया। डिकॉय ऑपरेशन के दौरान भ्रूण जांच कार्य में संलिप्त एजेंट से संपर्क साधा गया। एजेंट के द्वारा गर्भवती महिला को सिरदला के अल्ट्रासाउंड (शिवम अल्ट्रासाउंड) सेंटर ले गया। जिसमें एक व्यक्ति द्वारा उक्त गर्भवती महिला का भ्रूण जांच करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। वहीं अल्ट्रासाउंड के संचालक एवं एजेंट फरार होने में सफल रहे, साथ ही भ्रूण जांच कर रहे व्यक्ति को गिरफ्तार कर सिरदला थाना को आवश्यक कार्रवाई के लिए सौंप दिया गया। इस कार्य में रजौली/सिरदला जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन का काफी सहयोग मिला। वहां के अनुमंडल पदाधिकारी, अंचल अधिकारी और थाना प्रभारी एवं पुलिस बल के सहयोग से डिकॉय ऑपरेशन को अंजाम दिया गया। डिकॉय ऑपरेशन के टीम में सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार के अलावे जिला मलेरिया पदाधिकारी सह सहायक नोडल पीसी-पीएनडीटी डॉ मनोज, जिला डाटा प्रबंधक पवन कुमार समेत अन्य शामिल थे।

# मॉस्को में पुतिन से मिले अमेरिका के विशेष दूत

## यूक्रेन युद्ध को लेकर जल्द हो सकती है दोनों राष्ट्रपतियों की मुलाकात

एजेंसी

**मॉस्को।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ने शुक्रवार को रूस के शहर सेंट पीटर्सबर्ग पहुंचकर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की। रूसी राष्ट्रपति के कार्यालय क्रेमलिन ने बताया है कि मुलाकात में यूक्रेन की स्थिति पर विचार हुआ और वहां पर शांति स्थापित करने के तरीकों पर चर्चा हुई। इस दौरान ट्रंप और पुतिन की मुलाकात के कार्यक्रम पर भी चर्चा हुई। उधर, वाशिंगटन में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि यूक्रेन में युद्धविराम पर रूस तेजी से काम कर रहा है। पुतिन से मुलाकात से पहले विटकॉफ की पीटर्सबर्ग में पुतिन के निवेश मामलों के दूत किरिल दिमित्रिव के साथ वार्ता हुई। इसके बाद विटकॉफ ने पुतिन से मुलाकात की। विटकॉफ अमेरिका और रूस के संबंधों को पटरी पर लाने के सिलसिले में अहम व्यक्ति बनकर उभरे हैं। ट्रंप के विश्वासपात्र के



### यूक्रेन में युद्धविराम पर तेजी से काम कर रहा रूस : ट्रंप

रूप में वह रूस के साथ ही यूक्रेन के भी संपर्क में हैं। लेकिन उनकी रूस यात्रा से किसी बड़े परिणाम की उम्मीद नहीं की जा रही है। ट्रंप के दूत के रूप में विटकॉफ की पुतिन से यह तीसरी मुलाकात थी। यह मुलाकात सीरिया से रूस समर्थित असद सरकार के गिरने, रूस समर्थित ईरान के अमेरिका के साथ तनाव, अमेरिका-चीन के बीच जारी ट्रेड वार और यूक्रेन युद्ध के बीच हुई है। दोनों देशों ने अपने-अपने हित के लिए बातें कीं, लेकिन सार्वजनिक नहीं हुई हैं।

## अमेरिका में विदेशी नागरिकों को एक माह से ज्यादा रहने पर कराना होगा रजिस्ट्रेशन

**वाशिंगटन।** व्हाइट हाउस ने ऐलान किया कि देश में 30 दिनों से अधिक समय तक रहने वाले सभी विदेशी नागरिकों को संघीय सरकार के पास पंजीकरण कराना होगा। ऐसा नहीं करने पर उन्हें जुर्माना, जेल और निर्वासन का सामना करना पड़ेगा। इस घोषणा से अमेरिका भर में अप्रवासी समुदायों के बीच चिंता पैदा हो गई है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि अमेरिका में 30 दिनों से अधिक समय तक रहने वाले सभी विदेशी नागरिकों को संघीय सरकार के पास पंजीकरण कराना होगा। इसका पालन न करना एक अपराध है जिसके लिए जुर्माना, कारावास या दोनों का प्रावधान है। लेविट ने कहा कि यदि ऐसा नहीं किया गया तो आपको गिरफ्तार कर लिया जाएगा, जुर्माना लगाया जाएगा, निर्वासित कर दिया जाएगा और आप कभी भी हमारे देश में वापस नहीं आ सकेंगे। यह निर्देश, दूसरे विश्व युद्ध के दशकों पुराने एलियन पंजीकरण अधिनियम पर आधारित है। इसे ट्रंप की तरफ से नियुक्त अमेरिकी जिला जज ट्रेवर एन. मैकफैडेन के फैसले के बाद हरी झंडी दी गई, जिन्होंने वकालत समूहों की कानूनी चुनौती को खारिज कर दिया।

## सुखबीर बादल फिर बने शिअद के अध्यक्ष

**चंडीगढ़।** शिरोमणि अकाली दल (शिअद) ने एक बार फिर सुखबीर सिंह बादल को सर्वसम्मति से अपना अध्यक्ष चुना है। पार्टी की बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष बलविंदर सिंह भूंदड़ ने किसी अन्य उम्मीदवार का परिचय नहीं कराया, जिसके बाद सभी नेताओं ने सुखबीर सिंह बादल के नाम पर सहमति जताई। शिरोमणि अकाली दल की इस बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेता, विधायक और कार्यकर्ता शामिल हुए। नेताओं ने माना कि उनके अनुभव और नेतृत्व से पार्टी को पंजाब की सियासत में मजबूती मिलेगी। सुखबीर बादल ने अध्यक्ष चुने जाने पर कहा कि हमारा लक्ष्य पंजाब के हितों की रक्षा करना तथा अकाली दल को और मजबूत करना है।

# वक्फ कानून के खिलाफ बंगाल के मुर्शिदाबाद में हिंसा, तीन मरे

## पुलिस वैन सहित कई वाहनों को फूंका, 110 गिरफ्तार

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के कई जिलों में वक्फ कानून के खिलाफ हुआ उग्र प्रदर्शन। शुक्रवार को मुस्लिम बहुल मुर्शिदाबाद जिले में वक्फ संशोधन कानून के विरोध के दौरान हिंसा में तीन लोगों लोगों की मौत हो गई है।

जिले के शमशेरगंज में एक घर से पिता-पुत्र की रक्तरंजित लाश बरामद हुई है। उनके शरीर पर अनेक जगहों पर जख्म के निशान हैं। वहीं, सूती में यह किशोर की गोली लगने से मौत हो गई है। मुर्शिदाबाद में भड़की हिंसा के सिलसिले में 110 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। शुक्रवार को हिंसा के दौरान पुलिस वैन सहित कई वाहनों में आग लगा दी गई। सुरक्षा बलों पर पथराव किया गया और सड़कें ब्लॉक कर दी गईं। हिंसा की घटना में 15 से ज्यादा पुलिसकर्मी घायल हुए हैं तथा अनेक लोग जख्मी हुए हैं। नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने कहा है कि मुर्शिदाबाद में हालात बेकाबू हैं। स्थिति काफी गंभीर है और यह राज्य प्रशासन के नियंत्रण के बाहर है। हिंसा ग्रस्त इलाकों में केंद्रीय बल की तैनाती की मांग को लेकर अधिकारी ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। वहीं,



### केंद्रीय बल की तैनाती को लेकर सुवेंदु अधिकारी ने हाई कोर्ट में दायर की याचिका

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सभी लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। दूसरी ओर पुलिस ने लोगों को किसी प्रकार के उकसावे पर ध्यान नहीं देने को कहा है। मुर्शिदाबाद समेत राज्य के अन्य हिस्सों में फैली हिंसा के बीच सीएम ममता बनर्जी ने लोगों से शांति स्थापित करने की अपील की है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि हम वक्फ कानून के पक्ष में नहीं है। पश्चिम बंगाल में वक्फ कानून लागू नहीं होगा फिर दंगा किस बात का।

# सुंदरबनी सेक्टर में जेसीओ शहीद

एजेंसी

**श्रीनगर।** जम्मू के सुंदरबनी सेक्टर के केरी बट्टल इलाके में सेना ने शुक्रवार रात आतंकवादियों की घुसपैठ की कोशिश को सफलतापूर्वक नाकाम कर दिया। मुठभेड़ में एक जूनियर कमीशन अधिकारी (जेसीओ) शहीद हो गया सेना ने शनिवार को एक्स पर लिखा कि जीओसी व्हाइट नाइट कोर और सभी रैंक 9 पंजाब के बहादुर उप निरीक्षक कुलदीप चंद के सर्वोच्च बलिदान को सलाम करते हैं। उन्होंने 11 अप्रैल की रात को सुंदरबनी के केरी बट्टल क्षेत्र में नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ विरोधी अभियान का बहादुरी से नेतृत्व करते हुए अपने प्राणों की आहुति दे दी। वहीं, किश्तवाड़ जिले में एक ऑपरेशन के दौरान तीन

### किश्तवाड़ में मुठभेड़, 3 पाकिस्तानी आतंकी ढेर

पाकिस्तानी आतंकियों को मार गिराया गया है, जिनमें जैश-ए-मोहम्मद का एक शीर्ष कमांडर भी शामिल है। किश्तवाड़ जिले के बफीले इलाकों में चल रहे एक ऑपरेशन में शनिवार को तीन आतंकियों को ढेर किया गया। सेना ने बताया कि ये आतंकी पाकिस्तान आधारित जैश-ए-मोहम्मद संगठन से जुड़े थे और इनमें से एक कमांडर सैफुल्लाह पिछले एक साल से चिनाब घाटी में सक्रिय था। सेना के व्हाइट नाइट कॉर्प्स ने बताया कि तीन पाकिस्तानी आतंकियों को मार गिराया गया। मौके से एक एके-47 और एम4 राइफल समेत भारी मात्रा में हथियार बरामद किए गए हैं।



## ओम बिरला ने शहीद की बेटी के शादी समरोह में निभायी भात की रस्म

**कोटा।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला कोटा में एक शहीद की बेटी के विवाह समारोह का हिस्सा बने। वह सिर्फ इसमें शामिल ही नहीं हुए, बल्कि उन्होंने शहीद हेमराज मीणा और वीरांगना मधुबाला की बेटी रीना के विवाह समारोह में भात (मायरा) की रस्म भी निभाई। इस मौके पर परिवार और स्थानीय लोग भावुक हो उठे। विवाह समारोह में ओम बिरला ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ भात की रस्म पूरी की। उन्होंने रीना को चुनरी ओढ़ाई और परिवार को आशीर्वाद दिया।

## दंतेवाड़ा और बीजापुर सीमा पर मुठभेड़ में तीन नक्सली हुये ढेर

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा-बीजापुर सीमा क्षेत्र के इंद्रावती टाइगर रिजर्व के जंगल में शनिवार को सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में तीन नक्सली को ढेर हो गए हैं। मुठभेड़ स्थल से बड़ी मात्रा में हथियार एवं विस्फोटक पदार्थ बरामद हुआ है। एक इंसास रायफल भी मिली है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने बताया कि अभी तक तीन नक्सलियों के शव बरामद हुए हैं। मृत नक्सलियों की पहचान की जा रही है। यह कार्रवाई सीआरपीएफ की 202 कोबरा और 210 कोबरा इकाइयों, राज्य पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) और जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) की संयुक्त टीम द्वारा अंजाम दी गई। दंतेवाड़ा पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने बताया कि दंतेवाड़ा-बीजापुर के सरहदी इलाके इंद्रावती टाइगर रिजर्व के जंगल में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी, जिसके बाद सुरक्षाबलों और पुलिस के जवानों को ऑपरेशन के लिए रवाना किया गया। उन्होंने बताया कि दोनों दंतेवाड़ा-बीजापुर जिलों का यह संयुक्त ऑपरेशन है। मुठभेड़ में नक्सलियों को बहुत नुकसान हुआ है।

# सोनीपत में गर्लफ्रेंड को ट्रॉली बैग में छुपाकर हॉस्टल लाया स्टूडेंट

▸▸ सुरक्षा कर्मियों को शक हुआ तो बैग खोलकर देखा जिसमें से लड़की निकली

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के सोनीपत में एक स्टूडेंट अपनी गर्लफ्रेंड को ट्रॉली वाले ट्रैवल बैग में छिपाकर बॉयज हॉस्टल में ले आया। सुरक्षा कर्मियों को शक हुआ तो उन्होंने बैग खोलकर देखा जिसमें से लड़की निकली। मामला सोनीपत की नरेला रोड स्थित ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी का है। यूनिवर्सिटी में बने बॉयज हॉस्टल में किसी भी लड़की को आने-जाने की इजाजत नहीं है। स्टूडेंट अपनी गर्लफ्रेंड से मिलना चाहता था, लेकिन उसे मौका नहीं मिल रहा था। वह चोरी छिपे गर्लफ्रेंड को अपने साथ हॉस्टल में रखना चाहता था, इसलिए, उसने यह आइडिया अपनाया। विद्यार्थी बैग को गेट के अंदर तक ले आया था। गेट पर उसने कहा कि इसके भीतर सामान है। वह जब रास्ते में ट्रैवल बैग को खींचकर ले जा रहा था तो वह अचानक अटक गया और झटका लगने से अंदर छुपी युवती की चीख निकल गई। इससे वहां तैनात सिक्योरिटी गार्ड को शक हो गया। पहले तो स्टूडेंट कहता रहा कि इसके भीतर सामान है लेकिन शक के आधार पर बैग की तलाशी लेने से पूरा राज खुल गया। विवि के आला अधिकारियों की मौजूदगी में ट्रॉली बैग को खोला गया तो उसमें से लड़की निकली। जांच में पता चला है कि जो स्टूडेंट बैग लेकर आया, यह उसी की गर्लफ्रेंड थी। युवती भी इसी यूनिवर्सिटी में पढ़ती है। ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी की चीफ कम्युनिकेशन अफसर अंजू मोहन ने कहा कि यहां सिक्योरिटी बहुत ज्यादा स्ट्रॉन्ग है इसलिए इन्हें मौके पर ही पकड़ लिया गया। यूनिवर्सिटी में हर जगह मेटल डिटेक्टर लगे हुए हैं। इस बारे में विद्यार्थियों से जवाब तलब किया जा रहा है।



# पूरे भारत के लिए प्रेरणा स्रोत हैं छत्रपति शिवाजी महाराज : शाह

**मुंबई।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को रायगढ़ में कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज सिर्फ महाराष्ट्र तक ही सीमित नहीं, बल्कि पूरे भारत के लिए प्रेरणा के स्रोत हैं। खुद को आलमगीर कहने वाले औरंगजेब की हार महाराष्ट्र में हुई थी और उसकी कब्र भी यहीं है। वह शनिवार को रायगढ़ जिले में शिवाजी महाराज की 354वीं पुण्यतिथि स्मरणोत्सव समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्हें शिंदेशाही पगड़ी और कावड़ी की माला से सम्मानित किया गया। शाह ने कहा कि जीजाबाई ने न केवल शिवाजी को जन्म दिया, बल्कि बालक शिवाजी को स्वराज्य का विचार भी दिया। उन्होंने हिंदवी स्वराज्य के संस्थापक को बनाने का महान कार्य किया।



# प्रधानमंत्री मोदी 24 को बिहार को देंगे कई सौगात

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि बिहार के विकास के लिए केंद्र सरकार लगातार राज्य सरकार के साथ कंधा से कंधा मिलाकर विकास कार्यों को अमली जामा पहना रही है। केंद्र की मोदी सरकार ने बिहार को कई सौगात दी हैं। प्रधानमंत्री मोदी 24 अप्रैल को एक बार फिर बिहार आ रहे हैं, जो कि बिहार को कई सौगात देंगे। वह शनिवार को सचिवालय सभागार में राजग घटक दलों के प्रदेश अध्यक्षों के साथ बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 24 अप्रैल को पंचायती राज दिवस है और उस दिन एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बिहार की जनता को अनेकों सौगात देने आ रहे हैं। पंचायती राज के चुने हुए प्रतिनिधियों का सम्मेलन तो होगा ही, साथ ही पूरा देश उससे जुड़ेगा। कई योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास होगा। ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं का लाभ भी बिहार की जनता को को मिलेगा। पिछले साल गरीबों को 7 लाख 90 हजार मकान पीएम आवास योजना के अंतर्गत लोगों को दिए गए थे। 5 लाख 20 हजार मकान जो बचे हुए थे वह भी दिए



▸▸ पंचायती राज दिवस पर मधुबनी में कई योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे प्रधानमंत्री : चौहान

▸▸ गरीबों के लिए 5.20 लाख नए मकानों की घोषणा करेंगे

जाएंगे। शिवराज सिंह ने कहा कि पीएम मोदी के हाथों 5 लाख 20 हजार नए मकानों का लाभ दिया जाएगा। जिस पर 8,000 करोड़ की लागत से मकान का निर्माण किया जाएगा। मधुबनी में लाखों की संख्या में लोग आएंगे, ऐतिहासिक कार्यक्रम होगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राज्य में ग्रामीण विकास योजना का बहुत ही बेहतर क्रियान्वयन हो रहा है। मैं बिहार सरकार को बधाई देता हूं, बिहार में 3 लाख से अधिक लखपति दीदी बन चुकी हैं। इसी वर्ष 20 लाख बनाने का लक्ष्य रखा गया है। उल्लेखनीय है कि राज्य के राजनीतिक परिदृश्य और मधुबनी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम की तैयारियों पर चर्चा के लिए प्रदेश के सभी पांच घटक दलों (भाजपा-जदयू, लोजपा-आर, हम, रलोजपा) की बैठक आज बुलाई गई थी। बैठक में केंद्रीय पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह, जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल, दोनों डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा समेत घटक दलों के नेता मौजूद रहे। जदयू के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी 24 अप्रैल को मधुबनी में एक जनसभा को संबोधित करेंगे, इसलिए बैठक बुलाई गई थी।







## स्पीड न्यूज

### दंतेवाड़ा में 8 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

दंतेवाड़ा। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में दो इनामी नक्सलियों सहित कुल आठ नक्सलियों ने शनिवार को पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। सभी नक्सलियों ने दंतेवाड़ा एसपी गौरव रॉय के समक्ष आत्मसमर्पण किया। पुलिस के अनुसार आत्मसमर्पण करने वाले दो नक्सलियों पर 50-50 हजार रुपये का इनाम घोषित था। आत्मसमर्पण करने वाले ये सभी माओवादी अलग-अलग क्षेत्रों में नक्सली गतिविधियों में सक्रिय थे और कई मामलों में पुलिस को इनकी लंबे समय से तलाश थी।

### मुंबई पुलिस से जुड़े आयुष्मान खुराना



**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार आयुष्मान खुराना अब मुंबई पुलिस की नई सायबर सुरक्षा पहल का चेहरा बन गए हैं। यह अभियान लोगों को खासकर संवेदनशील और आसानी से निशाना बनने वाले समूहों को साइबर अपराधियों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले धोखाधड़ी के तरीकों से सावधान करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। अभियान के तहत जारी एक प्रमोशनल वीडियो में अभिनेता आयुष्मान ऑनलाइन सतर्कता बरतने और डिजिटल फ्रॉड से बचने के कुछ आसान लेकिन जरूरी टिप्स साझा करते हैं।

### प्रसिद्ध पर्यावरणविद् रामैया का निधन

**खम्मम (तेलंगाना)।** पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित और प्रसिद्ध पर्यावरणविद् वनजीवी रामैया का शनिवार की सुबह दिल का दौरा पड़ने से इस जिले के अपने पैतृक गांव रेड्डीपल्ली में निधन हो गया। वे 85 वर्ष के थे और उनके परिवार में पत्नी जनम्मा और चार बच्चे हैं। प्रकृति के प्रति अपने गहरे प्रेम के लिए जाने जाने वाले रामैया ने अपना उपनाम बदलकर वनजीवी रख लिया था, जिसका अर्थ है वनवासी, जो पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनकी आजीवन प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अपने जीवनकाल में, उन्हें एक करोड़ से अधिक पौधे लगाने और उनका पालन-पोषण करने का श्रेय दिया जाता है।

### भाजपा नेता के घर पर हमले का आरोपी धराया

चंडीगढ़। भाजपा नेता मनोजरंजन कालिया के जालंधर स्थित आवास पर ग्रेनेड से हमला करने के मुख्य आरोपी को पंजाब पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है। राज्य डीजीपी गौरव यादव ने शनिवार को बताया कि ग्रेनेड हमले में शामिल आरोपी उत्तर प्रदेश के सैदुल अमीन को गिरफ्तार कर लिया गया है। सात अप्रैल की रात सेंट्रल टाउन जालंधर स्थित वरिष्ठ भाजपा नेता मनोरंजन कालिया के आवास पर विस्फोट हुआ था।

### अयोध्या में पति ने की पत्नी व बेटे की हत्या

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या में शनिवार को एक पति ने धारदार हथियार से पत्नी का गला काटकर उसकी हत्या कर दी। तीन साल के बेटे का गला दबाकर उसे भी मार डाला। वारदात के बाद से आरोपी फरार है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राज करण नैय्यर ने बताया कि नगर कोतवाली में हत्या की सूचना मिली थी। प्रथम दृष्टया देखने और उसके बड़े बेटे के बयान के अनुसार लगता है कि रात में माता-पिता का आपस में झगड़ा हुआ था। उसने अपनी पत्नी को बांके से वार करके मार दिया। पति भाग गया है। जल्द ही उसकी गिरफ्तारी की जाएगी।